
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, बुधवार,20 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -165 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





मध्य प्रदेश में भाजपा का एजेंडा पूरा करने में लगे ... 02
■ भाजपा को महिलाओं की भलाई में कोई दिलचस्पी...
■ पांडव नगर में तेज रफ्तार कार ने पुलिसकर्मी... 03
■ अगले हफ्ते कोरिया, चीन, जापान की होगी उच्च स्तरीय वार्ता
■ निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा ने भारत पर लगाया ... 07
आशिका भाटिया ने बॉलीवुड प्लान का किया... 10

# लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश

## कानून बनने के बाद महिला सांसदों की संख्या 181 होगी

इसका उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी को विस्तार देना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा : **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

राजीव जी ने पहली बार यह विचार पेश किया। 2010 में, सोनिया के नेतृत्व वाले यूपीए शासन के दौरान, डॉ. मनमोहन सरकार ने राज्यसभा में इसे पारित किया : **केसी वेणुगोपल, कांग्रेस नेता**

महिला आरक्षण लैंगिक न्याय व सामाजिक न्याय का संतुलन होना चाहिए। इसमें पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी महिलाओं का आरक्षण स्पष्ट होना चाहिए : **अखिलेश यादव, सपा प्रमुख**

एनडीए की सरकार को 10 साल होने वाले हैं। अगर उन्होंने यह पहले ही किया होता तो 2024 के चुनाव में महिलाओं को बड़ी तादाद में भाग लेने का मौका मिलता : **महबूबा मुफ्ती, पीडीपी प्रमुख**

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा में मंगलवार को 128वां संविधान संशोधन बिल यानी नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश किया गया। इसके मुताबिक, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लागू किया जाएगा। इस फॉर्मूले के मुताबिक, लोकसभा की 543 सीटों में 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। नए विधेयक में सबसे बड़ा पेंच ये है कि यह परिसीमन के बाद ही लागू होगा। ये परिसीमन इस विधेयक के बाद होने वाली जनगणना के आधार पर ही होगा। 2024 में होने वाले आम चुनावों से पहले जनगणना और परिसीमन करीब-करीब असंभव है। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव समय पर हुए तो इस बार महिला आरक्षण लागू नहीं होगा। यह 2029 के लोकसभा चुनाव या इससे पहले के कुछ विधानसभा चुनावों से लागू हो सकता है।



■ 2024 चुनाव में नहीं हो पाएगा लागू
■ 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा
■ नारी शक्ति वंदन विधेयक दिया नाम

### अभी लोकसभा में हैं 82 महिला सांसद

कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि हम ऐतिहासिक बिल लाने जा रहे हैं। अभी लोकसभा में 82 महिला सांसद हैं, इस बिल के पास होने के बाद 181 महिला सांसद हो जाएंगी। यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जन प्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा। लोकसभा की कार्यवाही 20 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

### अमित शाह व अधीर रंजन में हुई बहस

नया बिल पेश करने पर सवाल उठाते हुए हुए लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने राजीव गांधी, नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने कई बार कोशिश किया। लेकिन, यह कभी लोकसभा से पास हुआ तो राज्यसभा से नहीं हुआ और कभी राज्यसभा से पास हुआ तो लोकसभा से नहीं हो पाया। उन्होंने कहा मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में राज्य सभा से पास महिला आरक्षण बिल आज तक जीवित है तो फिर यह नया बिल क्यों लाया गया? शाह ने चौधरी के दावे को गलत बताया।

## महिला आरक्षण विधेयक एक चुनावी 'जुमला': कांग्रेस

### महिलाओं की उम्मीदों के साथ बड़ा धोखा

महिला आरक्षण विधेयक को मोदी सरकार भले ही इसे अपना मास्टर स्टोक मान रही हो,लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसे जुमला करार देते हुए देश की करोड़ों महिलाओं के साथ विश्वासघात करार दिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने अपनी सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि चुनावी जुमलों के इस मौसम में यह सबसे बड़ा जुमला है। यह विधेयक देश की करोड़ों महिलाओं और लड़कियों की उम्मीदों के साथ बडा विश्वासघात है। उन्होंने लिखा कि वे पहले भी बता चुके हैं कि मोदी सरकार ने अभी तक 2021 में होने वाली जनगणना नहीं कराई है। जयराम में दावा किया कि भारत जी-20 का एकमात्र देश है,जो जनगणना कराने में विफल रहा है।



## पुराने संसद भवन को 'संविधान सदन' नाम मिला

### लोकसभा सचिवालय ने अधिसूचना की जारी

**नई दिल्ली।** संसद की कार्यवाही मंगलवार से नए संसद भवन में शुरू हो गई है और अब पुराने संसद भवन को 'संविधान सदन' का नया नाम दे दिया गया है। लोकसभा सचिवालय ने पुराने संसद भवन को 'संविधान सदन' का नया नाम देने को लेकर अधिसूचना जारी करते हुए कहा, लोकसभा अध्यक्ष, भूखंड संख्या 116, नई दिल्ली में स्थित भवन, जिसे पहले संसद भवन कहा जाता था और जिसके उत्तर-पश्चिम में लोकसभा मार्ग और दक्षिण-पश्चिम में राज्यसभा मार्ग है, को आज से 'संविधान सदन' के रूप अधिसूचित करते हैं। मंगलवार को दिन में सेंट्रल हॉल में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह नाम रखने का सुझाया था।

### संविधान की प्रति लेकर नए भवन पहुंचे कांग्रेस सांसद



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद मंगलवार को संविधान की एक प्रति के साथ पुराने भवन से नए संसद भवन की ओर चले। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी, पार्टी सांसद गौरव गोगोई, दीपेंद्र हुड्डा, केसी वेणुगोपाल, राजीव शुक्ला, शक्तिसिंह गोहिल, अखिलेश प्रसाद सिंह, ए. रेवंत रेड्डी, डीएमके नेता कनिमोझी और अन्य लोग पुराने संसद भवन से निकलते समय संविधान की प्रति लेकर चले। इसके बाद वे संविधान की प्रति के साथ नए संसद भवन में दाखिल हुए।

## मणिपुर में बंद से सामान्य जनजीवन प्रभावित

■ पांच जिलों में 48 घंटे के बंद का किया था आह्वान
■ 'ग्राम सुरक्षा स्वयंसेवकों' की बिना शर्त रिहाई की मांग



**इंफाल,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर के घाटी इलाकों में विभिन्न नागरिक समाज संगठनों ने पांच 'ग्राम सुरक्षा स्वयंसेवकों' की बिना शर्त रिहाई की मांग को लेकर राज्य भर में 48 घंटे के बंद का आह्वान किया था, जिसके चलते इलाकों में मंगलवार को सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मणिपुर पुलिस ने शनिवार को वर्दी में अत्याधुनिक हथियारों के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। इस गिरफ्तारी का विरोध करते हुए रविवार को बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं विरोध प्रदर्शन करने निकले और गिरफ्तार लोगों की रिहाई की मांग करते हुए इंफाल पूर्वी जिले के पोरोम्पैट पुलिस स्टेशन पर धावा बोलने की कोशिश की। संयुक्त सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागकर थाने पर हुए हमले को विफल कर दिया। हाथापाई में रैपिड एक्शन फोर्स के जवान सहित कई पुरुषों और महिलाओं को मामूली चोटें आईं। घाटी के पांच जिलों में बंद के मद्देनजर सुरक्षा बलों सहित सभी प्रकार के वाहन सड़कों से नदारद रहे।

### जस्टिन ट्रूडो के आरोपों से भारत नाराज

## कनाडाई राजनयिक को सरकार ने किया निष्कासित

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका का सीधा आरोप लगाए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया और उनके एक वरिष्ठ राजनयिक को पांच दिन के भीतर देश छोड़ने का फरमान सुनाया।

भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान को बेतुका और घरेलू राजनीति से प्रेरित करार देते हुए खारिज कर दिया है और आरोप लगाया है कि कनाडाई राजनयिक देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं और भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। भारत एवं कनाडा के बीच इस घटनाक्रम से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गई है। विदेश मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा, भारत में कनाडा के उच्चायुक्त को आज तलब किया गया और भारत स्थित एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के भारत सरकार के फैसले के बारे में सूचित किया गया। संबंधित राजनयिक को अगले पांच दिनों के भीतर भारत छोड़ने को कहा गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय हमारे आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप और भारत विरोधी गतिविधियों में उनकी भागीदारी पर भारत सरकार की बढ़ती चिंता को दर्शाता है। जिस राजनयिक का निष्कासित किया गया है, वह ओलिवर सिल्वेस्टर हैं।

■ निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका का लगाया था आरोप
■ भारत ने बयान को घरेलू राजनीति से प्रेरित बताया




### दिल्ली में कनाडाई उच्चायोग के आसपास सुरक्षा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि एहतियात के तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में कनाडा उच्चायोग के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारी ने कहा, एहतियात के तौर पर दिल्ली पुलिस के जवानों को अर्धसैनिक बलों के साथ चाणक्यपुरी में कनाडा के उच्चायोग के बाहर तैनात किया गया है। यह कदम दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों में बढ़ते तनाव के बाद उठाया गया है।

## एल1 प्वॉइंट की ओर निकला भारत का आदित्य

### सूर्य का निरीक्षण करने के मार्ग पर हुआ रवाना



**चेन्नई,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने मंगलवार तड़के आदित्य-एल1 सौर वेधशाला को ट्रांस-लैग्रेंजियन प्वॉइंट 1 पर सफलतापूर्वक स्थापित करके सूर्य की ओर रवाना किया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, देश की अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 को मंगलवार सुबह 2 बजे ट्रांस-लैग्रैन्जियन प्वॉइंट 1 पर स्थापित किया गया। अंतरिक्ष यान अब एक प्रक्षेप पथ पर है, जो इसे सूर्य-पृथ्वी एल1 बिंदु पर ले जाएगा। इसे लगभग 110 दिनों के बाद एक प्रक्रिया के माध्यम से एल1 के आसपास की कक्षा में स्थापित किया जाएगा। यह लगातार पांचवीं बार है, जब इसरो ने किसी वस्तु को अंतरिक्ष में किसी अन्य खगोलीय पिंड या स्थान की ओर सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया है। इसरो ने अपने अंतरिक्ष यान को तीन बार चंद्रमा की ओर और एक बार मंगल की ओर स्थानांतरित किया है और मंगलवार का सूर्य की ओर स्थानांतरण पांचवीं बार है।

### लगभग चार महीने का समय लगेगा

आदित्य-एल1 को 2 सितंबर को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान-एक्सएल (पीएसएलवी-एक्सएल) संस्करण नामक एक भारतीय रॉकेट द्वारा निम्न पृथ्वी कक्षा (एलईओ) में कक्षा में स्थापित किया गया था। तब से इसरो द्वारा अंतरिक्ष यान की कक्षा को चार बार बढ़ाया गया है। जैसे ही अंतरिक्ष यान लैग्रेंज पॉइंट की ओर यात्रा करेगा, यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र (एसओआई) से बाहर निकल जाएगा।

### बंगाल की खाड़ी में कम दबाव के क्षेत्र बना

## पूर्वी भारत में भारी बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल-ओडिशा तटों के पास उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने की सूचना दी है।

इस मौसम प्रणाली के अगले दो दिनों में उत्तरी ओडिशा और दक्षिणी झारखंड में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम वार्डों पर नजर रखने की उम्मीद है, जिससे अगले तीन दिनों तक पूर्वी भारत में भारी वर्षा होने की संभावना है। अपने बुलेटिन में आईएमडी ने कहा कि पश्चिम भारत में गरज और बिजली के साथ हल्की से व्यापक वर्षा होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, गुजरात राज्य, उत्तरी कोंकण और मध्य महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों में भारी वर्षा की अलग-अलग घटनाएं होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा, 'सौराष्ट्र और कच्छ में एक ही दिन में अलग-अलग जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश होना विशेष चिंता का विषय है।'



■ छत्तीसगढ़, पूर्वी मप्र में कई जगहों पर होगी बारिश

## कश्मीर के कोकेरनाग में 7 दिन से मुठभेड़ जारी

**जम्मू,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। कश्मीर के अनंतनाग में मुठभेड़ के सातवें दिन लश्कर-ए-तैयबा आतंकी उजैर खान मारा गया। कश्मीर पुलिस ने मंगलवार 19 सितंबर को इसकी पुष्टि की। सुरक्षाबलों ने उजैर खान का शव बरामद किया है। एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि उजैर के अलावा एक और बॉडी देखी गई है। तीसरे आतंकी का भी शव मिलने की संभावना है। एनकाउंटर साइट पर सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। अनंतनाग में 13 सितंबर को आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसमें कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और डीएसपी हुमायूं भट और दो जवान शहीद हो गए।

लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी उजैर ढेर

**तैयारी** — *कांग्रेस ने शिवराज सरकार के खिलाफ भरी हुंकार*

## मध्य प्रदेश में जन आक्रोश यात्रा हुई शुरू

**भोपाल, 19 सितम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश में गणेश चतुर्थी के दिन से कांग्रेस की प्रदेशभर में जन आक्रोश यात्रा प्रारंभ हो गई है। इस यात्रा को सात मार्गों में विभाजित किया गया है। यात्रा की जिम्मेदारी सात प्रमुख नेताओं को सौंपी गई है। राज्य में कांग्रेस की सातों यात्राएं देवालयों में पूजा-अर्चना के साथ शुरु हुई। इन सातों यात्राओं का नेतृत्व मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव,**

कमलेश्वर पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया और पूर्व मंत्री जीतू पटवारी कर रहे हैं। यात्रा श्योपुर, जबेरा, चितरंगी, सिमरिया, हरदा, खरगोन, मंदसौर से प्रारंभ हुई। नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने श्योपुर के गणेश मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना की एवं जन आक्रोश यात्रा का शुभारंभ किया। हरदा में जन आक्रोश यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व सुरेश पचौरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन ने गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में पूजन-अर्चन किया किया। मप्र विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय कपूर ने रीवा के किला प्रांगण में भगवान महामृत्युंजय का अभिषेक किया एवं भगवान गणेश का पूजन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, सीपी. मित्तल ने दमोह में भगवान श्री जागेश्वरनाथ धाम में पूजन-अर्चन कर जन आक्रोश यात्रा का शुभारंभ किया। पूर्व मंत्री एवं विधायक जीतू पटवारी ने मंदसौर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर जन आक्रोश यात्रा का शुभारंभ किया। पूर्व मंत्री एवं विधायक कमलेश्वर पटेल ने चितरंगी स्थित हनुमान जी के मंदिर में पूर्जा-अर्चना कर यात्रा का शुभारंभ किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि समूचे मध्य प्रदेश में चारों ओर भयंकर अराजकता, अपराध, भय, भ्रष्टाचार और लूट की खुली छूट है। आदिवासी, किसान, दलित, बेटियां, बच्चे, पिछ?, नौजवान सबकी जबान पर बस एक ही बात है, 'शिवराज हटाओ, प्रदेश बचाओ'। केके. मिश्रा ने कहा कि प्रदेश भर में कांग्रेस की यात्रा को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है।



■ यात्रा की जिम्मेदारी सात प्रमुख नेताओं को सौंपी गई

## सार संक्षेप

### नायडू की गिरफ्तारी के खिलाफ टीडीपी नेताओं का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के नेताओं ने पार्टी महासचिव नारा लोकेश के नेतृत्व में मंगलवार को पार्टी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के खिलाफ राजघाट पर मौन विरोध प्रदर्शन किया। टीडीपी सांसद और पूर्व सांसद महात्मा गांधी की समाधि पर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। काले बिल्ले पहनकर नेताओं ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोमवार को पार्टी सांसदों ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरना दिया।

### मोहम्मद शमी को घरेलू हिंसा मामले में मिली जमानत



**कोलकाता।** वनडे वर्ल्ड कप से पहले भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को बड़ी राहत मिली है। कोलकाता की एक निचली अदालत में उनकी पत्नी हसीन जहां द्वारा लगाए गए घरेलू हिंसा के मामले में उन्हें जमानत दे दी है। शमी के बड़े भाई मोहम्मद हसीब को भी मंगलवार को इसी अदालत ने जमानत दी। मंगलवार को दोनों भाई निचली अदालत में पेश हुए जहां उनके वकील ने जमानत याचिका दायर की, जिसे मंजूर कर लिया गया।

### युवा कांग्रेस का चंद्रशेखर राव के खिलाफ पोस्टर युद्ध



**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के खिलाफ पोस्टर युद्ध शुरू करते हुए उन्हें देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने मंगलवार को कहा मुख्यमंत्री केसीआर हर चीज में 30 प्रतिशत कमीशन ले रहे हैं, यही कारण है कि हमने 'बुक माय सीएम' पोस्टर लॉन्च किया है।

### 'सोशल मीडिया इस्तेमाल की उम्र तय करे सरकार'



**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने 19 सितंबर को कहा कि सरकार सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए उम्र तय करे। कोर्ट ने कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना अच्छी बात है, लेकिन आजकल स्कूल जाने वाले बच्चे इसके आदी हो गए हैं। ऐसे में सोशल मीडिया इस्तेमाल करने की उम्र तय होना वरदान साबित होगा।

### पंजाब के मुक्तसर में नहर में गिरी बस, 8 की मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुक्तसर में मंगलवार को एक पुल पार करते समय एक निजी बस अनियंत्रित होकर मुक्तसर-कोटकपुरा राजमार्ग पर सरहिंद फीडर नहर में गिर गई, जिससे 8 यात्रियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। कथित तौर पर दो लोग लापता हैं।

# देश

उवाच “ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा घोषित की गई अधिकांश योजनाएं पिछली महा विकास अघाड़ी व कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल के दौरान चल रही है। उन योजनाओं का केवल नाम बदला गया है।

–अंबादास दानवे, महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 28.0 |
| मुंबई | 30.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# महिला आरक्षण बिल भाजपा का जुमला : कांग्रेस

## नए संसद भवन के पहले दिन मोदी पर लगाया देश की महिलाओं को गुमराह करने का आरोप

**नई दिल्ली/मुंबई,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वाडेट्टीवार ने महिला आरक्षण बिल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे जुमला करार दिया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा का एक जुमला (झूठा वादा) है, जो 2024 के लोकसभा चुनाव के समय लागू नहीं होगा। वाडेट्टीवार ने महिला आरक्षण बिल को सोशल मीडिया पर भाजपा की तरफ से किया गया एक झूठा वादा बताया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन में एक और जुमला किया है। महिला आरक्षण बिल दशकीय जनगणना पूरी होने के बाद ही लागू होगा। यह जनगणना 2021 में होना था, जो कि अभी तक नहीं हो पाया है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि महिला आरक्षण बिल का प्रस्ताव विधानसभा में सबसे पहले कांग्रेस लेकर आई थी। नए संसद भवन के पहले ही दिन पीएम मोदी ने देश की महिलाओं को गुमराह किया है। वहीं दूसरी तरफ महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीज ने महिला आरक्षण बिल का स्वागत किया है। उन्होंने मीडिया से



नए संसद भवन में मोदी ने एक और जुमला किया है महिला आरक्षण बिल दशकीय जनगणना पूरी होने के बाद ही लागू होगा : विजय वाडेट्टीवार

बात करते हुए कहा, मुझे यकीन है कि बिल दोनों सदनों से पारित हो जाएगा और हमें विधानसभा और लोकसभा में कई और महिला प्रतिनिधियों को शामिल करने का मौका मिलेगा। महिला आरक्षण बिल को नारी शक्ति वंदन विधेयक का नाम दिया गया है। संविधान के अनुच्छेद 239ए में संशोधन करके महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाएंगी। अनुच्छेद 330ए के तहत सदन में एससी/एसटी महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की जाएंगी। कानून मंत्री ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इस विधेयक के पारित होने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या बढ़कर 181 हो जाएगी। नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर महिलाओं में खुशी का माहौल। कई हस्तियों ने भी इस विधेयक की तारीफ की।

### बिल सुनिश्चित करता है कि परिसीमन अभ्यास तक महिलाएं चुनाव से वंचित रहें : वृंदा करात

सीपीएम नेता वृंदा करात ने कहा कि यह बिल सुनिश्चित करता है कि अगले परिसीमन अभ्यास तक महिलाएं चुनाव से वंचित रहें। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो 2024 के चुनावों और 18वीं लोकसभा के गठन तक संसद में 1/3 महिलाएं नहीं होंगी, कई विधानसभा चुनावों में 1/3 महिलाएं नहीं होंगी... क्या महिलाओं को मोदी सरकार द्वारा लाए गए इस बिल के लिए आभारी होना चाहिए? मैं कहूंगी कि बिल्कुल भी नहीं। सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि सरकार को 9 साल पूरे हो गए हैं। अगर इन्हें महिला आरक्षण बिल लाना था तो ये पहले ला सकते थे। ये इसे आखिरी साल में ला रहे हैं, जब चुनाव हैं। सपा ने हमेशा इसका समर्थन किया है और हम सभी चाहते हैं कि ओबीसी महिलाओं का भी इसमें आरक्षण निर्धारित हो क्योंकि जो आखिरी पंक्ति में खड़ी महिलाएं हैं उन्हें उनका हक मिलना चाहिए। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण के खिलाफ नहीं है।

### महिलाओं को अब और कितने दिनों तक इंतजार करना होगा : वेणुगोपाल



महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह बिल आया अच्छी बात है, लेकिन इसमें कुछ और करने की जरूरत थी, महिलाओं के आरक्षण के तहत एससी, एसटी का आरक्षण तो ठीक है लेकिन अन्य ओबीसी समुदाय भी आरक्षण का इंतजार कर रहा है। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे ओबीसी के लिए क्या करने जा रहे हैं। वे कह रहे हैं कि परिसीमन के बाद ही इसे लागू किया जाएगा तो महिलाओं को अब और कितने दिनों तक इंतजार करना होगा। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मैं उम्मीद करती हूं कि यह तुरंत लागू होगा लेकिन बिल में यह लिखा है कि यह परिसीमन के बाद ही लागू होगा। इसका यह मतलब हुआ कि यह आरक्षण 2029 तक लागू नहीं हो सकता। आपने दरवाजे तो खोल दिए हैं, लेकिन दरवाजों पर महिलाओं के लिए अभी भी नो एंट्री है।

## बिहार में महिलाओं को मिले आरक्षण से प्रेरित है केंद्र का महिला आरक्षण विधेयक : जदयू



**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने केंद्र के महिला आरक्षण विधेयक को बिहार में महिलाओं को मिले आरक्षण से प्रेरित बताया और कहा कि इससे केंद्र सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बिहार जो आज करता है, कल पूरा देश उसे अपनाता है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने केंद्र सरकार के महिला आरक्षण विधेयक को बिहार में महिलाओं को मिले आरक्षण से प्रेरित बताते हुए मंगलवार को कहा कि महिला आरक्षण बिल लाकर केंद्र सरकार ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि बिहार जो आज करता है, कल पूरा देश उसे अपनाता है। भले ही अपने राजनीतिक स्वार्थों के कारण केंद्र के नेता बिहार के खिलाफ दुष्प्रचार करते रहे लेकिन अंदर से उन्हें भी पता है कि महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए बिहार सरकार द्वारा किए गए कार्य पूरे देश के सामने एक नजीर हैं। रंजन ने कहा कि यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार ही थी जिसने वर्ष 2005 में सत्ता संभालने के तुरंत बाद महिलाओं की नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताते हुए वर्ष 2006 में ही उन्हें पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार दे दिया था। बिहार उस समय ऐसा कदम उठाने वाला देश का पहला राज्य था। तब से लेकर आज तक बिहार सरकार ने महिलाओं की शिक्षा से लेकर रोजगार तक के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं जिन्होंने उनका जीवन बदल दिया है। यही वजह है कि आज बिहार की महिलाएं हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। जदयू राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि नीतीश कुमार के कारण ही बिहार देश का पहला राज्य बना, जहां महिलाओं को सरकारी नौकरी में सशक्त हिस्सेदारी दिलाने के लिए 35 फीसदी का आरक्षण दिया गया।

## संसद से

### स्थगन से हुई नए संसद भवन में राज्यसभा की शुरुआत

नए संसद भवन में राज्यसभा की कार्यवाही की शुरुआत स्थगन के साथ ही हुई और सदन के समवेत होते ही उसकी कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी गयी। नए संसद भवन में राज्यसभा की कार्यवाही का पहला दिन था और कार्यवाही की शुरुआत सवा दो बजे से होनी थी। सभापति ने सही सवा दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए कहा कि वह सदन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ महत्वपूर्ण विचार विमर्श के लिए कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर रहे हैं।

### राजनाथ को समझाते दिखे शाह

नई संसद में पहले दिन की कार्यवाही के रूप में मोदी सरकार ने बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण बिल को पेश कर दिया। लेकिन, जब केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़ा 128वां संविधान संशोधन नारी शक्ति वंदन विधेयक-2023 पेश कर रहे थे, उसी समय कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी, गौरव गोगोई और असदुद्दीन ओवैसी सहित कई विपक्षी सांसदों ने बिल के बिजनेस में शामिल नहीं होने और बिल की कॉपी नहीं मिलने का मुद्दा उठाकर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि नई तकनीक का जमाना है, नई संसद है, इसे टैब पर अपलोड कर दिया गया है, सांसद अपनी सीट पर टैब में देख सकते हैं। स्मृति ईरानी सहित कई केंद्रीय मंत्री भी विपक्षी सांसदों को यह बताते नजर आए कि टैब में बिल दिख रहा है। कई सांसदों और मंत्रियों ने तो अपने सामने लगे टैब को खोल कर खुद ही उसे ढूंढ लिया तो सदन में मौजूद कई कर्मचारी भी सांसदों की मदद करते नजर आए।

### देश के उत्थान में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी होगी : वीके सिंह

महिला आरक्षण बिल पर केंद्रीय मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह ने कहा कि अब जरूरत थी कि नई संसद के साथ एक नई शुरुआत हो और जो चीज अटकी हुई है उसको आगे लाया जाए। बहुत अच्छी बात है कि महिला आरक्षण बिल की शुरुआत की गई है। इससे महिलाओं को अधिकार मिलेगा, महिलाओं का सशक्तिकरण होगा और देश के उत्थान में उनकी भागीदारी होगी।

### सभी महिलाओं को बधाई : चिराग

महिला आरक्षण बिल पर लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि सबसे पहले मैं देश की सभी महिलाओं को बधाई देता हूं। हम लंबे समय से इसकी उम्मीद लगाकर रखे हुए थे कि महिलाओं का अधिकार कब इस संसद में पारित होगा। इसमें लंबा समय लगा लेकिन हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास था। मुझे खुशी है कि आज सशक्त रूप में नारी शक्ति वंदना के रूप में इस बिल को प्रस्तुत किया गया है।

### हमारी महिला शक्ति हमारे राष्ट्र की नेतृत्व शक्ति बने : स्मृति ईरानी

महिला आरक्षण बिल पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि वर्षों से महिलाओं के इस राजनीतिक संघर्ष को अपना संकल्प बनाकर मोदी सिद्धि तक ले जाने वाले हैं। वो हमारी महिला शक्ति हमारे राष्ट्र की नेतृत्व शक्ति बने उसको परिभाषित करेगा। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि हमारी सरकार महिला नेतृत्व विकास की बात करती है। महिलाएं आगे बढ़कर कैसे नेतृत्व कर देश के विकास में कैसे भागीदार बनें यह भी जरूरी है। महिलाएं निर्वाचित प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे और देश हित में जो फैसले होते हैं उन चर्चाओं में योगदान दें और अपना अनुभव साझा करें।

## सार संक्षेप

### अनंतनाग में अनुसंधान केंद्र को भूमि हस्तांतरण की मंजूरी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की प्रशासनिक परिषद ने मंगलवार को शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) कश्मीर को अनंतनाग जिले में अनुसंधान केंद्र और अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरित करने की मंजूरी प्रदान की। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में यहां परिषद की बैठक में अनुसंधान केंद्र और अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना के लिए एसकेयूएएसटी कश्मीर के पक्ष में सल्लार अनंतनाग में 500 कनाल 11 मरला भूमि हस्तांतरित करने की मंजूरी प्रदान की।

### अजित पवार ने गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने मंगलवार को सुखकर्ता विघ्नहर्ता भगवान गणेश के चरणों में श्रद्धा अर्पित की तथा गणेश चतुर्थी और 10 दिवसीय गणेशोत्सव के मौके पर राज्य की जनता को शुभकामनाएं दी। पवार ने कहा कि भगवान गणेश के आगमन से घर में धन की प्रचुरता होगी और समाज में खुशी, उत्साह, भक्ति और जीवन शक्ति का माहौल बनेगा। उन्होंने भक्तिमय माहौल में मनाए जाने वाले गणेशोत्सव को प्रकृति का ध्यान रखते हुए पर्यावरण-अनुकूल तरीके से मनाए जाने की अपील की। उन्होंने कहा भगवान गणेश चतुर्थी सार्वजनिक गणेशोत्सव को सामाजिक एकता, जागरूकता और देशभक्ति की गौरवशाली परंपरा मिली है।

### उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पटना।** सनातन धर्म पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बिहार में पटना की एक अदालत में तमिलनाडु के युवा कल्याण एवं विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ एक शिकायती मुकदमा दाखिल किया गया। पटना के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अखिलेश कुमार पांडे की अदालत में यह परिवाद पत्र महावीर स्थान न्यास समिति के सचिव एवं भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल की ओर से वकील सच्चिदानंद शर्मा ने भारतीय दंड विधान की धारा 295ए, 153ए, 153 बी, 115, 166, 298 एवं 505 के आरोपों के तहत दायर किया है। अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए 22 सितंबर 2023 की अगली तिथि निश्चित की है। यह मुकदमा परिवाद पत्र संख्या 8548 (सी) 2023 के रूप में दर्ज किया गया है।

## मणिपुर में सैन्य सम्मान के साथ की गई शहीद सैनिक की अंत्येष्टि

**इंफाल,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय सेना के जवान सर्टो थांगथांग कोम की अंत्येष्टि मंगलवार को मणिपुर के चंदेल जिले स्थित उनके पैतृक गांव लितान में की गई। अंत्येष्टि पूरे सैन्य सम्मान के साथ की गई और इसमें परिवार के सदस्य, बड़ी संख्या में ग्रामीण और सेना, असम राइफल्स और जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। तीन हथियारबंद लोगों ने शनिवार को रक्षा सेवा कोर (डीएससी) के 49 वर्षीय कर्मी सर्टो को इंफाल पश्चिम जिले के हैप्पी वैली के तारुंग स्थित उनके घर से बंदूक के दम पर अगवा कर लिया। अगले दिन रविवार को उनका गोलियों से छलनी शव पूर्वी इंफाल जिले के खुनिंगथेक गांव में मिला। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा है। मणिपुर सरकार ने भारतीय सेना के जवान की हत्या की जांच के लिए पुलिस महानिरीक्षक (जोन-1), थेमथिंग नगाशांगवा के साथ एक सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया है।

## मप्र में गैर उज्ज्वला वालों को भी 450 में एलपीजी

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई में राज्य की महिलाओं को उज्ज्वला का लाभ मिल रहा है। कुछ दिन पहले केंद्रीय कैबिनेट ने रसोई गैस में प्रति सिलेंडर 200 रुपए कम करने की घोषणा की थी। उसके बाद पूरे देश में महिलाओं ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया था। हाल ही में एक कार्यक्रम में सीएम शिवराज ने प्रदेश की महिलाओं के लिए केवल 450 रुपये में रसोई गैस उलब्ध कराने की बात कही है। अब केवल उज्ज्वला योजना वालों को ही नहीं गैर उज्ज्वला योजना वालों को भी हमेशा 450 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर मिलेगा।

### आंखों को खराब होने से बचाया

रीवा की लखौरीबाग निवासी नूरजहां आंख के दर्द से परेशान थी। जलन इतनी



की आंसू रुकने का नाम न लेते। लेकिन अपनी पीड़ा को दरकिनार कर परिवार का पेट भरने के लिए खुद को चूल्हे के आगे झोंकने को बेबस थी, धुएं का गुबार सहन करने को मजबूर थी। धीरे-धीरे दर्द बढ़ने लगा और आंखें खराब होने की कगार पर पहुंच गई। लेकिन अब उज्ज्वला योजना की वजह से परिवार के लिए खाना बनाते समय नूरजहां की आंखों में आंसू नहीं चेहरे पर मुस्कान तैरती है।

### महिलाओं की सेहत सुधार में सहायक उज्ज्वला

साल 2018 में विश्व स्वास्थ्य संगठ्न की एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली 37 मिलियन महिलाओं को स्वच्छ घरेलू ऊर्जा उपयोग करने का अवसर प्रदान किया है। भारतीय घरों में एलपीजी कवरेज में यह जबरदस्त वृद्धि महिलाओं को स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन और रसोई को धुआं रहित बनाकर पर्यावरण के लिए लाभकारी विकल्प प्रदान करके उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने में सहायक रही है।

## मध्य प्रदेश में भाजपा का एजेंडा पूरा करने में लगे वित्त विभाग के अफसर : दिग्विजय

**भोपाल,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने राज्य सरकार के वित्त विभाग के अधिकारियों पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि वे विभिन्न योजनाओं को रोककर भाजपा का एजेंडा पूरा करने में लगे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एक्स पर लिखा, राज्य सरकार के वित्त विभाग के अधिकारियों को प्रदेश के आर्थिक हालात को देखते हुए सचेत रहने की आवश्यकता है। भाजपा के चुनावी एजेंडा को पूरा करने के लिए वित्त विभाग के आला अधिकारी आंकड़ों की बाजीगरी कर प्रदेश की पहले से डगमगायी वित्तीय हालत को



■ 137 योजनाओं पर लगा दिया गया है प्रतिबंध

और हानि पहुंचा रहे हैं। वित्त विभाग द्वारा 137 योजनाओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं, अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं में भी बजट को अघोषित तौर पर रोककर भाजपा के चुनावी एजेंडे में सरकार का पैसा डायवर्ट किया जा रहा है। इसी तरह वित्त विभाग के आला अधिकारी कई महत्वपूर्ण खर्चे को टालकर भविष्य के लिए बड़ी देनदारी खड़ी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा, मुझे सूचना मिली है, इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निचले अधिकारियों पर मनमाफिक नोटशीट लिखने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

मुझे सूचना है कि कई विभागों की कई निधियां, जो वित्त विभाग के पास संधारित है, उसमें से अघोषित तौर पर वित्त विभाग द्वारा सरकार के चुनावी एजेंडे हेतु पैसा खर्च कर दिया गया है, जिसके कारण प्रदेश का वास्तविक ऋण वित्त विभाग द्वारा दिखाए गए आंकड़े से कहीं ज्यादा है।

## तेलंगाना में स्कूली बच्चों को मिलेगा मुफ्त नाश्ता

**हैदराबाद,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर छात्रों के कल्याण में निरंतर सहयोग कर रहे मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने छात्रों के कल्याण की दिशा में एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। दशहरे के उपहार स्वरूप, मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने 24 अक्टूबर से राज्य भर के सरकारी प्राथमिक और उच्च विद्यालयों कक्षा 1 से 10 तक में पढ़ने वाले छात्रों को मुख्यमंत्री नाश्ता योजना प्रदान करने का निर्णय लिया है। सरकार विद्यार्थियों को अच्छी पढ़ाई के साथ-साथ अच्छा पोषण देने की योजना लागू

■ मुख्यमंत्री केसीआर दशहरे पर करेंगे योजना लॉन्च



कक्षा एक से दसवीं तक के छात्रों को मिलेगा पोषण युक्त मुफ्त भोजन : केसीआर

करेगी। इसके योजना के लिए हर साल लगभग 400 करोड़ रूपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। मुख्यमंत्री केसीआर ने गरीब परिवारों के छात्रों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ पढ़ाई के प्रति उनकी एकाग्रता बढ़ाने की दिशा में कदम उठाया है। राज्य सरकार मुख्यमंत्री केसीआर की मानवीय सोच को प्रतिबिंबित करने के लिए दशहरे से इस नाश्ता योजना को लागू करेगी। मुख्यमंत्री केसीआर के फैसले के बाद राज्य सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं। मुख्यमंत्री केसीआर ने हाल ही में इस योजना की प्रक्रिया की जांच करने के लिए आईएएस अधिकारियों की एक टीम तमिलनाडु भेजी थी। तमिलनाडु में इस योजना को सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। अधिकारियों की एक टीम ने वहां सफलतापूर्वक लागू की जा रही छात्रों के लिए नाश्ता योजना का अध्ययन कर सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी है।

### चार सौ करोड़ प्रति वर्ष भार वहन करेगी सरकार

मुख्यमंत्री केसीआर ने हाई स्कूल के छात्रों को भी बिना कोई खर्च किए नाश्ता उपलब्ध कराने का फैसला किया है। इसके लिए हर साल लगभग 400 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने तमिलनाडु का ध्यान इस ओर दिलाया कि इस योजना को केवल प्राथमिक स्कूलों तक ही लागू किया जा रहा है।

घोषणा | *जम्मू-कश्मीर में विकासात्मक परियोजनाओं के शिलान्यास के बाद बोले मनोज सिन्हा*

# छह माह में भरे जाएंगे सरकारी विभागों में सभी खाली पद

**जम्मू, 19 सितम्बर (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को छह महीने के भीतर सभी सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों को भरा जाएगा। खाली पदों अगले छह महीनों में एक बड़े भर्ती अभियान के माध्यम से भरे जाएंगे। मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए एलजी मनोज सिन्हा ने यह घोषणा की।**

उपराज्यपाल ने कहा कि यूटी प्रशासन द्वारा एक भर्ती अभियान शुरू किया गया था और सैकड़ों युवाओं को एक पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से भर्ती किया गया था। उन्होंने कहा मैं यहां घोषणा करता हूं कि विभिन्न सरकारी विभागों में सभी रिक्त पद उचित भर्ती अभियान के माध्यम से अगले छह महीनों के भीतर भर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, गरीब आदमी के बच्चे को भी अधिकारी बनने का अधिकार है। एलजी ने कहा कि हाल ही में



■ गरीब आदमी के बच्चे को भी अधिकारी बनने का अधिकार है : सिन्हा

एक सब्जी विक्रेता की बेटी केएएस अधिकारी बनी। वह मुझसे मिली और कहा कि उसने खुद को एक अधिकारी बनते देखने का कभी सपना नहीं देखा था। मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि गरीब लोगों के बच्चों को भी अमीर लोगों के समान अधिकार हैं। उपराज्यपाल ने क्षेत्रीय राजनीतिक दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दलों ने राज्य का खजाना लूटा, विदेशों में बड़े बंगले बनाए और जम्मू-कश्मीर के लोगों को परेशान होने के लिए छोड़ दिया। एलजी ने कहा कि ये लोग (प्रदेश विपक्षी दल) शांति को पचा नहीं पाते हैं और किसी न किसी बहाने लोगों को भड़काने और गुमराह करने की साजिश रचते रहते हैं। उन्होंने कहा कि गांदरबल जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों के बीच 2800 आवास वितरित किए गए। एलजी ने कहा कि मैं स्पष्ट कर दूं, गांदरबल जिले में एक भी गैर जम्मू-कश्मीर निवासी को आवास नहीं दिया गया है। लेकिन कुछ लोग गरीब आदमी को अपना घर बनाते हुए देखना पचा नहीं पाते और इस कदम का विरोध करने की साजिश रचते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल 1.88 करोड़ पर्यटक जम्मू-कश्मीर आए थे। इससे किसे फायदा हुआ एक स्थानीय टैक्सी चालक, होटल व्यवसायी, शिकारे चालक, गाड़ी विक्रेता और अन्य आमजनों को। इस साल अगस्त तक. 1.52 करोड़ पर्यटकों ने जम्मू-कश्मीर का दौरा किया और यह संख्या 2.25 करोड़ को पार करने के लिए तैयार है। एलजी ने कहा कि कुछ लोग जम्मू-कश्मीर में भारी पर्यटक आगमन को भी पचा नहीं पाते हैं और सिर्फ लोगों को गुमराह करने के लिए बयान देते हैं। एलजी ने कहा कि गांदरबल बड़े पैमाने पर विकास की राह पर है। मुझे खुशी है कि गांदरबल जल्द ही विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपनी जगह बनाने के लिए तैयार है। सोनमर्ग में 3.5 लाख पर्यटक आये जो बहुत बड़ी बात है।

एलजी ने कहा कि उन्होंने जिले में कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि जिन परियोजनाओं की आधारशिला 2011 में रखी गई थी, उनका उद्घाटन 12 साल की भारी देरी के बाद आज किया जा रहा है।

उल्टा पुल्टा

सुरेश भगवान से प्रार्थना कर रहा था...
सुरेश : प्लीज पंजाब को अमेरिका की राजधानी बना दो, प्लीज।
भगवान जी ने यह सुना और हैरान होकर प्रकट हुए और पूछा क्यों भाई... ?
सुरेश : क्योंकि मैं पेपर में लिख आया हूं।

# भाजपा को महिलाओं की भलाई में कोई दिलचस्पी नहीं : आतिशी

## महिला आरक्षण बिल को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि महिला आरक्षण बिल साल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं को बेवकूफ बनाने वाला विधेयक है।

सरकार ने संसद के निचले सदन, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण प्रदान करने से संबंधित ऐतिहासिक 'नारीशक्ति वंदन विधेयक' लोकसभा में पेश किया। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को महिलाओं की भलाई और कल्याण में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि बिल के प्रावधानों को गौर से पढ़ने



लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं को बेवकूफ बनाने वाला बिल है : आतिशी

पर पता चलता है कि यह महिला बेवकूफ बनाओ बिल है। बिल के अनुसार, परिसीमन प्रक्रिया शुरू होने के बाद आरक्षण लागू होगा और 15 वर्षों तक जारी रहेगा। बिल के अनुसार, प्रत्येक परिसीमन प्रक्रिया के बाद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों की अदला-बदली होगी। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल नीत सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा, 'परिसीमन और जनगणना के प्रावधानों को क्यों शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हम मांग करते हैं कि परिसीमन और जनगणना के प्रावधानों को हटाया जाए तथा 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए महिला आरक्षण लागू किया जाए।

### महिला आरक्षण पर सत्ता पक्ष थपथपा रहा पीठ तो विपक्ष गिना रहा खामियां

**नई दिल्ली।** महिलाओं को संसद एवं विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण दिलाने वाला बिल मंगलवार को लोकसभा में पेश कर दिया। सरकार इसको लेकर अपनी पीठ थपथपा रही है, लेकिन राजनीतिक दलों में इसको लेकर मिलीजुली प्रतिक्रिया आ रही है। सत्तापक्ष इसे ऐतिहासिक बता रहा है,तो विपक्ष समर्थन करने के बावजूद इसमें कमियां निकाल रहा है। कांग्रेस सांसद रंजीता रंजन ने कहा कि बिल को लाने में साढे नौ साल लग गए। क्या 2014 में यह मील का पत्थर नहीं लग रहा था। सरकार को लग रहा है कि इस विधेकय से उसे चुनाव में कुछ राहत मिल जाएगी। इसीलिए इसे लाया गया है। सपा सांसद रामगोपाल यादव ने विधेयक का समर्थन करते हुए कहाकि संसद में पहले भी यह विधेयक पेश किया गया था। राज्यसभा से इसे पारित करा लिया गया था।

## सरकार की असफलता के कारण बढ़े ढेंगू मलेरिया के मामले : इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने डेंगू एवं मच्छर जनित बीमारियों के कारण दिल्ली में प्रतिदिन भयावह होती स्थिति के ऊपर निगम की आप सरकार को घेरा। निगम में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने निगम की आप सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि आप सरकार सिर्फ झूठी वाहवाही बटोरने में लगी हुई है जबकि डेंगू एवं अन्य मच्छर जनित बीमारियों के मामले में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के पास मच्छरों का प्रजनन रोकने के लिए प्रचुर मात्रा में कीटनाशक दवा भी मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा निगम की आप सरकार का रवैया भी इस स्थिति से निपटने के लिए उदासीन है। वहीं दूसरी ओर दिल्ली की गरीब जनता के चालान भी किए जा रहे है। राजा इकबाल सिंह ने निगम की आप सरकार पर दिल्ली की जनता को धोखा देने एवं डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों की वास्तविक स्थिति के परिपेक्ष में सही जानकारी छुपाने का आरोप लगाया। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि जबतक भारतीय जनता पार्टी सत्ता में रही उसने हमेशा से दिल्ली की जनता की भलाई के कार्य किए हैं।



## पांडव नगर में तेज रफ्तार कार ने पुलिसकर्मी को कुचला, मौत

### एक पिकअप वाहन का चालक भी कार की चपेट में आया

**नई दिल्ली,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर में एक तेज रफ्तार कार ने मंगलवार सुबह दिलली पुलिस के एक 54 वर्षीय उपनिरीक्षक को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एक पिक-अप वाहन का चालक भी उक्त कार की चपेट में आ गया और उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी के मुताबिक, मंगलवार सुबह पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन पर सूचना मिली कि एक पुलिसकर्मी सड़क हादसे का शिकार हो गया है। उन्होंने बताया कि उपनिरीक्षक गंगाशरण और सहायक उपनिरीक्षक अजय तोमर एक जिप्सी से गश्त लगा रहे थे। जिप्सी तोमर चला रहे थे। अधिकारी के अनुसार, सुबह साढ़े पांच बजे के आसपास दोनों ने एक पिक-अप वाहन को जांच के लिए रोका, जिसके बाद गंगाशरण जिप्सी से, जबकि पिक-अप वाहन का चालक रामगोपाल अपने वाहन से बाहर आए। अधिकारी के मुताबिक, गंगाशरण और रामगोपाल सड़क पर खड़े थे, तभी गाजियाबाद की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने दोनों को पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक तोमर पिक-अप वाहन के चालक के सहायक राजकुमार की मदद से गंगाशरण और रामगोपाल को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले गए, जहां गंगाशरण ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अधिकारी के अनुसार, गंगाशरण के परिवार में उनकी पत्नी और पांच बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि बाहरी दिल्ली के नांगलोई में रहने वाले रामगोपाल को आगे के उपचार के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया।



पुलिस के मुताबिक, अपराध टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उसने बताया कि आरोपी चालक फरार है और वारदात के लिए जिम्मेदार कार की पहचान के लिए जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, घटना को लेकर आईपीसी की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## सार संक्षेप

### लालबाग का राजा गणपति महोत्सव का हुआ रंगारंग उद्घाटन



**नई दिल्ली।** भगवान गणेश देव शुभकर्ता, विघ्नहर्ता लाल बाग का राजा ट्रस्ट पंजी द्वारा गणपति महोत्सव का भव्य उद्घाटन किया गया। जिसमे हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुंबई से विशेष तौर पर बुलाए गए मूर्तिकार कांबली द्वारा बनाई गई 18 फीट की प्रतिमा स्थापित की गई। संस्था के चेयरमैन राकेश बिंदल बताया की लाल बाग का राजा ट्रस्ट (पंजी) दिल्ली द्वारा आयोजित गणपति महोत्सव दिल्ली में होने वाला सबसे बड़ा गणेश महोत्सव है यहां की प्रतिमा लाल बाग के राजा की होती है। दिल्ली की गर्मी को देखते हुए पूरा पंडाल वातानुकूलित बनाया गया है, यहां विभिन्न प्रदेश व प्रांतों के कई प्रकार के पकवान व प्रसिद्ध चाट पापड़ी के स्टॉल की व्यवस्था की गई है साथ ही आधुनिक व क्लासिकल झूलो का बच्चे व बड़े आनंद ले रहे है, राकेश बिंदल ने कहा की ये आयोजन 19 से 29 सितंबर दिनों तक चलेगा, यहां गणेश वंदना के साथ- साथ बॉलीवुड के कई कलाकारों व गायकों के रंगारंग कार्यक्रम के साथ-साथ कई जानी-मानी व विश्व प्रसिद्ध हस्तियों में सिद्धार्थ मोहन, अर्जुन सूरी, कन्हैया मित्तल, ठाकुर देवकीनंदन, त्रिलोचन दास जी महाराज, हरिवंश पंडित, अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के दिव्य प्रवचन व भजन सुनने को मिलेंगे इसके साथ ही कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। आज उद्घाटन पर पूरा पंडाल गणेशमय हो गया, पंडाल की भव्यता देखते ही बनती है। अन्य ट्रस्ट में प्रधान नरेश गोयल, महासचिव अनिल वधवा, कोषाध्यक्ष रतन कुमार जाखोदिया, वाइस चेयरमैन अनिल गुप्ता, वाइस चेयरमैन सत्यभूषण जैन, वाइस चेयरमैन आदेश जैन, एस.एस. अग्रवाल, सुरेश चचान, प्रदीप कुमार अग्रवाल, वीरेश गुप्ता, कृष्ण गुप्ता ने कहा हमारी पूरी तैयारी है इस आयोजन को सफल बनाने की साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के साथ जगह जगह पर साफ डस्टबिन भी रखे गए है ताकि लोग स्वच्छता का ध्यान रखें।

### ओराइमो ने फ्रीपॉड्स लाइट को लांच किया

**नई दिल्ली।** ऑडियो नवाचार में अग्रणी रहने वाले ओराइमो ने अपने सबसे आधुनिक मास्टर पीस-फ्रीपॉड लाइट की पेशकश की घोषणा की है जो वास्तव में वायरलेस ऑडियो तकनीक के सबसे टॉप वायरलेस ईयरबड्स का प्रतिनिधित्व करता है। फ्रीपॉड्स 4 एवं ओपनपॉड्स जैसे प्रोडक्ट की सफलता के बाद ओराइमो भारत भर के उपयोगकर्ताओं को एक बार फिर नया ऑडियो अनुभव प्रदान करने के लिये तैयार है। इस लांच के बारे में ओराइमो के सीईओ कहते हैं कि हम समझते हैं कि अद्भुत साउंड क्वॉलिटी और सहूलियत एक प्रीमियम कीमत के साथ नहीं मिलनी चाहिये और फ्रीपॉड्स लाइट, गुणवत्ता के साथ बिना कोई समझौता किये हर किसी के लिये सुलभ बनने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार में बेहतर ऑडियो सॉल्यूशन लाने के हमारे सफर में फ्रीपॉड्स लाइट का लांच एक महत्वपूर्ण मील का पत्त्थर है। हम संगीत प्रेमियों, पेशेवरों और नियमित उपयोग करने वालों को एक अनूठा ऑडियो अनुभव प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं।

## समाज के सभी को साथ लेकर चले थे सम्राट मिहिर भोज : भाटी

### छतरपुर में सम्मान समारोह और सामाजिक चर्चा का आयोजन

**नई दिल्ली,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर में गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की जयंती पर मंगलवार को सम्मान समारोह और सामाजिक चर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान यह मांग उठी कि हमें सम्राट मिहिर भोज से प्रेरणा लेकर समाज में फैले अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते रहना चाहिए। सामाजिक चर्चा में सभी को संबोधित करते हुए रोमी भाटी ने बताया की गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज ने सभी धर्मों और समाज के लोगों को लेकर चले थे और अन्याय से लड़ाई में सभी को साथ इकट्ठा किया। रोमी भाटी ने ये भी बताया कि कैसे कुछ लोग सम्राट मिहिर भोज का इतिहास चुराने की कोशिश कर रहे हैं।



कार्यक्रम के आयोजकों में एडवोकेट जगदीश लोहिया, धर्मवीर बसोया भी थे और इन्होंने समाज के लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में सम्राट मिहिर भोज के चित्र पर सभी ने मार्ल्यापण किया और समाज के वरिष्ठ और प्रबुद्ध लोगों को भी सम्मानित किया गया। इस सभा में सर्वसम्मति से ये निर्णय पारित हुआ की सीडीआर चौक के बाद वाले चौराहे का नाम सम्राट मिहिर भोज चौक रखा जाए,इसके लिए सभी मिलकर हर जरूरी कदम उठाएंगे।

## डेंगू की रोकथाम को लेकर एमसीडी सख्त

■ 1.29 लाख घरों को नोटिस, 56 हजार के काटे चालान

**नई दिल्ली,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम की ओर से वेक्टर बोर्न डिजीज पर अंकुश लगाए रखने के लिए बड़े स्तर पर कदम उठाए गए हैं। दिल्ली में घर-घर जाकर जांच करने से लेकर नोटिस देने और चालान काटने जैसी कड़ी कार्रवाई की जा रही हैं। एमसीडी की ओर से 2023 में अभी तक लार्वा मिलने पर 1.29 लाख घरों को नोटिस दिया जा चुका है। इसके अलावा 56 हजार लोगों के चालान काटे जा चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले करीब दोगुना है। इस वजह से दिल्ली में वेक्टर बोर्न डिजीज को लेकर हालात सामान्य हैं। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि वेक्टर बोर्न डिजीज को लेकर सख्त निर्देश हैं कि कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। दवाई के छिड़काव से लेकर डोर टू डोर अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों के साथ सोमवार को उच्च स्तरीय बैठक भी की है। वेक्टर बोर्न डिजीज को लेकर स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। हर रोज हालात की समीक्षा की जाएगी।



दवाई के छिड़काव से लेकर अभियान चलाया जा रहा है : शैली ओबरॉय

दिल्ली नगर निगम के 5 हजार कर्मचारी दिन-रात वेक्टर बोर्न डिजीज पर अंकुश लगाने के लिए काम कर रहे हैं। कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर लार्वा की जांच की जा रही है। लोगों को पंफलेट, टिपर के जरिए जागरुक किया जा रहा है। इसके अलावा निगम की तरफ से कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है। इसके लिए नोटिस और चालान काटे जा रहे हैं। एमसीडी के आंकड़ों के मुताबिक अभी तक 2.85 करोड़ स्थानों पर लार्वा की जांच की जा चुकी है।

### भारी बारिश के बावजूद बीमारी नहीं फैलने दी

दिल्ली में भारी बारिश हुई है। इसके अलावा दिल्ली को बाढ़ का भी सामना करना पड़ा। लेकिन एमसीडी ने बीमारी को फैलने नहीं दिया है। इसकी वजह बड़े स्तर पर की गई कार्रवाई है। एमसीडी का कहना है कि रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश और बाढ़ के कारण मच्छरों का प्रजनन बढ़ा लेकिन बीमारी को बढ़ने नहीं दिया गया।

## दक्षिणी दिल्ली में व्यक्ति ने खुद को मारी गोली

**नई दिल्ली,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। दक्षिणी दिल्ली में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया की आत्महत्या का कारण तत्काल पता नहीं चल सका है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के भिंड जिले के मूल निवासी राजेश तोमर के रूप में हुई और वह वर्तमान में संगम विहार के बी-ब्लॉक में रह रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को करीब एक बजकर 23 मिनट पर पुलिस को फोन पर सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने खुद को गोली मार ली है। अधिकारी के अनुसार कि घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम को व्यक्ति का खून से लथपथ शव मिला, जिसके सिर पर गोली लगी थी। मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया और उसने वहां से एक तमंचा, खाली कारतूस सहित तीन जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस के मुताबिक, तोमर पिछले छह साल से इस इलाके में अपनी लिव-इन पार्टनर और उसके तीन बच्चों के साथ रह रहा था।

आत्महत्या का कारण तत्काल पता नहीं चल सका

## परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद का शहादत दिवस मनाया गया

**नई दिल्ली,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। अंजुमन इदरिसिया संस्था द्वारा दिल्ली के हरकिशन सिंह सुरजीत भवन में देश के लिए शहीद होने वाले परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद का शहादत दिवस मनाया। इस कांफ्रेंस में देश भर से आए इदरीसी दर्जी बिरादरी के लोगों ने देश के लिए शहीद होने वाले इदरीसी दर्जी बिरादरी से रहे शहीद वीर अब्दुल हमीद को याद किया और खिराज ए अकीदत पेश की। इस मौके पर इदरीसी समाज के पढ़े लिखे लोग भी काफी तादाद में रहे मौजूद सेना से जुड़े ऑफिसर के साथ साथ यूनिवर्सिटीज के प्रोफेसर्स ने भी बिरादरी के इस प्रोग्राम के ज्यादातर वक्ताओं ने इदरीसी दर्जी बिरादरी के पिछड़े पन पार बात करते हुए बिरादरी को एजुकेशन की तरफ ले जाने की बात की, मेजर दानिश ने अपने खिताब में इदरीसी बिरादरी को पढ़ने पर जोर देते हुए कहा कि बिरादरी को अगर तरक्की करनी है तो सबसे अहम



जरूरत एजुकेशन को मजबूती से अपनाना होगा वहीं प्रोफेसर अली अहमद ने भी तरक्की का एक मात्र रास्ता एजुकेशन को ही बताया इस मौके पर प्रोग्राम के चीफ गेस्ट मंसूर उस्मानी साहब ने भी बिरादरी को मुख्य धारा में लाने के लिए अंजुमन इदरिसिया की इस मेहनत को सराहा और कहा इदरीसी बिरादरी की बहुत तंजीमें हैं पर अंजुमन इदरिसिया बेहतरीन काम कर रही है, इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी कमर अहमद इदरीसी, हाजी मोहम्मद नफीस राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजुमन इदरिसिया उपस्थित थे।

G20 उत्तर रेलवे
(गति शक्ति) निविदा सूचना
आज़ादी का अमृत महोत्सव

उप मुख्य विद्युत अभियंता/गति शक्ति/नार्दर्न रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली-110001 ने अधोविख्यात काम के लिए ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। अतः दिनांक 19.09.2023 को इसे आईआरईपीएस की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य और स्थान का नाम :** डीजल लोको शेड तुगलकाबाद में विद्युत लोकोमोटिव के अनुरक्षण हेतु अधोसंरचनात्मक सुविधाओं के विकास के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 2 | **निविदा सूचना संख्या :** 07-R-Dy.CEE-GSU-DLI-23-24 |
| 3 | **बयाना धन राशि (ऑनलाइन जमा करने के लिए) :** रु. 2,33,600/- |
| 4 | **लगभग काम की लागत :** रु. 1,67,08,284.19/- |
| 5 | **ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय अब :** दिनांक 19.09.2023 को आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर निविदाएं अपलोड की हैं। निविदादाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 11.10.2023 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | **निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज पहले :** विस्तृत ई-निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 26.09.2023 से 11.10.2023 तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

2909/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे ने चलाया स्वच्छता पखवाड़ा अभियान



**नई दिल्ली,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्म की वर्षगांठ 30 सितम्बर तक स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के रूप में मना रहा है। इसी कम्र में शोभन चौधुरी महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने नई दिल्ली स्थित प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस के विभिन्न विभागों में साफ-सफाई का गहन निरीक्षण किया। विभागों के विभागाध्यक्षों और कर्मचारियों को कार्यालय परिसर और कार्य करने के स्थलों को साफ रखने और गंदगी न फैलाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे एवं मनोज कृष्ण अखौरी, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक ने नई दिल्ली स्थित प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस के परिचालन विभाग में नवनिर्मित कॉन्फ्रेंस हाल एवं कस्टमर इंटरैक्शन लाऊंज का उद्घाटन किया। इस अवसर पर समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष एवं उच्च अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दर्शाई गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगीः-

04071/04072 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली गति शक्ति विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (दो फेरे)

| गाड़ी सं. 04071 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04072 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 23:30 | नई दिल्ली | 06:25 | — |
| 11:25 | — | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | — | 18:30 |

चलने के दिन : 04071 नई दिल्ली से दिनांक 29.09.2023 (शुक्रवार) को तथा 04072 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 01.10.2023 (रविवार) को।
स्थान : 3 टियर वाता. इकॉनमी क्लास।
ठहराव : सोनीपत जं., पानीपत जं., करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अम्बाला छावनी जं., लुधियाना जं., जलंधर छावनी, पठानकोट छावनी, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) स्टेशन।

04081/04082 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (दो फेरे)

| गाड़ी सं. 04081 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04082 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 23:30 | नई दिल्ली | 06:25 | — |
| 11:25 | — | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | — | 18:30 |

चलने के दिन : 04081 नई दिल्ली से दिनांक 30.09.2023 (शनिवार) को तथा 04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 02.10.2023 (सोमवार) को।
स्थान : प्रथम वाता सहित 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : सोनीपत जं., पानीपत जं., करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अम्बाला छावनी जं., लुधियाना जं., जलंधर छावनी, पठानकोट छावनी, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
2893/2023
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

महत्वपूर्ण सूचना

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा प्रयोगात्मक आधार पर निम्नलिखित रेलगाड़ियों को निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया हैः-

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | ठहराव | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 19037 बान्द्रा(टर्मि.)-बरौनी अवध एक्सप्रेस | महिदपुर रोड | 28.02.2024 तक |
| 19038 बरौनी-बान्द्रा(टर्मि.) अवध एक्सप्रेस | महिदपुर रोड | 28.02.2024 तक |
| 19165 अहमदाबाद-दरभंगा साबरमती एक्सप्रेस | बबीना | 20.09.2023 |
| 19166 दरभंगा-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस | बबीना | 20.09.2023 |
| 19167 अहमदाबाद-वाराणसी सिटी साबरमती एक्सप्रेस | चिरगाँव | 21.09.2023 |
| 19168 वाराणसी सिटी-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस | चिरगाँव | 21.09.2023 |
| 12581 बनारस-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | टूण्डला | 24.09.2023 |
| 12582 नई दिल्ली-बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस | टूण्डला | 24.09.2023 |
| 12875 पुरी-आनन्द विहार (टर्मि.) नीलांचल एक्सप्रेस | टूण्डला | 24.09.2023 |
| 12876 आनन्द विहार (टर्मि.)-पुरी नीलांचल एक्सप्रेस | टूण्डला | 24.09.2023 |
| 18477/18478 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस | ब्रजराजनगर | अगले आदेश तक |
| 18477/18478 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस | बेलपाहाड़ | अगले आदेश तक |
| 18477/18478 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस | चंदिया रोड | अगले आदेश तक |
| 15159/15160 छपरा-दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस | उमरिया | अगले आदेश तक |
| 20807/20808 विशाखपट्णम-अमृतसर-विशाखपट्णम हीराकुंड एक्सप्रेस | बुढ़ार | अगले आदेश तक |
| 15159/15160 छपरा-दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस | जैतहरी | अगले आदेश तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें
रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव G20 उत्तर रेलवे आपकी सुविधा-हमारा ध्येय 2918/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरी एम. ए. प्रथम वर्ष "SHUATS" विश्विद्यालय कि अंक तालिका वर्ष 2013 अनुक्रमांक G -1125203305 खो गई है। दलजीत सिंह पुत्र हरी सिंह गली न. 19, चंचल पार्क, नजफगढ़, नई दिल्ली।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “ जहांगीराबाद ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांवों में आवास योजना के 126 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री व पीएम आवास योजना की पहली किश्त डिजिटली हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर खण्डविकास अधिकारी ने बताया कि सभी लाभार्थियों को 40 हजार रुपए की पहली किश्त दी जाएगी जिससे उन्हें नींव खुदाई व उसकी प्लिंथ भरने का कार्य करना होगा। **सूबेदार सिंह, खंड विकास अधिकारी**

## किसान और प्राधिकरण के बीच हुआ समझौता

**नोएडा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। पिछले कई महीनों से नोएडा प्राधिकरण के गेट पर धरना दे रहे किसानों के लिए मंगलवार की शाम राहत भरी खबर लेकर आई है। नोएडा प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम. ने किसानों के साथ बैठक कर कुछ मांगों पर सहमति दे दी है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही किसानों की समस्याओं का हल हो जाएगा। इस सिलसिले में नोएडा विकास प्राधिकरण के सीईओ और किसानों के बीच कुछ मुद्दों पर समझौता हुआ है। जिसके बाद किसानों ने एक नवम्बर तक धरना स्थगित कर दिया है।

- **प्राधिकरण सीईओ खुद किसानों के बीच पहुंचे**
- **1 नवम्बर तक धरना स्थगित**

समझौते के अनुसार 10 प्रतिशत आबादी प्लाट, नए कानून को लागू करने समेत सभी मुद्दों पर प्राधिकरण और किसानों के बीच 100 प्रतिशत सहमति बन गई है। ज्यादातर मसले अक्टूबर माह में होने वाली प्राधिकरण की बोर्ड बैठक से पास कर दिए जाएंगे। मुख्य मुद्दा 10 प्रतिशत आबादी प्लाट को अक्टूबर माह की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। किसानों को प्राधिकरण की तरफ से मीटिंग मिनट्स मिल गया है।

किसान नेता सुखबीर खलीफा ने बताया कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी से किसानों को समझौते के अनुसार कार्रवाई करने का पूर्ण आश्वासन मिला है। किसानों को भी ऐसे सकारात्मक मुख्य कार्यपालक अधिकारी से कार्रवाई की पूरी उम्मीद है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने धरना स्थल पर आकर किसानों की पीड़ा को समझा है। किसानों की सभी समस्याओं को गंभीरता के साथ हल करने का वादा किया है। सुखबीर खलीफा ने कहा कि यह लड़ाई लोगों की सामूहिक भावना के आधार पर जीती गई है। इसके अलावा उन्होंने आंदोलन के दौरान दिनरात भूमिका निभाने वाली महिलाओं और किसानों का आभार प्रकट किया। सभी किसानों ने इंकलाब नारे लगाए और भविष्य की लड़ाई के लिए मुस्तादी के साथ तैयार करने का वादा किया।

**एक नवम्बर से दोबारा धरने पर बैठेंगे किसान**

किसान नेता अतुल यादव ने कहा कि किसानों की एकता ही उनकी ताकत है। स्थाई मोर्चा लगाकर लड़ाई जीती जा सकती है। प्राधिकरण सरकार द्वारा किसानों के मुद्दों पर कार्रवाई आगे बढ़ेगी तो हम आंदोलन स्थगित रखेंगे। अन्यथा 1 नवंबर से दोबारा स्थाई मोर्चा लगाकर लड़ाई शुरू कर दी जाएगी। किसान पूरे संकल्प के साथ लड़ाई में उतरे हैं। मुद्दों को हल किए बिना चैन से नहीं बैठेंगे।



## निर्माण कार्य अधोमानक पाए जाने पर एक लाख का जुर्माना

**नोएडा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के जीएम पीके कौशिक ने मंगलवार को सेक्टर-47 में चल रहे गहरी सीवर लाइन का निरीक्षण किया। यहां 1000 डाया के डाले जा रहे पाइप की गुणवत्ता की जांच की गई। जिसमें पाइप अधोमानक पाए गए। वहीं दो निर्माणाधीन मैनहोल का निरीक्षण किया गया। वे भी अधोमानक पाए गए। जीएम ने ठेकेदार कंपनी गंगा एंड कंपनी पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही सारे पाइप बदलने और गुणवत्ता पूर्व कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रबंधक और सहायक प्रबंधक को कड़ी चेतावनी जारी की गई। दरअसल नोएडा के सेक्टर-47 में सीवर लाइन डालने का काम किया जा रहा है। इसके लिए यहां मैन होल का निर्माण किया जा रहा है। प्राधिकरण के जीएम पीके कौशिक ने यहां औचक निरीक्षण किया। इसके बाद मौके पर ही पाइप लाइन और निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान पाइप अधोमानक पाए गए। उन्होंने सारे पाइप बदलने के लिए कहा। साथ ही क्वालिटी कंट्रोलर को भी चेतावनी दी गई।

- **प्रबंधक और सहायक प्रबंधक को कड़ी चेतावनी**
- **1000 डाया के पाइप बदलने के दिए निर्देश**
- **सीईओ की सख्ती के बाद दिखा असर**

## नगर आयुक्त ने निगम मुख्यालय का लिया जाएजा, हड़कंप



**गाजियाबाद,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर आयुक्त ने मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय का जायजा लिया गया। जिसके क्रम में आगंतुकों की सुविधा को देखते हुए कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नगर आयुक्त ने मुख्यालय स्थित पार्किंग, पेयजल तथा शौचालय की व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए नजारत प्रभारी डॉ. अनुज को निर्देश दिए।

गाजियाबाद नगर निगम में आने वाले आगंतुक के बैठने के लिए भी विशेष ध्यान रखते हुए निचले तल पर मुख्य रूप से व्यवस्था करने के लिए अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को निर्देश दिए।।

नगर आयुक्त ने डूडा विभाग के कार्यालय का भी जायजा लिया जिसमें आगंतुकों के बैठने की उचित व्यवस्था के तथा सफाई की बेहतर व्यवस्था के निर्देश परियोजना अधिकारी संजय पथरिया को दिए।

### संभव के अंतर्गत प्राप्त हुए 28 संदर्भ, निस्तारण के दिए निर्देश



**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में संभव जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें 28 संदर्भ प्राप्त हुए अधिकांश समस्याएं प्रकाश तथा जलकल विभाग से संबंधित रही। प्रभारी प्रकाश आश कुमार तथा जलकल विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के कड़े निर्देश दिए गए।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में संभव जनसुनवाई मे अधिकारियों ने प्राप्त समस्याओं पर मंथन कर कार्रवाई कराई, कई क्षेत्रीय पार्षदों द्वारा भी नगर आयुक्त के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा गया। संभव के दौरान प्राप्त समस्याओं के समाधान को लेकर नगर आयुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को संबंधित विभागीय अधिकारियों से कार्रवाई कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा कि मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, मुख्य कारण निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव, संपत्ति अधीक्षक भोलानाथ गौतम व अन्य संबंधित आधिकारिक उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### 1 अक्टूबर से खुल जाएगा अंडरपास

**नोएडा।** नोएडा एक्सप्रेस वे के 2.36 किमी पर बन रहे अंडरपास काम पूरा हो गया है। एक अक्टूबर से इसे पब्लिक के लिए खोल दिया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण सेक्टर-96 और 126 को जोड़ने के लिए एक्सप्रेस वे के नीचे अंडरपास का निर्माण कर रही है। यहां पेंटिंग का काम किया जा रहा है। अंडरपास 99.34 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। करीब 715 मीटर लंबा 4 लेन का है। ये अंडरपास से सेक्टर-44, 45, 46, 47, 48, 96, 97, 98, 99 के निवासियों को दिल्ली की तरफजाने और सेक्टर-124, 125, 126, 127, 128 के निवासियों को सेक्टर-44, 45, 47, 48, 96, 97, 98, 99 की तरफजाने का होगा।

### एक नवम्बर से चेक से बिजली का भुगतान नहीं कर पाएंगे उपभोक्ता

**नोएडा।** जिले के बिजली उपभोक्ता एक नवम्बर से चेक से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाएंगे। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन की तरफसे यह आदेश पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड समेत प्रदेश की सभी कंपनियों को भेजा गया है। इस आदेश की कापी नोएडा में विद्युत निगम के अधिकारियों के साथ सभी बिलिंग सेंटर पर भेजी गई है। यूपीपीसीएल के इस आदेश के खिलाफ उपभोक्ता परिषद ने उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में मंगलवार को ऑनलाइन याचिका दायर की। परिषद के अवधेश वर्मा ने कहा कि इस आदेश के विरोध में विद्युत नियामक आयोग में आपत्ति लगाई गई है। दाखिल याचिका में कहा गया है कि यूपीपीसीएल का यह आदेश उपभोक्ताओं के अधिकार के खिलाफ है। यह विद्युत वितरण संहिता का उल्लंघन है।

### एक दिन में मिले डेंगू के 23 नए मरीज, संख्या बढ़कर पहुंची 440

**नोएडा।** जिले में मंगलवार को डेंगू के 23 नए मरीजों की पुष्टि हुई। इसी के साथ डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर 440 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने अब तक डेंगू पीड़ित एक महिला मरीज की मौत की पुष्टि की है। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि वर्तमान में कुल 36 डेंगू के मरीजों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। डेंगू पीड़ित सेक्टर-122 निवासी एक महिला मरीज की मौत हुई थी। उसके बाद से अब तक डेंगू पीड़ित किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मच्छर का लार्वा मिलने पर पहली बार में नोटिस और फिर जुर्माना किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोग बीमार से बचाव को लेकर जागरूक रहें। मच्छरदानी का इस्तेमाल करेंए पूरी बाजू की शर्ट और पैंट पहनेए घर में पानी को ढककर रखें, घर के आसपास पानी जमा न होने दें और कूलर की साफसफाई का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि डेंगू के लक्षण होने पर डॉक्टर से परामर्श लें और इलाज कराएं। खुद अपने विवेक से दवा न लें।

## नोएडा से शर्मसार करने वाली वीडियो आई सामने

**नोएडा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा के फल मंडी में 3000 रुपए की उधारी व्यापारी को इतनी महंगी पढ़ जाएगी, उसने कभी सोचा नहीं था। दरअसल नोएडा के थाना फेस-2 क्षेत्र के फल मंडी में एक वीडियो तेजी से वायरल हो रही है। वीडियो में एक शख्स पूरा नंगा करके बाजार में घुमाया जा रहा है और दूसरी तरफ उसकी वीडियो भी बनाई जा रही थी। इस व्यक्ति पर लहसुन के 3000 हजार रुपए बकाया था। बकाया न चुकाने पर मंडी पर ही कुछ लोगों द्वारा इसके साथ मारपीट की गई और उसको नंगा कर पूरे बाजार में घुमाया। इस मामले में एक्शन लेते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ने आढ़ती का लाइसेंस कैंसल कर दिया है। फेस-2 में एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि फेज-2 की फूल मंडी में सरस्वती ट्रेडिंग कंपनी है। कंपनी सुंदर की है। वो काफी लंबे समय से यहां काम कर रहा है। मैनपुरी निवासी अमित उससे लहसुन लेता था। जिसे वो फुटकर में बेचता था। मंगलवार दोपहर को अमित, सुंदर से सामान लेने के लिए उसकी दुकान पर आया। सुंदर ने अमित से पुराने बकाया पैसे मांगे। जिस पर अमित ने पैसे होने से इनकार कर दिया। मामला यहा नहीं रुका। सुंदर ने अमित को पहले पीटा उसके बाद उसे कपड़े उतारने को कहा। यहीं नहीं उसके शरीर से पूरे कपड़े उतारने के बाद उसे बेइज्जत करते हुए मंडी में घुमाया। उसका वीडियो बनाया और मारपीट भी की।

- **3000 हजार के लिए व्यापारी को मंडी में नंगा घुमाया**
- **मजिस्ट्रेट ने दुकान का लाइसेंस किया रद्द**

वहां मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बनाया और वायरल कर दिया। जानकारी सिटी मजिस्ट्रेट को दी गई। मौके पर फेज-2 पुलिस को भेजा गया। पीड़ित के बयान के आधार पर फेज-2 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी सुंदर की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। वहीं सिटी मजिस्ट्रेट ने सरस्वती ट्रेडिंग कंपनी का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। फिलहाल पीड़ित की काउंसलिंग कराई जा रही है। इसके बाद उससे पूरी जानकारी जुटाई जाएगी। घटना से बाद से सुंदर फरार है।

## मेट्रो ट्रेन के आगे कूदी युवती, एक हाथ कटा

**नोएडा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा में एक युवती ने मेट्रो ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या का करने का प्रयास किया। घटना सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन की सुबह करीब साढ़े नौ बजे की है। इसमें युवती का एक हाथ कट गया। उसे सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उसे दिल्ली के एक हायर सेंटर में रेफर किया गया है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे के आसपास जानकारी मिली एक युवती सिटी सेंटर से दिल्ली जाने वाली लाइन पर मेट्रो के आगे कूद गई है। युवती की पहचान अनीता (19) हुई है। बरौला के रहने वाली है। जिस समय वह कूदी उसके पास एक बैग था। जिसमें कुछ सामान मिला है। हालांकि उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। युवती के पिता परमानंद प्राइवेट जॉब करते है। परिजनों को जानकारी दे दी गई थी। युवती सिटी सेंटर से दिल्ली जाने वाली लाइन पर कूदी। जानकारी मिलते ही सीआईएसएफके जवानों ने युवती को ट्रैक से हटाया। लोकल पुलिस को सूचना दी और युवती को जिला अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान ट्रेन से टकराने की वजह से युवती का एक हाथ कट गया। इस दौरान मेट्रो स्टेशन पर हड़कंप मच गया। करीब 10 से 15 मिनट तक मेट्रो सेवा बाधित रही। एसीपी ने बताया कि युवती ने सुसाइड करने का प्रयास क्यों किया इसकी जांच की जा रही है। उसके मोबाइल फोन की सीडीआर भी देखी जाएगी। प्राथमिक पूछताछ में अभी कोई स्पष्ट कारण निकलकर नहीं आ रहा है। फिलहाल परिजनों से पूछताछ के बाद ही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

- **गंभीर हालत में दिल्ली रेफर, जांच कर रही पुलिस**

## महिला आरक्षण बिल पर लोगों की प्रतिक्रिया

**गाजियाबाद,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। केंद्र की मोदी सरकार ने मंगलवार को नई संसद भवन में महिला आरक्षण बिल पेश कर दिया। जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम दिया गया है। महिला आरक्षण बिल पेश होते ही सियासी पारा गर्मा गया है, हालांकि ज्यादातर लोग इस बिल के समर्थन में आये हैं।

आइए जानते हैं किसने महिला आरक्षण बिल को लेकर क्या कहा।

**महिला शक्ति की बढ़ेगी सियासी ताकत : अनिल अग्रवाल**



राज्य सभा सदस्य अनिल अग्रवाल ने कहा है कि मोदी सरकार ने संसद में जो महिला आरक्षण बिल पेश किया है वह निश्चित रूप से पास होगा। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि इससे महिला शक्ति को सियासी ताकत मिलेगी।

उन्होंने कहा है कि आईएनडीए गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस महिला आरक्षण को लेकर कभी भी गंभीर नहीं रही है। कांग्रेस का गेम प्लान हमेशा से बहुत स्पष्ट रहा है।

यह महिला प्रतिनिधित्व के एजेंडे पर दिखावा करने के लिए कदम उठाती थी और फिर गठबंधन के सहयोगियों और खुद के सांसदों के जरिए उसे विफल कर देती थी। उन्होंने कहा है इस बिल के बाद महिलाओं ने पीएम मोदी के प्रति इंसाफ की आस जगी है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं है बिल पेश करके एक बार फिर यह साबित किया है कि वह सब का साथ सबका विकास और सब का विश्वास की नीति के तहत अपने काम को अंजाम दे रहे हैं।

**महिला आरक्षण बिल का धरातल पर भी मिले लाभ : आजाद खालिद**



इंडियन माइनोरिटीज फोरम के राष्ट्रीय संयोजक आजाद खालिद ने महिला आरक्षण बिल संसद पेश किए जाने को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा है आज तक महिला आरक्षण बिल को विपक्षी दल केवल राजनीति कर रहे थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिल पेश कर दिया है। बिल पास होने के बाद उम्मीद है कि निश्चित तौर पर सभी वर्गों की महिला शक्ति को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में जो खड़ी महिला है, उसको भी उसका हक मिलना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति के तहत अल्पसंख्यक समुदाय खासतौर पर मुस्लिम व कमजोर तबकों की महिलाओं के अलावा बच्चों की शिक्षा और रोजगार पर विशेष ध्यान देगी और धरातल पर भी इसे हूबहू उतारा जाएगा।

## मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपे

- **116 लाभार्थियों को प्रथम किश्त का डिजिटल हस्तांतरण सम्पन्न**



**बुलंदशहर,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। विकास खंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपे गए। साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना के 116 व प्रधानमंत्री आवास योजना के 10 लाभार्थियों को प्रथम किश्त का डिजिटल हस्तांतरण किया गया। इस मौके पर लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रूप में 40 हजार रुपए उनके खाते में हस्तांतरित किये गए।

मंगलवार को जहांगीराबाद ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी सूबेदार सिंह ने बताया कि जहांगीराबाद ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांवों में आवास योजना के 126 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री व पीएम आवास योजना की पहली किश्त डिजिटली हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर खण्डविकास अधिकारी ने बताया कि सभी लाभार्थियों को 40 हजार रुपए की पहली किश्त दी जाएगी जिससे उन्हें नींव खुदाई व उसकी प्लिंथ भरने का कार्य करना होगा। पहली किश्त से करवाये गए कार्य की जिओ टैग करवाने के बाद लाभार्थी को 70 हजार रुपए दूसरी किश्त के दिये जाएंगे जिससे उन्हें मकान की छत आदि डलवाकर उसे तैयार करना है। इस कार्य की जिओ टैगिंग के बाद 10 हजार रुपये की आखिरी किश्त लाभार्थी को मकान के प्लास्टर के लिए दिए जाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया मनरेगा जॉब कार्ड धारक लाभार्थी को 20700 रुपये की राशि व शौचालय बनाने के लिए 12 हजार रुपये की राशि ;कुल 1 लाख 52 हजार सात सौ रुपयेद्ध की राशि दी जाएगी। ब्लॉक प्रमुख संगीता सिंह ने सभी लाभार्थियों से निवेदन किया कि सरकार की मंशा के अनुरूप इस राशि का सदुपयोग कर अपना एक सुंदर सा आशियाना बनाएं। ब्लॉक प्रमुख पति मनोज प्रधान ने कहा कि एक मनुष्य के जीवन सबसे बड़ी तीन जरूरतों रोटीए कपड़ा और मकान की उपलब्धता को भाजपा सरकार ने सुगम बनाया है। इस मौके पर एडीओ पंचायत सुरेंद्र सिंह व आवास योजना के लाभार्थी आदि मौजूद रहे।

## ऐप के जरिए नोएडावासी कर सकेंगे प्राधिकरण में शिकायत

**नोएडा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडावासियों को प्राधिकरण से संबंधित कोई भी शिकायत करने के लिए अब इधर उधर चक्कर लगाने की जरुरत नहीं होगी। प्राधिकरण उनके लिए ग्रीवेंस रिड्रेसल लागू करने जा रहा है। जिसमें वेब पोर्टल के साथ एंड्रॉयड और आईओएस ऐप के जरिए वे अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। साथ ही शिकायत को ऑनलाइन ट्रैक कर सकेंगे। इसके अलावा एक क्लिक पर वो शिकायत निस्तारण की जानकारी भी ले सकेंगे।

इसके लिए एक कंपनी का चयन किया जा रहा है। इस प्रणाली में विभागवार शिकायतों के वर्गीकरण के साथ अधिकारियों का पदक्रम भी मेंशन किया जाएगा। इस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण की समय सीमा सिटीजन चार्टर के अनुरूप होगी। समय पर शिकायत का निस्तारण नहीं होने पर अधिकारी की जवाबदेही भी तय होगी। जो कंपनी ये पोर्टल और ऐप बनाएगी उसे ही इसको रन भी करना होगा।

- **एक क्लिक पर मिलेगी शिकायत निस्तारण की अपडेट**
- **अधिकारियों की होगी जवाबदेही तय**

**क्या होगा खास**

शिकायत दर्ज किए जाने के लिए ओटीपी बेस्ड पेज तैयार किया जाएगा।

पब्लिक इंटरफेस डिपार्टमेंट के अधिकारियों के डाटा के साथ डिपार्टमेंट का नाम और अधिकारियों के नाम भी प्रदर्शित होंगे।

दर्ज की गई शिकायत को शिकायत कर्ता ट्रैक कर सकता है।

शिकायत दर्ज होने के बाद शिकायत कर्ता के पास एक एसएमएस जाएगा जिसमें शिकायत से संबंधित अधिकारी और उसका मोबाइल नंबर होगा।

लेवल-1 पर शिकायत का निस्तारण होने या नहीं होने के बाद वो लेवल-2 के अधिकारी को पोर्टल के माध्यम से ही भेजेगा। लेवल-2 के अधिकारी को यदि संतोषजनक जवाब मिला तो ठीक अन्यथा वो इसे रिजेक्ट भी कर सकता है।

शिकायत आवेदनों का निस्तारण एक क्लिक पर मिलेगा। शिकायतों को ट्रैक करने के उच्च अधिकारियों के पास यूजर डैशबोर्ड होंगे।

इस सिस्टम में गांव और सेक्टर दोनों को शामिल किया गया है।

## ई बसों के संचालन के लिए एनएमआरसी डीपो में बनेंगे 50 और प्लेटफार्म

**नोएडा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए यहां 100 एसी ई-बसें चलाई जानी है। इन बसों का संचालन सेक्टर-90 एनएमआरसी के डीपो से किया जाएगा। मंगलवार को एनटीसीए परिवहन निगम के बीच बैठक हुई। निर्णय लिया गया कि एनएमआरसी के डीपो में कुल 50 बस शैल्टर (प्लेटफार्म) बने हुए है। इनकी संख्या को बढ़ाकर 100 किया जाएगा। इसके अलावा यहां 100 बसों के चार्जिंग के लिए एक स्टेशन बनाया जाएगा। प्राधिकरण का ईएंडएम विभाग इसका एस्टिमेट तैयार कर रहा है। बसों का संचालन परिवहन निगम करेगा और इंफ्रास्ट्रक्चर का काम नोएडा प्राधिकरण करेगी। ये बसे प्रधानमंत्री ई बस योजना तहत आएंगी। इसके लिए प्राधिकरण ने शासन को पत्र लिख दिया है।

- **चार्जिंग स्टेशन के लिए बनाया जा रहा एस्टीमेट**

**मार्च 2020 तक चलती थी एसी बस**

नोएडा-ग्रेटर नोएडा में अभी तक कोई सिटी बस सेवा का संचालन नहीं किया जा रहा है। यहां केवल रोडवेज की और डीटीसी की बसें कुछ रूट पर चलती हैं। मार्च 2020 तक नोएडा-ग्रेनो के बीच नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन की तरफ से 50 एसी बसें चलाई जा रही थीं, जो अब बंद हो चुकी हैं। बताया गया कि कंपनी को लगातार घाटा होने के चलते उससे कांट्रेक्ट को खत्म किया गया।

**रूट को किया जाएगा फाइनल**

इन बसों के रूट को दोबारा से फाइनल किया जाएगा। इस बाद ये देखा जाएगा कि सबसे ज्यादा मुसाफिर किस रूट पर है। साथ ही लास्ट माइल कनेक्टिविटी को देखा जाएगा। सभी ट्रांसपोर्ट सिस्टम एक दूसरे से जुड़े हो इस पर ध्यान दिया जाएगा। ताकि लोग आसानी से इन ट्रांसपोर्ट के जरिए आवाजाही कर सके।

## छाया एकीकृत वीएचएसएनडी पर बनाए जाएंगे मातृ बाल पोषण परामर्श कार्नर

**नोएडा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। जनपद में छाया एकीकृत ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण दिवस (सीआई.वीएचएसएनडी) के सुदृढ़ीकरण के लिए मातृ बाल पोषण परामर्श कार्नर बनाए जाएंगे। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया प्रदेश के सभी जनपदों को छाया एकीकृत ग्राम स्वास्थ्यए स्वच्छता व पोषण दिवस के सुदृढ़ीकरण में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से आवश्यक समन्वय एवं सहयोग करने के दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं। समुदाय में सीआईवीएचएसएनडी का आयोजन एएनएम ए आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के परस्पर समन्वय से किया जाता है। सीआईवीएचएसएनडी सत्रों पर सुनियोजित सुव्यवस्थित एवं लाभार्थी केन्द्रित पोषण एवं परामर्श सेवाओं को प्रदान करने के लिए बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से मातृ बाल पोषण परामर्श कार्नर बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। जहां लक्षित लाभार्थियों गर्भवती, धात्री महिलाओं एवं शून्य से 15 वर्ष तक के बच्चों को पोषण संबंधी सेवाएं एक निश्चित स्थान पर उपलब्ध हो पाएंगी।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच ❝

यमुना प्राधिकरण की परियोजनाओं के बारे में निवेशकों को पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। अगर कोई निवेशक मौके पर प्रस्तावित परियोजना का लोकेशन देखना चाहता है उसके लिए भी ट्रेड शो में व्यवस्था की गई है। प्राधिकरण टीम निवेशकों को मौके का मुआयजना कराने के लिए मौजूद रहेगी।

**डॉ. अरूणवीर सिंह, यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

## निखिल तोमर ने अन्तरराष्ट्रीय ताइक्वांडो में किया ग्रेनो का नाम रोशन

**ग्रेटर नोएडा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर डेल्टा निवासी निखिल तोमर ने 13 से 17 सितम्बर तक नेपाल में हुई कोरियन एम्बेसडर ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कई मैच जीतने के बाद फाइनल मुकाबले में चीन के खिलाड़ी को 10-7 अन्तर हो के शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने देश के नाम कर दिया। निखिल तोमर ने ये प्रतियोगिता 84 किलोग्राम भार के वर्ग में खेली। निखिल तोमर के कोच समरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि निखिल तोमर का विदेश की धरती पर चौथा 69 गोल्ड मेडल है इससे पहले भी हाल ही में निखिल तोमर दुबई से भी गोल्ड मेडल जीत कर लाया था। निखिल तोमर वर्तमान में गौतमबुद्ध विश्व विद्यालय का बी. बी.ए. प्रथम वर्ष वर्ष का छात्र है। गौतम वुद्ध विश्व विद्यालय की तरफ से निखिल तोमर को शुभ कामनाएं दी गई है।



■ **चीन के खिलाड़ी को हराकर जीता स्वर्ण पदक**

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड में यमुना प्राधिकरण दो लाख करोड़ की परियोजनाओं की प्रस्तुत करेगा झलक

**ग्रेटर नोएडा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपनी दो लाख हजार करोड़ की परियोजनाओं को प्रदर्शित करेगा। यमुना एक्सप्रेस वे सिटी आने वाले दिनों में किसी तरह औद्योगिक निवेश का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है, इसके पूरी झलक भी ट्रेड में दिखाई जाएगी। पॉड टैक्सी और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का मॉडल इस हाल का आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके लिए एक्सपो मार्ट के हाल नंबर तीन में 1200 वर्गमीटर में काम चल रहा है।

■ **नोएडा एयरपोर्ट व पॉड टैक्सी का मॉडल होगा आकर्षण का केंद्र**

ग्रेटर नोएडा के नॉलेज में इंडिया एक्सपोर्ट एंड सेंटर में 21 से 25 सितम्बर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होगा। ट्रेड शो में देश-विदेश के बड़े-बड़े निवेशकों को आमंत्रित किया गया है। यमुना एक्सप्रेस सिटी में औद्योगिक निवेश का हब बन रहा है, इस बारे में प्राधिकरण विभिन्न परियोजनाओं का खाका पंडाल में प्रस्तुत करेगा। यमुना एक्सप्रेस वे सिटी में 30,000 करोड़ की लागत से बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, 10,000 करोड़ की फिल्म, 4500 करोड़ की पॉड टैक्सी, 12000 करोड़ राया हेरिटेज कॉरिडोर, नोएडा एयरपोर्ट से दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट तक प्रस्तावित 2500 करोड़ की रैपिड रेल, 2100 करोड़ की टप्पल में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब, 4500 करोड़ की मेडिकल डिवाइस पार्क, 3500 करोड़ की डॉटा सेंटर पार्क, 34000 करोड़ की सेमी कंडक्टर परियोजना को प्रस्तुत किया जाएगा।



इसके अलावा यमुना प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा क्षेत्रों की बड़ी कंपनियां अपने उत्पाद को प्रदर्शित करेंगी। एक्सपो मार्ट का हॉल नंबर-3 में यमुना प्राधिकरण के नाम रहेगा। यहां पर पॉड टैक्सी परियोजना को प्रदर्शित किया जाएगा। एक्सपो मार्ट के हाल नंबर तीन में बड़ी कंपनियां भी अपने स्टॉल लगाएंगी। इसमें जेबीएम, एलेंजर्स, यंगटैंग, यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि, ओसिस रियलटेक, गौड़ सिटी, न्यू जेन, वीवो, बीकानेरवाला, प्रिया गोल्ड, अल्फा मिल्क फूड्स, केंट आरओ, डीएस ग्रुप, पतंजलि, ट्वाय पार्क और अपैरल पार्क शामिल हैं। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरूणवीर सिंह ने बताया कि यमुना प्राधिकरण की परियोजनाओं के बारे में निवेशकों को पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। अगर कोई निवेशक मौके पर प्रस्तावित परियोजना का लोकेशन देखना चाहता है उसके लिए भी ट्रेड शो में व्यवस्था की गई है। प्राधिकरण टीम निवेशकों को मौके का मुआयजना कराने के लिए मौजूद रहेगी।

## यीडा में 1184 आवासीय भूखंड के लिए 1.40 लाख से ज्यादा आवेदन

**ग्रेटर नोएडा,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 1184 आवासीय भूखंड योजना में 140731 आवेदन आए हैं। जिसमें 31,1822 लोगों ने एक मुश्त भुगतान का विकल्प दिया है। योजना में सबसे अधिक आवेदन 200 मीटर के भूखंड में आए हैं। योजना का ड्रा 18 अक्टूबर को होगा। प्राधिकरण में इसकी तैयारी शुरू हो गई हैं।

यमुना प्राधिकरण ने आठ अगस्त को आवासीय भूखंड की योजना निकाली थी। इस योजना में 120 वर्ग मीटर से लेकर दो हजार वर्ग मीटर तक के भूखंड हैं। ये भूखंड सेक्टर-16, 17 और 20 में हैं। इस योजना को लोगों ने हाथों हाथ लिया। इसमें 140731 आवेदन आए हैं। यमुना प्राधिकरण ने फार्मो की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि तय समय पर ड्रा किया जाएगा। योजना में सबसे अधिक आवेदन 200 मीटर के भूखंड में आए हैं। इसमें 59983 लोगों ने आवेदन किया है। सबसे कम आवेदन दो हजार मीटर के लिए आए हैं। इसमें 693 आवेदन आए हैं। नियमों के मुताबिक, एकमुश्त भुगतान करने वालों को पहले ड्रा में शामिल किया जाएगा। भूखंड से अधिक आवेदन एकमुश्त जमा करने वालों के आए हैं। इसलिए किश्तों में भुगतान करने वालों को ड्रा में शामिल होने का मौका नहीं मिलेगा। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि आवासीय योजना में आवेदनों की संख्या 1.40 लाख से अधिक है। आवेदनों की जांच की जा रही है। तय समय पर ड्रा निकाला जाएगा।

■ **आवासीय योजना में 31,1822 लोगों ने एक मुश्त भुगतान का विकल्प चुना**

■ **इसमें 140731 आवेदन आए हैं, यमुना प्राधिकरण ने फार्मों की जांच शुरू की**

## सार संक्षेप

### सम्राट मिहिर भोज पार्क के पास गणोत्सव का शुभारंभ



**ग्रेटर नोएडा।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंगलवार गणराज्य महाराष्ट्र मित्र मण्डल के तत्वावधान में सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क में गणेश जी की मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ऋचा उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अपने स्टाल का शुभारम्भ किया। नरेश गुप्ता ने पूजा कर मूर्ति स्थापना की। मित्र मण्डल के संस्थापक चन्द्रशेखर गर्गे ने अतिथिगण का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत युवा पीढ़ी में कला एवं संस्कृति की नीवं रखने की दृष्टिकोण से टैलेंट शो के प्रस्तुति से हुई। इस अवसर पर वेद प्रकाश, भुजंग राव वाडेकर, हरेन्द्र भाटी, श्री कान्त पाटिल,राजेश पोकले,आदित्य घिडियाल,पूर्व सहायक औद्योगिक आयुक्त जी.पी.गोस्वामी, राहुल नम्बरदार, दुर्गेशवरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**जेवर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मेहंदीपुर की रहने वाली एक महिला ने मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ती देख कर स्वजनों ने आनन फानन में उसे कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अलियाबाद उर्फ मेंहदीपुर के खान मोहम्मद की पत्नी सन्नो 35 ने संदिग्ध परिस्थितियो में किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। स्वजनों ने उसे कस्बा स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## मोटोजीपी भारत रेस को अंतिम रूप देने में जुटा यमुना प्राधिकरण

■ **यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने वाहनों के लिए तीन पार्किंग तैयार की**

■ **बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट के आसपास प्राधिकरण लगा रहा फैंसी लाइट**

**ग्रेटर नोएडा,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण मोटोजीपी भारत रेस की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) के आसपास की सड़कें, लाइटिंग और उद्यानिक कार्य कराए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने तीन पार्किंग तैयार की हैं। इसमें नौ हजार से अधिक वाहन खड़े किए जा सकते हैं।




बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में आता है। इसलिए सर्किट के आसपास की व्यवस्थाओं को प्राधिकरण सुधारने में जुटा है। इस पर करीब चार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने आसपास की सड़कों को दुरुस्त कर दिया है। एक सड़क की रिसफेर्सिंग का काम चल रहा है। स्ट्रीट लाइट दुरुस्त कर दी गई हैं। फैंसी लाइट भी लगाई गई हैं। अंडरपास को दुरुस्त किया गया है। उनकी पेंटिंग भी कराई गई है। ताकि वह देखने में सुंदर दिखे। इसके अलावा उद्यानिक कार्य कराए गए हैं। इन सब की निगरानी परियोजना जीएम एके सिंह कर रहे हैं।

यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए भी काम कराए गए हैं। प्राधिकरण ने तीन पार्किंग बनाई हैं। गलगोटिया के सामने पार्किंग सी-1 और सी-2 बनाई गई है। चपरगढ़ अंडरपास के पास पार्किंग सी-3 बनाई गई है। सी-1 पार्किंग में पांच हजार वाहन, सी-2 में 2500 वाहन और सी-3 में 1500 वाहन खड़े किए जा सकते हैं। प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि तैयारी लगभग पूरी हो गई है। बचे हुए कामों को जल्द पूरा करा लिया जाएगा।

## यूपीएसआईडीए ने उद्यमियों की समस्याओं को सुना

**ग्रेटर नोएडा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। यूपीएसआईडीए कार्यालय के सभागार में, प्राधिकरण की वरिष्ठ एसीईओ अस्मिता लाल व अन्य अधिकारियों ने क्षेत्र के उद्यमियों के साथ क्षेत्र की वर्तमान स्थिति एवं समस्याओं को सुना। जिसमें आई आई ए व आई इ ए पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान उद्यमियों ने सड़को, नालियों, जल भराव, कूड़ा निस्तारण, विद्युत विभाग से द्वारा विद्युत प्रदाय, स्ट्रीट लाइट्स, सीवर लाइन का अभाव, क्षेत्र में सामान्य सुविधा केंद्रीय का निर्माण, पार्कों की बाउंड्री व अतिक्रमण आदि सभी मुद्दों को अस्मिता लाल के समक्ष रखी, जिसने उपस्थित ई एक्स ई एन जी ने जिन कार्यों के टेंडर अभी जारी हो चुके हैं और जो भी प्रोसेस में हैं उनको जानकारी दी। सलील यादव ने विद्युत इन्फ्रास्ट्रक्चर पर विभागीय कार्रवाई का ब्योरा दिया। राजीव त्यागी ने इस सब में उदयमियों को भी शामिल करने का सुझाव दिया कि प्राधिकरण जो भी कार्य करा रहा है उसकी प्राथमिकता इस क्षेत्र के उद्यमियों को विश्वास में लेकर की जाए। माहना ने कहा कि यूपीएसआईडीए का क्षेत्र बहुत पुराना है और सड़कों बनाए के मापदंड 30 बरस पुराने हैं अधिकतम 50 टन का वहन भार से सकने के हिसाब से ही बनाए गए हैं वर्तमान में वहां भार 100 टन से अधिक भी होता है जिससे सड़कें धंस जाती हैं और मरम्मत का स्तर भी वही रहता है निवेदन है कि प्राधिकरण सड़को के मापदंड में अपग्रेडेशन करे और उसी के अनुरूप सड़को का निर्माण हो।



साथ ही अभी भारत में स्वच्छ भारत अभियान और दूषित जल निस्तारण को लेकर कामना रहा है परंतु खेद है कि किसी भी औद्योगिक क्षेत्र में कॉमन सीवर लाइन और ट्रीटमेंट प्लांट नही हैं। आईआईए ग्रेटर नोएडा चैप्टर से विषारद गौतम, जे एस राणा, विपिन महाना, जगदीश सिंह अधाना, राकेश कुमार, सोमेश कौशिक जेड रहमान। इंडस्ट्रियल एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन के महासचिव संजीव शर्मा ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में हालांकि सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हुआ है लेकिन उसमें कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता है जिसे जल्द से जल्द ही कार्य पूरा कराया जा सके वहीं पर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की समस्या से भी अपर मुख्य कार्यपालिका अधिकारी को अवगत कराया गया। संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल गोयल ने बताया कि गौतम बुध नगर जिले में संस्था ने पैदल मार्च निकालकर औद्योगिक भूखंडों के नीलामी प्रक्रिया का विरोध जताया था जिसके बाद नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण ने इस प्रक्रिया को समाप्त कर दिया है लेकिन उपसिडा में अभी भी यह प्रक्रिया जारी है संस्था के पदाधिकारी ने ज्ञापन देकर अपर मुख्य कार्यपालिका अधिकारी से इस प्रक्रिया को समाप्त करने का अनुरोध किया एवं साथ ही चेतावनी दी कि यदि एक महीने के अंदर यह प्रक्रिया समाप्त नहीं होती है तो गौतम बुध नगर जिले के उद्यमी क्षेत्रीय कार्यालय सूरजपुर के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे।

## निर्माणाधीन ड्रीम वैली सोसायटी में लिफ्ट गिरने के मामले में दो और गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली पुलिस द्वारा आम्रपाली ड्रीम वैली की निर्माणाधीन सोसायटी में लिफ्ट गिरने के मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें गिरधारी लाल कंट्रेक्शन प्रालि. के फिनशिंग फॉरमैन व सुपरवाईजर शामिल है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बिसरख बिसरख कोतवाली क्षेत्र के निर्माणाधीन आम्रपाली ड्रीम वेली प्रोजेक्ट में 15 सितम्बर को टेकजोन-4 में सी ब्लाक के टावर नं0 12 पर 14वीं मजिल से पैसेन्जर लिफ्ट गिर जाने के कारण 8 मजदूरों की मृत्यु हो गई थी, घायल एक मजदूर का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया। निर्माण एजेंसी के प्रबंधक समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जबकि इस मामले में अभी कई आरोपी फरार चल रहे हैं। मंगलवार को पुलिस थाना बिसरख पुलिस द्वारा मनोज कुमार माधव पुत्र रामरुप प्रसाद और बोएलाल पासवान पुत्र स्व0 लक्ष्मी पासवान को आम्रपाली ड्रीम वैली के पास बनी झुग्गी झोपड़ी के पास से दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

जांच के दौरान पुलिस के संज्ञान में आया कि गिरफ्तार व्यक्ति गिरधारी लाल कन्ट्रेक्शन प्रालि. कंपनी का फिनिशिंग फॉरमैन व सुपरवाईजर के पद पर कार्यरत है, हादसे के दिन इंजीनियर के कहने पर बारिश होने के बावजूद भी दोनों ओरापी कम्पनी की कन्सट्रक्शन साईट पर मजदूरो को लिफ्ट से भेजा गया व लिफ्ट का संचालन करवाया गया जिसके चलते इनके द्वारा जानबूझकर लापरवाही की गई है।

## पूर्व राइडर लोरिस कैपिरोसी ने बीआईसी ट्रैक की तारीफ की, कहा ट्रैक के लेआउट से प्रसन्न हूं

**ग्रेटर नोएडा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। पूर्व मोटोजीपी स्टार राइडर लोरिस कैपिरोसी ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में रेस ट्रैक की क्वालिटी को लेकर अपनी संतुष्टि और खुशी व्यक्त की है। साथ ही लोरिस ने भारत की पहली इंडियनऑयल ग्रैंड प्रिक्स में जीत के दावेदारों के रूप में अपने पसंदीदा राइडर्स को भी चुना। यह रेस 22 से 24 सितम्बर तक आयोजित की जाएगी। लोरिस कैपिरोसी डोर्ना स्पोर्ट्स के सुरक्षा सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। लोरिस कैपिरोसी ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में राइड की और कहा कि वह ट्रैक के लेआउट से खुश हैं और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ मोटोजीपी राइडर्स के बीच रेस के विजेता का पता लगाना दिलचस्प होगा। कैपिरोसी ने कहा कि ऐसा लगता है कि सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा है और मैं ट्रैक के लेआउट से वास्तव में खुश हूं। यहां तेज मोड़ और अच्छे ब्रेकिंग पॉइंट हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रत्येक राइडर यहां कैसे रेस लगाता है।





डोर्ना स्पोर्ट्स के सहयोग से फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित इंडियनऑयल ग्रैंड प्रिक्स ऑफ इंडिया में 41 टीमों के 82 राइडर्स तीन दिनों के दौरान मोटोजीपी, मोटो 2 और मोटो 3 में शीर्ष सम्मान के लिए मुकाबला करेंगे। कैपिरोसी ने इंडियनऑयल ग्रां प्री ऑफइंडिया जीतने के लिए अपने फेवरिट खिलाड़ियों के नामों का भी खुलासा किया।

## एयरपोर्ट के गेट पर चलाया गया सफाई अभियान

**जेवर,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। निर्माणाधीन एयरपोर्ट साइट के मुख्य गेट के समीप स्थित किशोरपुर गांव में साइट के कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को सफाई अभियान चलाया। जिसमें कर्मचारियों ने एयरपोर्ट के गेट के साथ ही गांव किशोरपुर स्थित प्राइमरी स्कूल व आस पास भी साफ सफाई की। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा की अध्यक्षता मे सरकारी हॉस्पिटल में सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर प्रभारी डॉ सरफे खान, ए.के पांडेय, रोहित ठाकुर, मोनू गर्ग, विनोद बैंसला, तारा, नरेश ठाकुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## प्रबंधन के विद्यार्थियों को ओरिएंटेशन में किया प्रोत्साहित

**ग्रेटर नोएडा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। एक्यूरेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ एडवांस्ड मैनेजमेंट में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का शुभारंभ मंगलवार को मंत्र उच्चारण के साथ ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें सर्वप्रथम छात्राओं व अभिभावकों ने कॉलेज शिक्षकों के साथ दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की आराधना व आशीर्वाद प्राप्त किया उसके उपरांत सभी छात्राओं ने अपना रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण कर अपनी नई शैक्षिक यात्रा प्रारंभ की संस्थान में शैक्षिक यात्रा के प्रथम दिवस में छात्र छात्राओं के लिए पाठ्यक्रम और विषेज्ञता की कार्यशाला प्रारंभ की गई। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए अतिथि संजीव गाखर डायरेक्टर कंसंट्रिक्स सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छात्र छात्राओं का संबोधन एवं उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर संस्थान की ग्रुप निर्देशका पूनम शर्मा ने सभी छात्र छात्राओं को नए शैक्षिक यात्रा प्रारंभ करने के लिए अपना आशीर्वाद दिया संस्थान के शिक्षकों में डॉ. शुचिता सिंह, मोहम्मद फैज, ऋषभ गौड, संजीव बोस, डॉ. शशांक मल्होत्रा, श्रीनिवास शर्मा एवं निशा शर्मा उपस्थित रहे।



## मां-बेटे पर हमला करने के आरोप में तीन पर मुकदमा दर्ज

**दनकौर,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्र के चीती गांव में पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने मां-बेटे पर घर में घुसकर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में बेटे की हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मंगलवार को केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि बीते रविवार को वह घर से बाहर गए हुए थे। उसी का फायदा उठाते हुए पड़ोस के ही अंकित, अंकुश और बबलू ने घर में घुसकर उनके 14 वर्ष के बेटे मयंक व उनकी पत्नी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित का कहना है कि आरोपी उनसे रंजिश मानते हैं। जिसको लेकर ही आरोपियों ने यह हमला किया है। इस घटना पर उनके बेटे के सिर में गंभीर चोट आई है। जिसका ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नगर पंचायत पर लगा सरकारी धन के दुरूपयोग का आरोप

**दनकौर,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। दनकौर कस्बा स्थित नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी पर सरकारी धन की बर्बादी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कई सभासदों ने उपजिला अधिकारी से शिकायत की है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए उपजिला अधिकारी ने जांच के आदेश भी दिए हैं। सभासदों भावना, मनीषा, सौरभ, लक्ष्मण, हरिओम और ओमवती द्वारा नगर दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नगर पंचायत द्वारा वाटर टैंकर और ट्रॉली को अनावश्यक रूप से खरीदा गया जिनका कोई उपयोग नहीं हुआ है। इसके अलावा सीवर सेक्शन मशीन, डस्टबीन, डस्टबीन रिक्शा भी खरीदे गये जो कबाड़ का रूप ले चुके हैं। आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा अनावश्यक रूप से उपकरणों को खरीदकर धन का दुरुयोग किया गया है। सभासदों ने मांग की है कि सभी उपकरणों को बेचकर जनता के उपयोग के अन्य उपकरण खरीदे जायें। शिकायत के आधार पर उपजिला अधिकारी द्वारा जांच के आदेश दिए गए हैं।

## लाइट बिजनेस स्कूल में गणेश चतुर्थी का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। लॉयड बिजनेस स्कूल में गणेश चतुर्थी के अवसर पर पीजीडीएम के छात्रों के द्वारा भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। ग्रुप डायरेक्टर डॉ वन्दना अरोरा सेठी और संकाय सदस्यों द्वारा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर पूजा -अर्चना की। गणेश चतुर्थी मनाने के पारंपरिक तरीके से जुड़ी पर्यावरण संबंधी चिंताओं के बारे में जागरूकता को बढ़ने प्लास्टर ऑफपेरिस (पीओपी) से बनी मूर्तियों का उपयोग करना और जल निकायों में विसर्जन शामिल रहा है। पीजीडीएम के छात्रों के द्वारा पर्यावरण संबंधी गंभीर चिंताओं को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण अनुकूल मॉडलिंग की एक कार्यशाला तैयार की है। भारतीय समाज में गणेश चतुर्थी का उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया जाता है। ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के देवता की उदारता को चिह्नित करने के लिए मिट्टी के श्री गणेश तैयार किये गए है। भारतीय परम्पराओं और सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक महत्त्व के अवसर का स्वागत करने और जश्न मनाने के लिए छात्रों ने नृत्य के साथ सुबह श्री गणेश पूजा मनाई।




ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला-गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 605, 6th Floor, Tower-N-4, Area-79.43 sqm., Eros Sampoornam, Plot No. Gh-01, Sector-02, Greater Noida जो कि Mr. Pranjal Pandey निवासी House No. 47, Old Avas Vikas Colony, Rampur City, Rampur, U.P.-244901 के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक 23.12.2021 को पंजीकृत है। Mr. Pranjal Pandey की मृत्यु के उपरान्त उनके भाई Mr. Saransh Pandey S/o Sh. Ramesh Chandra Pandey ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Saransh Pandey S/o Sh. Ramesh Chandra Pandey का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 20 सितम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# नारी शक्ति वंदन उर्फ महिला आरक्षण

चुनावी साल में हार की आशंकाओं के बीच जूझ रही भाजपा ने 19 सितम्बर को फिर एक चुनावी दांव चला। दांव पुराना था, लेकिन मोदी सरकार ने अपने चलन के अनुरूप उस पर नया मुलम्मा चढ़ाकर इस तरह पेश किया, मानो यह उसी की पहल हो। 19 सितम्बर, 2023 को संसद के विशेष सत्र के दूसरे दिन संसद के नए भवन से कामकाज शुरु हुआ। मोदी सरकार ने इसके लिए गणेश चतुर्थी का दिन ही क्यों चुना, ये समझना कठिन नहीं है। हिंदुओं के लिए गणेश चतुर्थी का दिन खास मायने रखता है। पहले गणेश उत्सव महाराष्ट्र के अलावा कुछ गिने-चुने राज्यों में ही धूमधाम से मनाया जाता था। लेकिन सिनेमा और टीवी की पहुंच और प्रभाव के कारण धीरे-धीरे सारे देश में इसका दायरा बढ़ने लगा। लेकिन फिर भी इस दिन को राजनैतिक तौर पर भुनाने की कोशिश अब तक किसी सरकार ने नहीं की। श्री मोदी यहां भी कीर्तिमान स्थापित कर गए।

गणेश चतुर्थी के दिन संसद में प्रवेश से पहले, वे सेंट्रल विस्टा का उद्घाटन पंडितों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के बीच कर चुके हैं और दोनों ही अवसरों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का न होना कई सवालों को खड़े कर देता है। राष्ट्रपति महोदया को इन महत्वपूर्ण अवसरों पर मोदी सरकार ने क्यों शामिल नहीं किया, इसका जवाब वही दे सकते हैं। लेकिन एक बात दीवार पर लिखी इबारत की तरह स्पष्ट है कि संसद के कामकाज में भगवान और पूजा पाठ शामिल कर मोदी सरकार ने संविधान की भावना का अनादर किया, जो धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या करता है। मोदी सरकार ने लोकतंत्र के लिए सबसे जरूरी इस मंच को एक धर्म तक समेटने की कोशिश की, ताकि इसका लाभ उन्हें चुनाव में मिल सके। श्री मोदी के पास जनवरी में राम मंदिर के उद्घाटन का मौका अभी बचा है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को अपनी सत्ता के हिलने का अहसास होने लगा है और इसलिए वे इस वक्त किसी भी मौके को चूकना नहीं चाहते।

संसद में कई दशकों से महिला आरक्षण पर कानून बनाने की मांग हो रही है। मोदी सरकार ने अपने 9 सालों के कार्यकाल में तो अब तक इस पर कुछ नहीं किया था, लेकिन लोकसभा चुनाव में जब साल भर भी नहीं बचे हैं, तो श्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम का जिक्र संसद में किया और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन के पटल पर रखा। इस विधेयक के पारित होने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या बढ़कर 181 हो जाएगी। मौजूदा समय में लोकसभा में कुल सदस्य संख्या 543 है। और इस वक्त महिला सांसदों की संख्या 82 है। विधेयक में संविधान के अनुच्छेद- 239 एए के तहत राजधानी दिल्ली की विधानसभा में भी महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। यानी, दिल्ली विधानसभा में भी 70 में से 23 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। अन्य राज्यों की विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाएगा। जो लोकसभा या विधानसभा सीट महिलाओं के एक चुनाव में आरक्षित होगी अगले चुनाव में वही सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित नहीं होंगी। बल्कि अन्य 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। इसके बाद जो तीसरा चुनाव होगा उसमें बची हुई 33 प्रतिशत सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा।

इस विधेयक के ऐसे प्रावधानों को सुनकर लगता है कि देश में कोई अभूतपूर्व क्रांति होने वाली है। महिलाओं को एकदम से शक्ति मिलने वाली है। एक झटके में सारी व्यवस्था सुधर जाएगी, महिला विरोधी मानसिकता ठीक हो जाएगी। लेकिन हकीकत फिलहाल ऐसी नहीं है। विधेयक के मसौदे पर में यह लिखा है कि इसे 'संविधान (एक सौ अट्ठाईसवां संशोधन) अधिनियम 2023 के प्रारंभ होने के बाद होने वाली पहली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़े प्रकाशित होने' के बाद लागू किया जा सकेगा। इसे निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन या पुनर्निर्धारण के बाद लागू किया जाएगा। लागू होने के बाद अधिनियम 15 वर्ष तक प्रभावी रहेगा। अगली जनगणना कब तक होगी, इसका कोई ठिकाना नहीं है, क्योंकि सरकार की प्राथमिकता में शायद जनगणना के आंकड़े जुटाना है ही नहीं। जब तक जनगणना नहीं होगी, तब तक महिला, पुरुष, अजा, जजा, ओबीसी इन सब के ताजा आंकड़े नहीं आएंगे और जब आंकड़े ही नहीं होंगे, तो आरक्षण की व्यवस्था किस तरह होगी, ये बड़ा सवाल है। यह निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और कानून लागू होने के बाद पहली जनगणना के बाद ही संभव हो पाएगा।

इसका यही मतलब है कि संसद के नए भवन में प्रवेश के साथ ही मोदी सरकार ने जिस तरह महिला आरक्षण को एक नए नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साथ पेश किया, वो सभी दलों से विचार-विमर्श के बाद पूरी तैयारी के साथ पहले या बाद में भी पेश हो सकता था, लेकिन सरकार ने इसी दिन को चुना ताकि अपना नाम इतिहास में दर्ज करा सके। श्री मोदी ने इस विधेयक के बारे में बोलते हुए कहा भी कि ईश्वर ने इस शुभ काम के लिए शायद मुझे चुना है। इस वक्तव्य में श्रेय बटोरने की हड़बड़ी साफ दिखाई देती है। क्योंकि मोदी सरकार ये जानती है कि महिला आरक्षण का विचार राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल से ही पनपना शुरु हुआ है, और बाद की तमाम सरकारों ने अपने-अपने स्तरों पर इसे पारित करवाने की कोशिश की। 2010 में सोनिया गांधी के प्रयासों से राज्यसभा तक में महिला आरक्षण विधेयक पारित हो गया, लेकिन तब राजद, सपा जैसे दलों की कुछेक आपत्तियों के कारण लोकसभा में लटक गया। महिला आरक्षण विधेयक के लटकने-अटकने का इतिहास तो सबको ज्ञात है, लेकिन अब मोदी सरकार ने इसके नाम पर भटकाने का रास्ता भी प्रशस्त कर दिया। सरकार ने यही इशारा दिया है कि केवल वही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत है, जबकि यह पूरा सच नहीं है। आधे-अधूरे सच और आधी-अधूरी तैयारियों के साथ महिला आरक्षण या नारी शक्ति वंदन अधिनियम किस दिशा में बढ़ता है और किस दशा को प्राप्त होता है, ये जानने के लिए इंतजार करना होगा।

# नये संसद भवन और विशेष सत्र का औचित्य अब साफ है

पूर्व घोषणा के अनुसार भारतीय संसद अपने नये पते पर स्थानांतरित हो गई है। सोमवार को पुरानी इमारत में उसने अपना अंतिम कामकाज निपटाया और मंगलवार को गणेश जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर नये भवन का श्रीगणेश हुआ। 22 सितम्बर तक कई काम निपटाकर 5 दिवसीय विशेष सत्र समाप्त तो हो जायेगा लेकिन सोच-विचार करने वाला हर कोई जानता है कि इस नये संसद भवन और विशेष सत्र का औचित्य क्या है। औचित्य पर इसलिये सवाल उठता रहेगा क्योंकि देश के पास पहले से एक शानदार भवन उपलब्ध है जिसने अपने सभा कक्षों एवं गलियारों में देश को निर्मित होते देखा है; और जो अभी भी इस हाल में है कि वह अगले सौ-एक साल तक तो देश को प्रेरणा देने के अलावा हमारी संसदीय ज़रूरतों को पूरा भी कर सकता है- अगर आवश्यक हुआ तो थोड़ी-बहुत मरम्मत करके एवं उसमें कुछ बदलाव लाकर। हालांकि कोई कह सकता है कि अब तो नयी इमारत न केवल बन गई है और संसद का काम-काज नये पते पर प्रारम्भ भी हो गया है, तो इसके निर्माण के औचित्य पर सवाल करने का क्या अर्थ है। तो बात यह है कि संसद भवन देश का है और उसी के पैसों से बना है। फिर, यह ऐसे समय पर बनना शुरू हुआ था तब पूरी दुनिया के साथ भारत के लोग कोरोना की दो-दो लहरों के प्रकोप को भुगत रहे थे। जब लोगों को ऑक्सीजन संयंत्रों, एंबुलेंसों, अस्पताल में विशेष बिस्तरों, दवाओं की आवश्यकता थी तब देश का प्रधान सेवक नयी बिल्डिंग बनवाने में व्यस्त था तथा राजकोष का खर्च इस अब भी गैर जरूरी भवन पर कर रहा था। वैसे नये भवन के औचित्य पर तभी से सवाल उठते रहे हैं जब उसकी योजना बनी ही थी। जवाब न देने की आदी और सफाई देने में अपनी हेठी समझने वाली मोदी सरकार ने इस पर विस्तार से कभी अन्य दलों से चर्चा तक नहीं की। यहां तक कि भाजपा के सासंद तक इससे अनभिज्ञ थे।

दूसरे, जो शासकीय विधेयक लाये जा रहे हैं उनका भी इसलिये औचित्य पूछा जायेगा क्योंकि उन्हें कुछ दिनों पहले समाप्त हुए मानसून सत्र में लाया जा सकता था या वे आगामी शीतकालीन सत्र में भी पारित हो सकते थे। दूसरे, जो 7-8 शासकीय विधेयक लाये जा रहे हैं उनका भी इसलिये औचित्य पूछा जा रहा है कि उन्हें कुछ दिनों पहले समाप्त हुए मानसून सत्र में लाया जा सकता था या वे आगामी शीतकालीन सत्र में भी पारित हो सकते थे। अभी देशवासी इस राष्ट्रीय तमाशे के बीच में पहुंचे थे कि नये-नये तमाशों को एक के बाद एक प्रस्तुत करने में माहिर प्रधानमंत्री ने नया आईटम पेश कर दिया जो सबसे महत्वपूर्ण है- महिला आरक्षण। सोमवार की शाम



डॉ. दीपक पाचपोर

**संसद भवन देश का है और उसी के पैसों से बना है। फिर, यह ऐसे समय पर बनना शुरू हुआ था तब पूरी दुनिया के साथ भारत के लोग कोरोना की दो-दो लहरों के प्रकोप को भुगत रहे थे। जब लोगों को ऑक्सीजन संयंत्रों, एंबुलेंसों, अस्पताल में विशेष बिस्तरों, दवाओं की आवश्यकता थी तब देश का प्रधान सेवक नयी बिल्डिंग बनवाने में व्यस्त था तथा राजकोष का खर्च इस अब भी गैर जरूरी भवन पर कर रहा था।**

को कैबिनेट की हुई बैठक में बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण का मसौदा मंजूर करने से लगा था कि इसके लिये भी रास्ता साफ हो गया है। अगर ऐसा होता होता यह अच्छी बात होती परन्तु जो 6 पेजी विधेयक लाया गया तो वह भी 'पोस्ट डेटेड' निकला। इसे परिसीमन के बाद 2026 में लागू किया जायेगा। इसके प्रारूप का अध्ययन करने एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के भीतर विचार-विमर्श के लिये सांसदों को समय तक नहीं दिया गया। भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र में दूसरे कार्यकाल के लगभग अंतिम चरण में यह विधेयक लाना बहुत कुछ बतलाता है। अब देखना होगा कि जब इसके लागू होने का वक्त आएगा (2026 में) तो इसके प्रावधान क्या होंगे और उसका स्वरूप क्या रहेगा। वह सभी वर्गों की महिलाओं को समुचित न्याय दे पाता है या नहीं, यह भी देखे जाने की आवश्यकता है। पहले और दूसरे दौर में भाजपा के पास बहुमत की कमी तो थी नहीं और उसने अनेक विधेयक बगैर चर्चा या सर्वसम्मति की परवाह किये बिना ही पारित कर कानून बनाये हैं, तो इसे तत्काल पारित करने में कहां दिक्कत थी- यह भी स्पष्ट होना चाहिये।

यह विधेयक पिछले करीब चार दशकों से दिन के उजाले का इंतज़ार कर रहा था। उसके कुछ प्रावधानों को लेकर अनेक दलों की आपत्तियां थीं। मुख्य आपत्ति समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल की थी जिनकी मांग थी कि जिस प्रकार इस विधेयक में आरक्षण के भीतर उप आरक्षण के रूप में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के लिये प्रावधान हैं, वैसे ही अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये भी प्रावधान हों। भाजपा इन दिनों जातिगत गणना के मुद्दे पर घिरी हुई है क्योंकि कांग्रेस समेत अनेक विपक्षी पार्टियां इसके हक में हैं और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तो नारा ही दिया है कि 'जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी।' अगर भाजपा सरकार इस विधेयक में उस विसंगति को ठीक कर देती तो यह विपक्ष की जीत मानी जायेगी तथा उसे ओबीसी की अधिक भागीदारी का सिद्धांत मानना होगा। फिर तो जातीय जनगणना भी कराने की मांग जोरदार ढंग से उठेगी। तो भी उम्मीद थी वे विसंगतियां दूर होतीं और विधायिकाओं में प्रतिनिधित्व के बढ़े हुए हक की बाट जोहती देश की आधी आबादी को विधायिकाओं में बड़ी हिस्सेदारी मिल सकती। महिलाओं समेत सभी समतावादियों को मोदी ने निराश किया है। यह भी एक तरह से झुनझुना साबित हो गया है।

ये सारी कवायदें बताती हैं कि मोदी के सामने 2024 का लोकसभा चुनाव जीतना एक बड़ी चुनौती है। वह ऐसे और कठिन होता जायेगा क्योंकि इस साल के अंत में होने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव (छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना एवं मिजोरम) भी जीतना भाजपा के लिये कठिन माना जा रहा है। अब तो मुकाबले में मजबूत विपक्षी गठबन्धन इंडिया भी है। प्रशासक के रूप में पूर्णत: नाकाम और हर मोर्चे पर सुपर फ्लॉप साबित हो चुके प्रधानमंत्री के पास ऐसे आयोजनों के जरिये अपनी छवि चमकाने के अलावा और कोई उपाय नहीं हैं। 9-10 सितम्बर को भारत में हुए जी-20 के सम्मेलन की अध्यक्षता करने का अवसर एक तयशुदा रोटेशन व प्रक्रिया के तहत देश को मिला था। इसे यूं प्रचारित किया गया मानों वह मोदी की लोकप्रियता के बल पर हासिल किया गया पद हो।

श्री मोदी के लिये पहले तो अपनी पीएम की उम्मीदवारी को ही बचाने और फिर भाजपा को तीसरी बार सत्ता में लाने के कठिन टास्क हैं। ऐसे में छोटे-मोटे इवेंट काम नहीं आने वाले। इसलिये जी-20 का इस्तेमाल उन्होंने अपनी छवि चमकाने के लिये तूफानी अंदाज़ में किया। दिल्ली में उनके पोस्टर छाये हुए थे तथा उनके आर्थिक मॉडल के दुष्परिणामों को हरे पर्दों से ढंक दिया गया था ताकि विदेशी मेहमान गुजरात मॉडल के ढोल की पोल को न जानें। उसी श्रृंखला में संसद के स्थानांतरण को भी देखा जाना चाहिये। पुराने भवन से नये में जाने के कार्यक्रम को ऐसा डिज़ाइन किया गया था जिससे मोदी की गिरती छवि को टेका मिले। अंतिम समारोह में सत्ता से जुड़े जिन लोगों के भाषण हुए, उन्होंने ख्याल रखा था कि सारा श्रेय मोदी को जाये तथा उनके नेतृत्व की प्रशंसा हो। प्रोटोकॉल के अनुसार समारोह के सर्वोच्च अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तक यह कहकर प्रधानमंत्री को खुश करते नज़र आये कि श्री मोदी के कहने के बाद उन्हें दिक्कत आती है कि अब क्या कहा जाये। नये संसद भवन में इसी तरह से काफी कुछ देखने को मिलेगा क्योंकि मोदी एवं उनकी सरकार पुराने भवन में बनी संसदीय परम्पराओं, मर्यादाओं, आदर्शों और नैतिकता का बोझ उतारकर नये पते पर बिंदास तरीके से रहने जा रही है। **( लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं।)**

# कांग्रेस नेतृत्व 2024 में इंडिया बैनर तले भाजपा से मुकाबले को लेकर आश्वस्त

**■ कल्याणी शंकर**

हैदराबाद में पिछले सप्ताहांत कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद कांग्रेस नेता उत्साहित हैं। वे अब चुनाव में उतरने के लिए तैयार हैं। पार्टी की सर्वोच्च नीति-निर्धारक संस्था सी.डब्ल्यू.सी. ने कई विवादास्पद और संवेदनशील विषयों पर विचार किया और एकजुटता से अपने भविष्य की योजना बनाई।

मल्लिकार्जुन खड़गे के पार्टी अध्यक्ष बनने के बाद यह पहली बैठक थी। सम्मेलन में सोनिया, राहुल और प्रियंका के शामिल होने से गांधी परिवार की मजबूत उपस्थिति रही। इंडिया विपक्षी गठबंधन की तीन सार्थक बैठकों के बाद कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों ने राहुल गांधी के नेतृत्व और उनके भारत जोड़ो यात्रा को और आगे बढ़ाने के इरादे का समर्थन किया। माहौल आश्वासन भरा था और उसमें सकारात्मकता का भाव था।

विभाजित-तेलंगाना की राजधानी के रूप में हैदराबाद का चयन महत्वपूर्ण है क्योंकि तीन महीने में वहां राज्य विधानसभा चुनाव होने हैं। 2014 के बाद से कांग्रेस दोनों राज्य-आंध्र प्रदेश और तेलंगाना हार गई है।

**कांग्रेस सतर्क है और यह कहकर विवादास्पद विषयों से बच रही है कि वह सर्व धर्म समभाव के सिद्धांत में विश्वास करती है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश में एक सार्वजनिक रैली में इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया था कि वह सनातन धर्म और संस्कृति को खत्म करने की कोशिश करने और इसे 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राजनीतिक एजेंडा बनाने का गुट।**

राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा स्थितियों पर विचार करने के बाद, सी.डब्ल्यू.सी. ने जोरदार ढंग से घोषणा की कि वह आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 लोकसभा के लिए पूरी तरह से तैयार है। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के समर्थन से खुद को भाजपा के विकल्प के तौर पर पेश किया।

कांग्रेस नेता इंडिया गठबंधन को लेकर आशावादी हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस इंडिया गठबंधन में प्राथमिक भूमिका निभाना चाहती है और उसने सभी मोर्चों पर, खासकर मणिपुर और कश्मीर में मोदी सरकार की विफलता की आलोचना की।

14 प्रस्तावों में से एक में कहा गया है, 'सी.डब्ल्यू.सी. इंडिया गठबंधन की पहल को वैचारिक और चुनावी सफलता बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के संकल्प को दोहराती है ताकि हमारा देश विभाजनकारी और ध्रुवीकरण की राजनीति से मुक्त हो, सामाजिक समानता और न्याय की ताकतें मजबूत हों, और लोग एक ऐसी केंद्र सरकार प्राप्त करें जो जिम्मेदार, उत्तरदायी, संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह हो।' संक्षेप में, यही चुनाव अभियान का जोर होगा।

यह संदेश अपने गठबंधन सहयोगियों के प्रति पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि के रूप में कार्य करता है। खिलाड़ियों के बीच अंतर्निहित विरोधाभासों के कारण इसे लेकर संदेह बना हुआ है।

पार्टी ने तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाई। इसमें चुनौतियों पर ध्यान दिया गया जिसमें गठबंधन बनाने और इंडिया गठबंधन के कुछ सदस्यों के साथ सीटों के समायोजन पर केंद्रीय नेतृत्व और विशिष्ट राज्य इकाइयों के बीच अलग-अलग विचार शामिल हैं।

आंतरिक आकलन के अनुसार, पार्टी को पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में अपने भीतर से परेशानी की आशंका है। पंजाब और दिल्ली में पार्टी नेता प्रतिद्वंद्वी आम आदमी पार्टी का समर्थन नहीं करते हैं। पश्चिम बंगाल में राज्य नेतृत्व का सीधा मुकाबला तृणमूल कांग्रेस से है। राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा सत्ता के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

आंतरिक सर्वेक्षणों के अनुसार कांग्रेस पार्टी को छत्तीसगढ़ में थोड़ा फायदा हो रहा है और मध्य प्रदेश में उसकी मजबूत स्थिति है। पार्टी के अंदरूनी सूत्र यह भी बता रहे हैं कि तेलंगाना में कांग्रेस की पकड़ मजबूत हो रही है। पार्टी ने 17 सितंबर को हैदराबाद दिवस मनाने के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया था जो 1948 में शहर के भारत में शामिल होने का प्रतीक दिवस है।

संसद में विधायी कार्य के बारे में संकल्प मुख्य रूप से संविधान की समीक्षा के प्रस्तावों को अस्वीकार करने पर केंद्रित थे। पार्टी ने एक तिहाई महिला आरक्षण विधेयक और एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. के लिए आरक्षण सीमा बढ़ाने की मांग की। इन उपायों का उद्देश्य विभिन्न मतदाता समूहों का दिल जीतना है।

सी.डब्ल्यू.सी. ने मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों के वेतन, भत्ते और सेवा शर्तों में संशोधन के लिए प्रस्तावित विधेयक का भी विरोध करने का निर्णय किया। उनका तर्क था कि यह विधेयक चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचा सकता है।

सी.डब्ल्यू.सी. ने भाजपा के 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव को असंवैधानिक बताते हुए इसका विरोध किया है। फिर भी, मोदी सरकार ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए सह-अस्तित्व चुनाव कराने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक समिति की स्थापना की है।

एक प्रस्ताव में भाजपा की हृदयहीनता की आलोचना की गई। जम्मू-कश्मीर में संकट के दौरान मोदी की जी-20 उपलब्धियों का जश्न मनाने की निंदा की गई और इसे घाटी में सुरक्षा कर्मियों के बलिदान का अनादर कहा गया।

कांग्रेस सतर्क है और यह कहकर विवादास्पद विषयों से बच रही है कि वह सर्व धर्म समभाव के सिद्धांत में विश्वास करती है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश में एक सार्वजनिक रैली में इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया था कि वह सनातन धर्म और संस्कृति को खत्म करने की कोशिश करने और इसे 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राजनीतिक एजेंडा बनाने का गुट।

सी.डब्ल्यू.सी. के बाद सार्वजनिक रैली में, सोनिया गांधी ने आगामी तेलंगाना चुनावों के लिए छह वायदे किये, जो इस प्रकार हैं: 1. महिलाओं को 2,500 की मासिक राशि प्राप्त होगी, 2. किसानों और बटाईदार किसानों को वार्षिक 15,000 की राशि दी जायेगी, 3. जिसे गृह ऋण चाहिए उसे दिया जायेगा, 4.बेघरों को घर के लिए जगह और 5 लाख की राशि मिलेगी, 5. युवाओं को विकास में सहायता के लिए कार्यक्रम लाये जायेंगे और 6. सभी जरूरतमंद नागरिकों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इन लाभों का उद्देश्य मतदाताओं को मुफ्त सुविधाओं से आकर्षित करना था।

हालांकि, कांग्रेस ने अभी तक अपनी नयी कहानी का खुलासा नहीं किया है, जबकि यह स्पष्ट है कि विचारधारा केंद्रीय मुद्दा है। कांग्रेस को अपनी स्थिति सुधारने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। पार्टी की सफलता सीट साझाकरण, उम्मीदवार चयन, गठबंधन, संसाधन और कार्यकर्ता समर्थन सहित कई कारकों पर निर्भर करेगी। लेकिन नि:संदेह कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है।

## पावन प्रसंग

# श्रेष्ठता के लिए करें स्वयं को होम

मित्रो! श्रेष्ठता के लिए आदर्शवादिता के लिए अपने आप को होम कर देना, अपने आप को खतम कर देना, उसी के लिए संभव है, जिसके मन में से बेहिसाब करुणा टपकती हो, जहां कहीं भी हम देखते हैं, हमको करुणा ही दिखाई पड़ती है, जो आदमी की उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाती चली जाती है। जितने भी अच्छे श्रेष्ठ आदमियों को हम देखते हैं, वे सब करुणा से भरे हुए हैं। जापान में कागाबा को गांधी कहते हैं, जैसे कि हिंदुस्तान के गांधी थे। कागाबा कौन है? बेटे कागाबा उस आदमी का नाम है जिसने एम.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद में यह निश्चय किया कि अपनी बची हुई जिंदगी को दुखियारों के लिए खर्च करूंगा। जिन मुहल्लों में पीड़ित लोग रहते थे, शराबी, बीमार, कोढ़ी लोग रहते थे, उसी जगह उन्होंने अपनी झोपड़ी डाल ली और जिंदगी भर दरिद्रनारायण की सेवा में समर्पित हो गए। पचास रुपए में अपना गुजारा करने वाले जापान के गांधी कागाबा सारे के सारे दुखियारों की, दीनों की, पीड़ितों-पतितों की सेवा करने में लगे रहे। जापान की गवर्नमेंट ने, जनता ने उन्हें भरपूर सहायता दी।

मित्रो, भगवान की सहायता किसको मिली? जिनके पास कलेजा और हृदय है। आपके पास हृदय है कहां? जरा अपनी छाती पर हाथ रखकर देखें। अक्ल तो है, पर कितनी बड़ी है? जालिम अक्ल, बेईमान, अक्ल, दुष्ट अक्ल, पापी अक्ल, पतित अक्ल, और कमीनी अक्ल हमारे ऊपर के हिसाब रूप से हावी हो गई और हमको न जाने क्या से क्या कराती है, न जाने कितने तरह के जाल बुनने को हमें मजबूर करती है और न जाने कहां-कहां हमको भटकाती और ले जाती है। बेटे यह अक्ल एक कोने पर लेकिन जहां तक आध्यात्मिक जीवन का संबंध है, जहां तक भगवान को भक्ति का संबंध है, जहां तक मनुष्य की श्रेष्ठता और शालीनता का संबंध है, जहां तक भगवान की भक्ति का संबंध है, जहां तक मनुष्य की श्रेष्ठता और शालीनता का संबंध है, ये सारी की सारी बातें हृदय से ताल्लुक रखती हैं। ये आदमी की उदारता से ताल्लुक रखती है। ये आदमी की श्रद्धा से ताल्लुक रखती है भक्ति से ताल्लुक रखती है। जो आदमी कोमल हृदय वे होगा, वह अकेले खा नहीं सकता, जमा नहीं कर सकता, अमीर नहीं बन सकता, क्योंकि उसके सामने हजारों हाथ पीड़ितों के चारों ओर फैले दिखाई पड़ेंगे। वह खा नहीं सकता। ईश्वचंद्र विद्यासागर ने देखा कि अमीरी और गरीबी और पिछड़ापन समाज में अभी भी विद्यमान है, जो हमारे समय में था। हमारे पिता सुविधा नहीं जुटा पाए। हम किताबें मांग करके लाते और स्ट्रीट लाइट के नीचे खड़े होकर पढ़ते थे। यदि आज भी ऐसे विद्यार्थी हैं तो उनकी मुझे सहायता करनी चाहिए। उनके ईमान ने सोचा कि जो भगवान गरीबों के रूप में हजारों-हजार हाथों से आदमी से मांगता और पुकारता है, उसके लिए मुझे कुछ करना चाहिए।

मित्रो, अगर ईमान हमारे और आपके भीतर हो तब, उदार हृदय हमारे पास हो तब? पर हम तो हृदयहीन हैं। हृदय कहीं से धड़कता तो है, यह लोहार की धौंकनी के तरीके से है। इसमें करुणा का नाम भी नहीं। दया, उदारता का नाम भी नहीं है। इसमें तो महत्वाकांक्षाएं, लालसाएं और लिप्साएं इतनी ज्यादा जमा हो गई हैं कि यहां आकर के भगवान क्या करेगा? यहां आकर के देवी क्या करेगी? यहां आकर केआध्यात्मिकता क्या करेगी? ईश्वरचंद्र विद्यासागर को पांच सौ रुपए तनख्वाह मिलती थी। उन्होंने अपने घरवालों से कहा कि आप लोगों को पचास रुपए महीने में ही गुजारा करना पड़ेगा। आपके ऊपर ज्यादा खर्च नहीं किया जा सकता। चार सौ पचास रुपए महीने के बारे में उन्होंने यह व्यवस्था बनाई कि जो विद्यार्थी यह अनुभव करते हों कि हमारे पास किताबें, पेंसिल, मिट्टी के तेल, फीस आदि की कमी है या दूसरी चीजों की कमी है तो वे हमारे घर से ले जाया करें। सब बच्चे आते और अपनी जरूरत की चीजें ले जाते। मित्रो, उस जमाने में भले ईमानदार आदमी रहे होंगे, लेकिन आजकल जैसे बेईमान और चालाक कम है? आज तो फीस कम करवाने धनवानों के बच्चे अपने रिश्तेदारों के नाम पर फीस माफ करवा लेते हैं और जो वास्तव में जरूरतमंद हैं, वे गरीब रह जाते हैं। आज सब बंटाधार होता चला जा रहा है किसी जमाने में लेने वालों में भी शराफत थी और देने वालों में भी शराफत थी। केवल वे ही विद्यार्थी पाते थे, जो पाने के हकदार होते थे। चार सौ पचास रुपए में हजारों विद्यार्थी लाभ उठाते। कोई पेंसिल, कोई मिट्टी का तेल, कोई कापी, कोई फीस मांग ले जाते। चार सौ पचास रुपए में सैकड़ों हजारों बच्चे को पढ़ते देख विद्यासागर निहाल होते थे। (**अखंड ज्योति**)

## आपके पत्र

# बाजार से निराश किसान का आक्रोश आंदोलन में बदला

भारतीय किसान यूनियन प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून की मांग को लेकर एक बार फिर सड़क पर उतर चुके है। लखनऊ में इको गार्डन में आयोजित किसान मजदूर अधिकार महापंचायत को संबोधित करते हुए एमएसपी पर गारंटी ,दस साल के लिए डीजल ट्रैंकर पर लगी रोक हटाने और गन्ना मूल्य बढ़ाने जैसे तमाम मुद्दे उठाकर सरकार से मांग की है। आजादी के बाद सत्तर के दशक में हरित क्रांति की कामयाबी के साथ किसानों ने फसल की उपज बढ़ाई तो अतिरिक्त पैदावार से उनकी आय का स्त्रोत मजबूत होता गया। लेकिन आठवे दशक के आते-आते फसलों की लागत और कीमतों का अंतर कम होने लगा। इसमें लाचार किसान एमएसपी में बढ़ोतरी के लिए आंदोलन करने लगा। इस दौर में पश्चिमी उत्तरप्रदेश, पंजाब और हरियाणा में भारतीय किसान यूनियन को सबसे मजबूत किसान आंदोलन के रूप में देखा जाता था। असल मे कांग्रेस के समय भाकियू का उदय भी कुछ ऐसे समय मे हुआ था। जिन हालात में कुछ दिन पूर्व में राकेश टिकैत ने पिछले साल किया था। किसानों की अहमियत नौवे दशक के मध्य तक बरकरार रही। लेकिन आर्थिक आंदोलन लागू होने के बाद किसान आंदोलन की कमजोर नहीं हुए,कोई बड़ा किसान आंदोलन ही नहीं हुआ। वही देश में कुकरमुत्तों की तरह उग आए नए संगठन किसानों के मुद्दे को दखल करना शुरु कर दिया। हालांकि किसानों के लिए बेहतर समय आया है। किसानों की आय बढ़ी है। आर्टिकल्चर उत्पादन निर्यात और वैश्विक स्तर पर कृषि उपज के दाम बढ़ने से देश के किसानों की आय बढ़ी है। कांग्रेस और प्रादेशिक सरकारों की नीतियों से किसानों की आत्महत्या की खबरें ही आती गई। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 1995 से 2015 तक करीब तीन लाख 40 हजार किसानों ने खुदकुशी की थी। उसके बाद अब खुदकुशी नहीं करते हैं। सरकार हर समय अन्नदाता किसानों के लिए कदम कदम पर मदद के लिए तैयार है।उस दौर में 12 हजार किसान आत्महत्या कर रहे थे।अब समय बदला है किसान नए सिरे से अपने हक के लिए खड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री का नारा ही नहीं कि देश बदल चुका है इसलिए किसान भी अपने दीनहीन और कमजोर छवि बदलने की और चल पड़ा। किसान क्रांति ने किसान सरकार से सब कुछ मनवा दिया है। कर्ज माफी की घोषणा से किसानों की आत्महत्या बन्द हुई है। जिस तरह किसान सड़कों पर आ रहे हैं। सरकार को कुछ बड़े कदम उठाकर किसानों की मांग पर जरूर अमल करना चाहिए। किसान संगठनों को भी देखना होगा कि वह संकट के दीर्घकालिक हल के लिए काम कर रहे है या तत्कालीन हल के लिए। बेहतर नतीजों के लिए दूरदर्शिता जरूरी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## अभूतपूर्व प्रतिबंधों का दबाव झेल रहा है रूस : पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस ने पश्चिमी प्रतिबंधों के अभूतपूर्व दबाव को झेला है। पुतिन ने सोमवार को 2024-2026 के संघीय बजट पर एक बैठक के दौरान कहा, हमने अभूतपूर्व बाहरी दबाव, पश्चिमी ब्लॉक में कुछ सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग के प्रतिबंधों का सामना किया है। उन्होंने कहा, रूस की जीडीपी 2021 के स्तर पर पहुंच गई है, और अब, आगे स्थिर और दीर्घकालिक विकास के लिए स्थितियां बनाना महत्वपूर्ण है, उन्होंने घोषणा की कि देश की आर्थिक सुधार अवधि अब पूरी हो गई है।



# अगले हफ्ते कोरिया, चीन, जापान की होगी उच्च स्तरीय वार्ता

**सोल**, 19 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया, चीन और जापान त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन की योजना बना रहे हैं। तीनों देशों के नेता सोल में अगले हफ्ते मिलेंगे जिसमें एक दूसरे के साथ संबंध मजबूत बनाने के मुद्दे पर चर्चा होगी।

■ एक-दूसरे के साथ संबंध मजबूत बनाने के मुद्दे पर होगी चर्चा

सोल में विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि 26 सितंबर को होने वाली बैठक में दक्षिण कोरिया के उप विदेश मंत्री चुंग ब्यूंग-वोन, जापान के वरिष्ठ उप विदेश मंत्री ताकेहिरो फुनाकोशी और चीन के विदेश मामलों के सहायक मंत्री नोंग रोंग एक साथ बैठक करेंगे। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय के प्रवक्ता लिम सू-सुक ने कहा कि तीनों पक्ष अपने त्रिपक्षीय सलाहकार निकाय से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा करेंगे और तीनों देशों के बीच सहयोग की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा की समीक्षा करेंगे। मंत्रालय के एक अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि बैठक में संभावित त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन से संबंधित मामलों पर भी चर्चा होगी जो 2019 से निलंबित है। अधिकारी ने कहा, त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन को एक साल के भीतर आयोजित करने के उद्देश्य से इस समय चर्चा चल रही है।%% उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन की तारीख तय करने के लिए तीनों पक्ष विदेश मंत्री स्तरीय बैठक कर सकते हैं। तीनों पड़ोसी देशों के बीच तीन-तरफा शिखर सम्मेलन दक्षिण कोरिया और जापान के बीच जबरन श्रम मुआवजे के फैसलों और महामारी पर विवाद के बाद दिसंबर 2019 में आठवीं बैठक के बाद निलंबित कर दिया गया था। त्री-पक्षीय सम्मेलन पहली बार दिसंबर 2008 में आयोजित किया गया था।



**जी-7 विदेश मंत्रियों की अगली बैठक जापान में होगी**

**टोक्यो।** जी -7 विदेश मंत्रियों की अगली बैठक सात से आठ नवंबर को जापान में व्यक्तिगत रूप से होगी। जापानी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा, जापान जी7 विदेश मंत्रियों की अगली बैठक सात से आठ नवंबर को जापान में आयोजित करेगा, यह विर्चुअलि नहीं, बल्कि व्यक्तिगत रूप से होगी।

## इमरान की बहनों की अंतरिम जमानत बढ़ी

**इस्लामाबाद,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। लाहौर की एक आतंकवाद निरोधक अदालत (एटीसी) अदालत ने 9 मई को हुई हिंसक घटनाओं के सिलसिले में पीटीआई नेता असद उमर, पार्टी अध्यक्ष इमरान खान की दो बहनों की अंतरिम जमानत मंगलवार को 4 अक्टूबर तक बढ़ा दी।

अल-कादिर ट्रस्ट मामले में 9 मई को खान की गिरफ्तारी से हिंसा भड़क गई थी, जिसमें महत्वपूर्ण सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला हुआ था।

2 सितंबर को, लाहौर एटीसी ने उमर और इमरान की बहनों अलीमा खान और उज्मा खान की गिरफ्तारी पूर्व जमानत 19 सितंबर तक बढ़ा दी थी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान एटीसी जज आभार गुल ने पुलिस से जांच का पूरा रिकॉर्ड मांगा है। सुनवाई के दौरान अलीमा ने कहा कि वह जिन्ना हाउस नहीं गई थीं, जहां 9 मई को तोड़फोड़ की गई थी और फिर भी उनका नाम इस मामले में जोड़ दिया गया।

अलीमा ने कहा, हम न्याय के लिए अदालत में आए हैं। हम न्याय की मांग करते हैं।

# ईरान की जेलों में बंद पांच अमेरिकी नागरिक रिहा

**वाशिंगटन,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। ईरान में वर्षों से जेल में बंद और व्यापक रूप से बंधक माने जाने वाले पांच अमेरिकी नागरिक अपने घर वापस लौट रहे हैं। यह जानकारी बीबीसी ने मंगलवार को दी।



कतर की मध्यस्थता में इस विवादास्पद अदला-बदली की आखिरी प्रक्रिया तब शुरू हुई जब दक्षिण कोरिया में रखे हुए ईरान के 6 अरब डॉलर दोहा के बैंकों में पहुंच गए। इसके बाद ईरान में चार पुरुष और एक महिला को एक चार्टर्ड विमान से कतर की राजधानी के लिए रवाना किया गया। उनसे वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने मुलाकात की और अब वे वाशिंगटन के लिए रवाना हो चुके हैं। इन अमेरिकियों में ईरान की कुख्यात एविन जेल में लगभग आठ वर्षों से बंद 51 वर्षीय कारोबारी सियामक नमाजी, कारोबारी एमाद शारगी (59) और पर्यावरणविद् मोराद तहबाज (67) शामिल हैं। अमेरिका ने कहा कि उसके नागरिकों को राजनीतिक फायदे के लिए आधारहीन आरोपों में जेल में बंद रखा गया। सबसे पहले एक समझौता हुआ और उन्हें अगस्त के मध्य में एविन जेल से तेहरान में एक सुरक्षित घर में रखा गया।

अमेरिकी जेलों में बंद पांच ईरानियों, मुख्य रूप से अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के आरोप में, उन्हें भी इस अदला-बदली में क्षमादान दिया जा रहा है लेकिन उनमें से सभी के ईरान लौटने की उम्मीद नहीं है। ईरान ने इनके नाम रेजा सरहंगपुर, कंबिज अतर कशानी, कावेह लोतफोलाह अफरासियाबी, मेहरदाद मोइन अंसारी और अमीन हसनजादेह हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने विमान के दोहा पहुंचने के बाद कहा कि ईरान में कैद पांच निर्दोष अमेरिकी आखिरकार आज घर वापस लौट रहे हैं।

## सुडोकू 6322


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | | | 8 |
| | | 5 | 6 | | 1 | 4 | | |
| 2 | | | 4 | 7 | | | | 9 |
| | | 1 | | 8 | | | 6 | |
| 3 | 9 | 2 | | 6 | | 5 | 8 | 4 |
| | 7 | | | 5 | | 2 | | |
| 7 | | | | 2 | 5 | | | 6 |
| | | 4 | 8 | | 9 | 7 | | |
| 1 | | | | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6322



**बायें से दायें:-**

१. अपने ऊपर बीती घटनाओं का वृत्तांत
३. रणनायक
५. बल्कि, लेकिन. फिर भी
६. कारण, हेतु, उद्देश्य (उर्दू)
७. शर्म, लज्जा
९. सड़ी-गली वस्तुएं आदि की दुर्गंध
१०. मदिरालय
१२. ललक, गहरी इच्छा
१३. उपचार, चिकित्सा (उर्दू)
१४. सुकुमारता (उर्दू)
१५. संग रहने वाला
१८. ज्ञात-मालूम
२०. प्रतिष्ठा, सीमा
२१. रसीला
२३. रुधिरवर्ग (ब्लड ग्रुप)

**ऊपर से नीचे:-**

१. भरोसा देना, विश्वास दिलाना
२. अज्ञानी से ज्ञानभरी बातें करना, मुहावरा है भैंस के आगे...
३. पुल
४. पावन, शुद्ध
५. मौका, समय
८. श्रीकृष्ण
१०. पवित्र (उर्दू)
११. नष्ट, तबाह (उर्दू)
१२. शर्म, हया
१३. वगैरह
१४. घोंसला, रहने की जगह (उर्दू)
१५. ऋणी (उर्दू)
१७. बादल (उर्दू)
१८. तरक्की
१९. भांति, प्रकार
२२. खुदा, ईश्वर (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6321



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 20 सितम्बर, 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 6

### राशिफल

मेष - आज के दिन का आरंभ बहुत अच्छा होगा। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा बना रहेगा। दोपहर के बाद नए काम करने की सलाह आपको नहीं दी जाती है। वाणी और व्यवहार पर संयम बरतें।

वृषभ - व्यापार में यश और सफलता मिलेगी। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा। विरोधियों को पीछे छोड़ पाएंगे। दोपहर बाद मनोरंजन में आपका ध्यान रहेगा।

मिथुन - आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रह सकते हैं।

कर्क - हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। जमीन और वाहनों से जुड़ी समस्या आपको हो सकती है।

सिंह - आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है। किसी लाभदायक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं।

कन्या - आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा। परिजनों के साथ बातचीत में संयम बरतें।

तुला - आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। विचारों में दृढ़ता बनी रहेगी। नए वस्त्र, आभूषण या मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

वृश्चिक - आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें। दोपहर के बाद शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य में दिक्कत रहेगी।

धनु - व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा। व्यापारीवर्ग को भी लाभ होगा।

मकर - आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है। नौकरी में साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

कुंभ - आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

मीन - आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1697- राइन्सविक की संधि पर फ्रांस और ग्रैंडअलांस के बीच हस्ताक्षर किए गए थे, जो नौ साल के युद्ध को समाप्त कर रहे थे।
1797- बोस्टन में यूएस फ्रिगेट संविधान (ओल्ड इरोनसाइड्स) लॉन्च किया गया।
1803- आयरिश विद्रोही रॉबर्ट एम्मेट को निष्पादित किया गया।
1819- कार्ल्सबैड डिक्रस जर्मन परिसंघ भर में जारी किए गए।
1831- भाप से चलने वाली पहली बस बनाई गयी। 30 लोगों की क्षमता तथा अत्यंत धीमी गति से चलने वाली इस बस के अविष्कारक गोर्डन ब्रान्ज़ थे।
1839- नीदरलैंड के पहले रेल मार्ग एम्सटरडम से हार्लेम का उद्घाटन हुआ।
1848- विज्ञान की प्रगति के लिए अमेरिकन एसोसिएशन बनाया गया।
1867- ऑस्ट्रिया में हंग्री के विलय के पश्चात फ्रांसवा जोज़फ औपचारिक रुप से ऑस्ट्रिया हंग्री के सम्राट बने।
1881- चेस्टर ए आर्थर ने 21 वे राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
1884- सैन फ्रांसिस्को में %इच्ल राइट्स पार्टी% का गठन किया गया।
1906- उस समय का सबसे बड़ा और सबसे तेज जहाज इंतेहाई दुनिया का महासागर लाइनर आरएमएस मूरतनिया लॉन्च किया गया था।
1925- हेरोल्ड लॉयड कॉमेडी फिल्म द फ्रेशमैन को परदे पर दिखाया गया।
1933-अग्रणी थियोसोफिस्ट, महिला अधिकारों की समर्थक, लेखक, वक्ता एवं भारत-प्रेमी महिला डाक्टर एनी बेसेन्ट का निधन हुआ।
1943- द्वितीय विश्व युद्ध-ऑस्ट्रेलियाई सैनिकों ने न्यू गिनी में काईपिट की लड़ाई में शाही जापानी सैनिकों को हराया।
1946- पहला कान फिल्म फेस्टिवल कान्स के रिसॉर्ट शहर में खोला गया। यह एक वार्षिक उत्सव होगा जो फ्रेंच रिवेरा पर होगा।
1954- आईबीएएम द्वारा विकसित फोरट्रान भाषा के पहले प्रोग्राम को कंप्यूटर पर चलाया गया।
1970- रूसी प्रोब ने चांद के सतह से कुछ चट्टानें इकट्ठा की।
1971- हरिकेन इरेन (उपग्रह चित्र।) ने निकारागुआटो को सफलतापूर्वक अटलांटिक महासागर से प्रशांत में पार करने वाला पहला ज्ञात उष्णकटिबंधीय चक्रवात बन गया।

## यूएनजीए में ईरानी राष्ट्रपति से मिलेंगे फुमियो किशिदा

**टोक्यो,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अधिवेशन से इतर ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के साथ बैठक करने की योजना बना रहे हैं जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ कोई बातचीत निर्धारित नहीं है। क्योदो समाचार एजेंसी ने सरकारी अधिकारियों के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। क्योदो ने बताया कि श्री किशिदा यूएनजीए को अपने संबोधन में वैश्विक मुद्दों पर जापान का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे और साथ ही परमाणु निरस्त्रीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए सहयोग के एजेंडे को बढ़ावा देंगे। समाचार आउटलेट ने श्री किशिदा के हवाले से कहा, मैं जापान की अनूठी अवधारणाओं, जैसे मानव सुरक्षा और मानव-केंद्रित अंतरराष्ट्रीय सहयोग (यूएनजीए में) से अवगत कराऊंगा। क्योदो ने बताया कि जापानी विदेश मंत्री योको कामिकावा, जो देश की पहली महिला विदेश मंत्री हैं, यूएनजीए में भाग भी लेंगी। यूएनजीए उच्च-स्तरीय सप्ताह 19-26 सितंबर तक अमेरिका के न्यूयॉर्क में हो रहा है।

# निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा ने भारत पर लगाया आरोप

**वाशिंगटन,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी टाइगर फोर्स के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ बताया। उनके इस बयान पर अमेरिका ने चिंता जतायी है।

एबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने एक बयान में कहा, हम प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों के बारे में चिंतित हैं। बयान में कहा गया, हम अपने कनाडाई साझेदारों के साथ लगातार संपर्क में रहते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि कनाडा की जांच आगे बढ़े और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। पीएम ट्रूडो ने सोमवार को कनाडाई संसद में कहा कि ऐसे आरोप हैं कि खालिस्तान टाइगर फोर्स के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार का संबंध हो सकता है। आरोपों के बाद कनाडाई विदेश मंत्री मेलानी जोली ने बताया कि उन्होंने इस घटना पर एक शीर्ष भारतीय राजनयिक को देश से निष्कासित कर दिया। जोली ने कहा कि ट्रूडो ने कथित तौर पर इस मामले को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ भी उठाया था।



■ भारत ने कनाडा सरकार के आरोपों को खारिज किया

भारत ने कनाडा सरकार के आरोपों को खारिज किया और उन्हें बेतुका करार दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, हमने कनाडा के प्रधानमंत्री के उनकी संसद में दिए गए बयान और उनके विदेश मंत्री के बयान को देखा है और हम उसे खारिज करते हैं।

इसमें भारत सरकार की संलिप्तता के आरोप बेतुके हैं। बयान में आगे कहा गया, इसी तरह के आरोप कनाडा के प्रधानमंत्री ने हमारे प्रधानमंत्री पर लगाए थे और उन्हें पूरी तरह से खारिज कर दिया गया था। मंत्रालय ने आगे कहा, हम कानून के शासन के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता वाली एक लोकतांत्रिक राजनीति हैं।

# लीबिया में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में 70 फीसदी बुनियादी ढांचे को पहुंचा नुकसान

**त्रिपोली,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। लीबिया की राष्ट्रीय पुल एवं सड़क एजेंसी ने सोमवार को कहा कि पूर्वी लीबिया के बाढ़ प्रभावित इलाकों में 70 प्रतिशत बुनियादी ढांचा क्षतिग्रस्त हो गया है। एजेंसी ने कहा कि वहां की 50 प्रतिशत सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो गईं और आपदा क्षेत्रों में यातायात की अनुमति के लिए वैकल्पिक मार्ग खोले गए।

शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि पूर्वी लीबिया में बाढ़ प्रभावित 15 शहरों और कस्बों में 114 स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 10 सितंबर को, भूमध्यसागरीय तूफान डैनियल ने लीबिया में दशकों में सबसे खराब बाढ़ ला दी, जिसमें अब तक कम से कम 5,500 लोगों की जान चली गई और 10,000 अन्य लापता हो गए।



## बैरेंट्स यूरो-आर्कटिक परिषद से रूस हटा

**मॉस्को,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रूस ने बैरेंट्स यूरो-आर्कटिक काउंसिल (बीईएसी) से हटने का फैसला किया है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सोमवार को जारी बयान का हवाला देते हुए बताया कि बीईएसी पिछले 30 वर्षों से सीमा पार बातचीत के लिए एक उपयोगी और प्रभावी प्रारूप रहा है, और इसने उत्तर में शांति और स्थिरता बनाए रखने में योगदान दिया है। बयान में कहा गया है कि परिषद के पश्चिमी सदस्यों के कारण मार्च 2022 से परिषद की गतिविधियां रुकी हुई हैं और फिनलैंड ने अक्टूबर 2023 में बीईएसी की अध्यक्षता रूस को हस्तांतरित करने की अपनी तैयारी की पुष्टि नहीं की है। विदेश मंत्रालय ने कहा, मौजूदा परिस्थितियों में, हम बीईएसी से रूस की वापसी की घोषणा करने के लिए मजबूर हैं। इसमें कहा गया, रूस उत्तर में अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को लागू करना जारी रखेगा। हम हर किसी के साथ बातचीत के लिए खुले हैं, जो रचनात्मक दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध है।

## पेरू में बस दुर्घटना में 24 लोगों की मौत


**लीमा।** दक्षिण-पश्चिमी पेरू के हुआनकेवेलिका क्षेत्र में सोमवार तड़के एक यात्री बस के सड़क से उतरकर दो सौ मीटर गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार लगभग 1ः30 बजे चुरकम्पा प्रांत के पहाड़ी इलाके में हुई। समाचार प्रसारक रेडियो प्रोग्रामस डेल पेरू ने चुरकम्पा इंटीग्रेटेड हेल्थ नेटवर्क का हवाला देते हुए बताया कि इस हादस में नाबालिग भी है। घायलों को हुआनकायो, पम्पास और अयाकुचो शहरों के अस्पतालों में ले जाया गया। एंको के जिला मेयर, मैनुअल ज़ेवलोस ने रेडियो स्टेशन को बताया कि क्षेत्र में हिमस्खलन के परिणामस्वरूप सड़क कम से कम एक महीने से खराब स्थिति में है।

**बयान** एसडीजी शिखर सम्मेलन में मौजूद रहे यूएन महासचिव

# गुटेरेस ने वैश्विक वित्तीय सुधारों का आह्वान किया

**संयुक्त राष्ट्र,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को पुराने, निष्क्रिय और अनुचित विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में सुधार और विश्व संगठन के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के लिए 500 अरब डॉलर के प्रोत्साहन कोष बनाने का अपना आह्वान दोहराया। एसडीजी शिखर सम्मेलन के उद्घाटन पर गुटेरेस ने कहा कि गरीबी के पहियों के नीचे कुचले गए लोगों, जलवायु परिवर्तन और संघर्ष के अंधेरे वैश्विक परिदृश्य में एसडीजी हर जगह लोगों की आशाओं, सपनों, अधिकारों और अपेक्षाओं को लेकर चलते हैं।

उन्होंने कहा, लड़खड़ाते एसडीजी- गरीबी और भूख से लेकर जलवायु परिवर्तन और असमानता तक दुनिया की बीमारियों को ठीक करने के साथ-साथ 2030 तक शांति और न्याय लाने के 17 ऊंचे लक्ष्य- एक वैश्विक बचाव योजना की जरूरत है। एसडीजी शिखर सम्मेलन 2015 में लक्ष्यों को अपनाने और उन तक पहुंचने की समय सीमा 2030 के मध्य में आयोजित किया जा रहा है, ताकि प्रगति का मूल्यांकन किया जा सके और उनके प्रति प्रतिबद्धताओं को फिर से बढ़ाया जा सके। गुटेरेस ने कहा कि वह अगले सितंबर तक एक नए ब्रेटन वुड्स क्षण और व्यावहारिक समाधान के विकास का आह्वान कर रहे हैं, क्योंकि वह भविष्य का शिखर सम्मेलन बुला रहे हैं। 1944 में अमेरिका के ब्रेटन वुड्स में आयोजित सम्मेलन ने विश्व बैंक और आईएमएफ की स्थापना की और अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली की नींव रखी - जिनमें से कुछ द्वितीय विश्व युद्ध के बाद क्षीण हो गईं और शक्ति संरचना को प्रतिबिंबित किया। गुटेरेस के आह्वान एक राजनीतिक घोषणा के मसौदे में अंतर्निहित हैं जिसे शिखर सम्मेलन में अपनाने की उम्मीद है। बहुपक्षीय बैंकिंग प्रणाली और सहायता एजेंसियों में सुधार के साथ-साथ कोविड महामारी और यूक्रेन युद्ध से तबाह दुनिया में विकास के लिए धन बढ़ाना ग्लोबल साउथ का एक आह्वान है। महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा, मैं आप सभी को चुनौती देता हूं कि इस शिखर सम्मेलन का उपयोग करके 2030 [एसडीजी] एजेंडा का समर्थन करने और उसे पूरा करने के लिए अभूतपूर्व प्रतिबद्धताओं की घोषणा करके साहसी नेतृत्व का प्रदर्शन करें। उन्होंने इसे मानवता के लिए एक सच्चा खाका कहा। उन्होंने कहा कि एसडीजी को फिर से सक्रिय करने से विश्वास की भावना आएगी, जो संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाला बहुपक्षवाद प्रदान करता है। फ्रांसिस ने चेतावनी दी कि एसडीजी में की गई प्रतिबद्धताओं के बावजूद चिंताजनक रूप से 2022 तक 1.2 अरब लोग अभी भी बहुआयामी गरीबी में रह रहे थे



■ 500 अरब डॉलर के प्रोत्साहन कोष बनाने का अपना आह्वान दोहराया

## दुनिया को जानें

# यूजर्स से छोटा मासिक शुल्क ले सकता है एक्स : एलन

**वाशिंगटन,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'एक्स' के मालिक एलन मस्क ने बॉट्स में कटौती की आवश्यकता जताते हुए कहा है कि 'एक्स' सभी यूजर्स से छोटा मासिक शुल्क ले सकता है। मस्क ने अक्टूबर 2022 में 44 अरब डॉलर में एक्स (पूर्व में ट्वीटर) का अधिग्रहण करने के बाद इसमें कई बदलाव किए हैं। अधिग्रहण के बाद उन्होंने हजारों कर्मचारियों को निकालने के साथ हर एक भुगतान प्रीमियम विकल्प पेश किया और कंटेट मॉडरेशन में कटौती की। वहीं पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सहित अन्य के पूर्व प्रतिबंधित अकाउंट को फिर से बहाल किया। उन्होंने कहा कि जुलाई में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने अपने विज्ञापन राजस्व का लगभग आधा हिस्सा गंवा दिया। एक्स पर बॉट्स सामान्य रूप से प्रचलित हैं, जिसे व्यक्ति नहीं बल्कि कंप्यूटर प्रोग्राम द्वारा चलाया जाता है, जहां उनका उपयोग राजनीतिक संदेशों या नस्लीय हिंसा को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मस्क के साथ ऑनालइन बातचीत के दौरान यहूदी-विरोधीवाद का मुद्दा उठाया और पूछा कि कैसे एक्स बॉट्स के उपयोग को रोक लगाने के साथ ही इसके दोहराव और बढ़ावा को रोका जा सकता है।

# प्रादेशिकी

## अमरपाल सिंह बोनी भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बने

**अमृतसर**, 19 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमरपाल सिंह बोनी अजनाला को भाजपा ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सलाहकार प्रो. सरचंद सिंह ख्याला, रामगढ़िया वेलफेयर बोर्ड के पंजाब के पूर्व उपाध्यक्ष, कंवरबीर सिंह मंजिल, नगर सुधार ट्रस्ट, तरनतारन के पूर्व अध्यक्ष, प्रो. गुरविंदर सिंह ममनके आदि ने बुधवार को अमरपाल सिंह बोनी को सम्मानित करते हुए पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ और पंजाब भाजपा संगठन मंत्री श्री निवासलु को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बोनी अजनाला पंजाब के जमीनी स्तर से जुड़े एक मेहनती और अनुभवी नेता हैं, जो न केवल बीजेपी ओबीसी मोर्चा बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाथ को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

# सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड बिजली प्रोजेक्ट को सरकार वापस लेकर खुद बनाएगी : सुखविन्द्र सिंह सुक्खू

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बड़ा एलान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड को पूर्व सरकार में दिए गए बिजली प्रोजेक्ट सरकार वापस लेकर खुद बनाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सरकार ने इन परियोजनाओं में हिमाचल के हितों को बेच दिया है। नतीजतन वर्तमान सरकार ने उर्जा नीति में आंशिक बदलाव करके सार्वजनिक उपक्रमों को नोटिस दिए हैं। सदन में पूर्व उर्जा मंत्री सुखराम चौधरी के एक सवाल के जवाब में सीएम ने तलब लहजे में कहा कि पूर्व सरकार के समय में हिमाचली हितों की सुरक्षा नहीं की गई बल्कि प्रदेश के हितों को बेचा गया है। उन्होंने कहा कि सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड को चार परियोजनाएं दी गईं लेकिन उन्होंने सरकार के साथ एग्रीमेंट नहीं किया। बिना एग्रीमेंट के ही वहां पर काम शुरू कर दिया गया। ऐसे में सरकार ने उनको दो नोटिस दिए हैं और कहा गया है कि शर्तों के आधार पर यदि वह प्रोजेक्ट चलाना चाहते हैं तो ठीक वरना सरकार इन परियोजनाओं को वापस ले लेगी।

उन्होंने कहा कि खुद सरकार इन परियोजना का निर्माण करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि धौलासिदृध, लूहरी, सुन्नी व सैंज प्रोजेक्ट को लेकर पूर्व सरकार ने स्थानीय पंचायतों को मिलने वाली लाडा तक की राशि माफ कर दी। साथ ही पहले 12 साल के लिए उनसे



रॉयल्टी भी नहीं लिए जाने का प्रावधान किया गया वहीं जीएसटी भी उनको माफ कर दिया जोकि सरासर हिमाचल के साथ अन्याय है।

सीएम ने कहा कि वर्तमान सरकार ने उर्जा नीति में आंशिक बदलाव करके पहले 12 साल में 20 फीसदी रॉयल्टी, अगले 10 साल में 30 फीसदी व उससे आगे 30 से 40 साल तक 40 फीसदी रॉयल्टी लेने का प्रावधान किया है। इसके बाद प्रोजेक्ट वापस ले लिया जाएगा। इन शर्तों के आधार पर ही यहां पर बिजली परियोजनाएं दी जाएंगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश उच्च न्यायालय ने सतलुज जल विद्युत निगम के मामले में आपसी बातचीत के जरिए समझौता करने को कहा है मगर सरकार ने साफ कर दिया है कि तय शर्तों पर ही समझौता होगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह से एनटीपीसी ने बातचीत करने को कहा है वहीं एनएचपीसी को भी ऐसा नोटिस दिया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में सोलर पावर की तरफ प्रदेश बढ़ रहा है। नवीकरणीय उर्जा के लिए प्रोजेक्ट दिए जा रहे हैं।

## महिला आरक्षण विधेयक पेश होने से महिलाओं को और ताकत मिलेगी: सुक्खू

**शिमला।** महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण विधेयक संसद में पेश होने पर हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को ऐतिहासिक दिन बताया और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से महिलाओं को और ताकत मिलेगी श्री सुक्खू ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-2 (यूपीए-2) सरकार में गठबंधन की अध्यक्ष सोनिया गांधी जी ने इसे राज्यसभा में पारित करा दिया था, लेकिन लोकसभा में पेश नहीं हो पाया। आज नई संसद में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने महिला आरक्षण बिल पेश किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिलाओं का सम्मान करती है और उन्हें उम्मीद है कि 2024 के लोकसभा चुनाव और आने वाले विधानसभा चुनावों में ही यह आरक्षण लागू हो जाएगा। हिमाचल विधानसभा में से भी कुछ लोग जाएंगे और उनकी जगह महिलाएं, हमारी बेटियां और बहनें दिखेंगी श्री सुक्खू ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी और कहा कि इससे महिला शक्ति को और ताकत मिलेगी। इस दौरान उन्होंने विधानसभा की एकमात्र महिला विधायक रीना कश्यप को भी पार्टी में शामिल होने का न्योता दिया।

# कांग्रेस पार्टी को विधायक मदन सिंह बिष्ट के खिलाफ करनी चाहिए सख्त कार्रवाई : भाजपा

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी के द्वाराहाट के विधायक मदन सिंह बिष्ट के बीटी इंजीनियरिंग संस्थान के निदेशक के साथ अभद्रता करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसको लेकर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल का कहना है कि कांग्रेस पार्टी का चाल चरित्र चेहरा एक बार फिर से उजागर हुआ है। उनका कहना है कि कांग्रेस पार्टी के विधायक मदन सिंह बिष्ट ने अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया है जो एक जनप्रतिनिधि के लिए अशोभनीय है।

अभद्र भाषा का इस्तेमाल करके कांग्रेस पार्टी के विधायक मदन सिंह बिष्ट ने उत्तराखंड की नारीशक्ति का भी अपमान किया है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी को उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। मगर दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश स्तर के सीनियर लीडर इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हैं। इससे साफ है कि कांग्रेस पार्टी की क्या नीयत है, उनका कहना है कि



कांग्रेस पार्टी में अगर कुछ भी नैतिकता बची है तो तत्काल विधायक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके एक नजीर पेश करनी चाहिए।

उनका कहना है कि उत्तराखंड के लोगों के आचरण के खिलाफ विधायक मदन मदन सिंह बिष्ट का कृत्य है ऐसे में उन्हें सार्वजनिक तौर पर माफी भी मांगनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी को उनके खिलाफ कार्रवाई भी करनी चाहिए। जो वीडियो वायरल हो रहा है उसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है दूसरी तरफ पुलिस प्रशासन ने भी इस पूरे मामले में गंभीर रुख अख्तियार किया है विधायक के

- ■ कांग्रेस पार्टी का चाल चरित्र और चेहरा हुआ उजागर : आशा नौटियाल
- ■ कांग्रेस पार्टी के विधायक मदन सिंह बिष्ट के अभद्र आचरण पर भाजपा ने कसा तंज
- ■ ऐसे में कांग्रेस पार्टी को उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

**विधायक मदन सिंह बिष्ट का पुतला भी फूंका**

आज पूरे प्रदेश में भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने विधायक मदन सिंह बिष्ट का पुतला भी फूंका उनके खिलाफ नारेबाजी भी की और आक्रोश भी जताया है। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने भी विधायक के आचरण पर सवाल उठाया है विरोध प्रदर्शन किया है ऐसे में भाजपा ने सख्त तैयार किया है और विधायक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## सार संक्षेप

### मुक्तसर में बस फिसलकर सरहिंद फीडर नहर में गिरी, पांच की मौत


**मुक्तसर।** पंजाब के मुक्तसर में मंगलवार को एक निजी बस के फिसलकर सरहिंद फीडर नहर में गिर जाने से दो महिलाओं सहित पांच यात्रियों की डूबकर मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। मुक्तसर के पुलिस प्रमुख हरमनबीर सिंह गिल ने कहा कि नहर से पांच शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 45 यात्रियों को बस से बचाया गया और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। जिला उपायुक्त रूही दुग्ग ने कहा कि दोपहर बाद 1.30 बजे बारिश होने के कारण हुई दुर्घटना के तुरंत बाद बचाए गए यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया। पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान, जो कोटकपूरा से आम आदमी पार्टी के विधायक हैं, ने कहा कि अधिकारियों को पीड़ितों को अपेक्षित बचाव और चिकित्सा सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। दीप बस सर्विस के मालिक हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों ने पत्रकारों को बताया कि ड्राइवर और कंडक्टर बच गए हैं। ढिल्लों के मुताबिक, आगे चल रही कार से टकराने से बचने के लिए ड्राइवर ने ब्रेक लगाए तो बस फिसल गई। बस मुक्तसर-कोटकपूरा रूट पर थी।

### अनंतनाग में पंजाब के एक और जवान शहीद, मान ने जताया शोक

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अनंतनाग में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के दौरान राज्य से सम्बन्धित भारतीय फ़ौज के एक और जवान की शहादत पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को यहाँ जारी एक बयान में कहा कि भारतीय फ़ौज का जवान प्रदीप सिंह अनंतनाग में आतंकवादी हमले के बाद से लापता हो गया था। उन्होंने कहा कि समाना से सम्बन्धित प्रदीप सिंह देश की एकता, अखंडता और प्रभुसत्ता की रक्षा के लिए अपनी ड्यूटी निभाते हुए शहीद हुआ। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह देश के लिए ख़ास तौर पर परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने शहीद प्रदीप सिंह के परिवार के साथ हमदर्दी ज़ाहिर करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पंजाब सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि शहीद प्रदीप सिंह ने देश की अखंडता की रक्षा के लिए बहादुरी के साथ अपनी ड्यूटी निभाई और पंजाब की गौरवमयी परम्परा को कायम रखा। मान ने कहा कि शहीद प्रदीप सिंह का बलिदान उसके साथी सैनिकों और अन्य नौजवानों को अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा और समर्पित भावना के साथ निभाने के लिए प्रेरित करेगा।

# मोदी सरकार की नीयत एवं मंशा में फर्क : पायलट

**जयपुर,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने केंद्र सरकार पर उसकी नीयत और मंशा में फर्क होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि संसद में प्रस्तुत महिला आरक्षण से संबंध विधेयक को अगर सभी दलों की सहमति हैं तो फिर अभी लागू क्यों नहीं किया जायेगा। श्री पायलट ने मंगलवार को यहां गणेश चतुर्थी के अवसर पर मोती डूंगरी स्थित श्री गणेश मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना के बाद मीडिया से बातचीत में संसद में महिला के आरक्षण से जुड़े बिल पर कहा कि यह कांग्रेस की पुरानी मांग थी, जिसे अब प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बिल पहले आना चाहिए था लेकिन अब सुनने में आया है कि यह लागू वर्ष 2029 में होगा लेकिन सवाल इस बात का अभी क्यों नहीं। लगता है नीयत और मंशा में फर्क हैं। श्री पायलट ने कहा कि अगर सभी दलों की सहमति हैं तो फिर अभी लागू क्यों नहीं कर रहे हैं। कोटा में लगातार विद्यार्थियों की आत्महत्या की घटनाओं पर श्री



पायलट ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री खुद कोटा गये थे और इस मसले पर बोले भी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में काउसलिंग के साथ जांच भी जरूरी है कि ये घटनाएं लगातार क्यों हो रही है। अगर यह इस प्रकार चलता रहा तो यह समाज के लिए अच्छी बात नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जयपुर आयेंगे और पार्टी के नए कार्यालय का शिलान्यास करेंगे। कुछ दिन पहले श्री राहुल गांधी बांसवाड़ा आए, श्री खड़के भीलवाड़ा आए, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी टोंक आई।

## बीसलपुर पृथ्वीराज नगर पेयजल परियोजना फेज-प्रथम का लोकार्पण

**जयपुर**, 19 सितम्बर (एजेंसियां)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी ने आज बीसलपुर पृथ्वीराज नगर पेयजल परियोजना फेज-प्रथम के तहत रंगोली गार्डन क्षेत्र पेयजल वितरण पार्ट का लोकार्पण किया। डॉ. जोशी ने कृषि मंत्री एवं झोटवाड़ा विधायक श्री लालचंद कटारिया के साथ पंप हाउस से पानी चलाकर रंगोली गार्डन वितरण क्षेत्र की 53 कॉलोनियों को पेयजल आपूर्ति की शुरूआत भी की। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. जोशी ने कहा कि परियोजना का प्रथम चरण दिसम्बर तक पूरा होने के साथ ही पृथ्वीराज नगर की 1100 कॉलोनियों को बीसलपुर का पानी मिलने लगेगा। 747 करोड़ रूपए की लागत के बीसलपुर पृथ्वीराज नगर पेयजल परियोजना फेज-द्वितीय में भी पृथ्वीराज नगर एवं आसपास की करीब 2200 कॉलोनियों में बीसलपुर का पानी पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि परियोजना के फेज-प्रथम में तहत 563.93 करोड़ रूपए की लागत से बालावाला से लोहामंडी तक 44 किलोमीटर लम्बी टांसमिशन मेन लाइन, 51 किलोमीटर की राइजिंग मेन लाइन, करीब 970 किलोमीटर की डिस्ट्रीब्यूशन मेन लाइन और साथ ही, 9 स्वच्छ जलाशय मय पंप हाउस तथा 19 उच्च जलाशय के कार्य शामिल हैं।

# कृषि बुनियादी ढांचा फंड स्कीम के तहत 10 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए: जौड़ामाजरा

**चंडीगढ़,** 19 सितम्बर (एजेंसियां) पंजाब के किसानों और कृषि से जुड़े उद्यमियों के कृषि बुनियादी ढांचा फंड (ए.आई.एफ) स्कीम की ओर निरंतर बढ़ रहे रुझान ने एक बार फिर पंजाबियों की उद्यमी भावना को प्रदर्शित किया है। कृषि उपज के बाद के प्रबंधन सम्बन्धी प्रोजेक्टों और साझा कृषि सम्पतियां स्थापित करने के लिए लाभप्रद इस स्कीम के अधीन अब तक राज्य सरकार को दस हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। स्कीम सम्बन्धी ताज़ा आंकड़े साझा करते हुए पंजाब के बाग़बानी मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने बुधवार को बताया कि राज्य सरकार को 18 सितम्बर तक कुल 10,509 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 6042 आवेदनों को पहले ही मंज़ूरी दी जा चुकी है जबकि 5166 आवेदनों का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पंजाब ने इस स्कीम के अंतर्गत मंज़ूर हुए आवेदनों के मामले में दूसरा स्थान हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि स्कीम के अंतर्गत तीन ज़िलों ने एक हजार आवेदनों के आंकड़े को पार किया है, जिनमें बठिंडा 1286 आवेदनों, फाज़िल्का 1158 आवेदनों और पटियाला 1087 आवेदनों के साथ अग्रणी चल रहे हैं। बागबानी



मंत्री ने बताया कि ए.आई.एफ स्कीम के अंतर्गत पात्र गतिविधियों के लिए दो करोड़ रुपए तक के मियादी कर्ज़े पर तीन प्रतिशत ब्याज सहायता दी जाती है जबकि ब्याज दर की सीमा नौ प्रतिशत निश्चित की गई है।

श्री जौड़ामाजरा ने बताया कि पात्र प्रोजेक्टों के अंतर्गत भंडारण बुनियादी ढांचा (जैसे गोदाम, साईलोज़, कोल्ड स्टोर, कोल्ड रूम आदि), प्राइमरी प्रोसेसिंग सेंटर (जैसे आटा चक्की, दाल मिल, तेल निकालने वाली यूनिट, राइस शेलर, मसाला प्रोसेसिंग, गुड़ बनाने आदि), छटाई एंड ग्रेडिंग यूनिट, पैकहाउस, राइपनिंग चेंबर, कृषि यंत्र (न्यूनतम 4 यंत्र), कम्बाइन हारवैस्टर, बूम स्प्रेयर, बेलर, रुई पिंजाई, शहद प्रोसेसिंग, रेशम प्रोसेसिंग, नरसरियाँ, बीज प्रोसेसिंग, केंचुआ खाद और कम्प्रैसड बायोगैस प्लांट स्थापित किए जा सकते हैं।

# राजस्थान में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 9 लोगों की मौत

**जयपुर,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के चलते हुई घटनाओं में अब तक नौ लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को सिरोही, जालोर, श्रीगंगानगर और बाडमेर सहित कई जगहों पर मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की है। अधिकारियों ने बताया कि जिला कलेक्टर पीसी शर्मा के अनुसार बांसवाड़ा में सोमवार को दो लोगों की मौत की खबर है, वहीं उदयपुर में एक अन्य महिला की मौत खेरवाड़ा के कनबई गांव में घर की दीवार गिरने से हो गई। अधिकारियों ने पुष्टि की कि इससे पहले रविवार को बांसवाड़ा में बारिश से संबंधित घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई थी। बहुप्रसिद्ध बाणेश्वर धाम मंदिर के आसपास रहने वाले लोगों को पास ही स्थित एक सरकारी स्कूल में भोजन और आश्रय दिया गया। इस बीच, कोटा, जयपुर, अजमेर, बीकानेर, सीकर, जोधपुर, प्रतापगढ़, सिरोही, बांसवाड़ा, गोंगुंडा और अन्य स्थानों पर सोमवार का दिन बारिश वाला रहा। मौसम



अधिकारियों ने कहा कि मंगलवार से बारिश की गतिविधि कम हो जाएगी और बुधवार तक राज्य के अधिकांश स्थानों पर आसमान साफ हो जाएगा।

## 24 से 30 अक्टूबर तक अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा होगा आयोजित

कुल्लू, 19 सितम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल में इस वर्ष 24 से 30 अक्टूबर तक अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान दिन व रात्रि के समय आयोजित किए जाने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो को भव्यता प्रदान की जा रही है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा सांस्कृतिक उप समिति के अध्यक्ष अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा सांस्कृतिक उप समिति व प्लाट आवंटन समिति की बैठक आयोजित की गई । उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय दशहरा को भव्यता प्रदान करते हुए दो स्थानों पर दिन के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें ऐतिहासिक लालचंद प्रार्थी कला केंद्र के अतिरिक्त प्रदर्शनी मैदान में भी एक मंच तैयार किया जायेगा। जहां पर दिन के समय शाम 5:30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

# भाजपा की तरह राजनीतिक लाभ के लिए पाइपों की खरीद नहीं होगी: अग्निहोत्री

**शिमला,** 19 सितम्बर (एजेंसियां) हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में अब जरूरत के हिसाब से ही पाइपों की खरीद की जाएगी। पूर्व की भारतीय जनता पार्टी सरकार की तरह खरीद में राजनीतिक लाभ नहीं देखेंगे। श्री अग्निहोत्री मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान मंडी में जल शक्ति विभाग को हुए नुकसान को लेकर पूर्व की भाजपा सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में 2,000 करोड़ से खरीदे गए पाइप लोगों की छतों पर मिले हैं। इस दौरान भाजपा विधायक अनिल शर्मा ने श्री अग्निहोत्री को ससुराल के पैदल पुल को जल्द बनाने की दुहाई दी। इस पर उन्होंने कहा कि मेरे ससुराल की याद पूर्व सरकार के समय क्यों नहीं आई। विधायक अनिल शर्मा ने मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान आपदा से मंडी सीवरेज योजना के क्षतिग्रस्त होने और इसे बनाने का मामला उठाया। इस पर श्री



मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने 2000 करोड़ के पाइप खरीदे। चुनाव का समय था, सरकार बचेगी कि नहीं, ये ध्यान में था। आनन-फानन में पाइपें खरीद लीं। ये पाइपें लोगों के आंगन और छतों में पड़ी हैं। जो पाइपें खरीदी जानी थीं, नहीं खरीदीं, इसलिए यह देरी हुई। मंडी बहुत महत्वपूर्ण है। हमसे जो संभव होगा, वो सब करेंगे। हाल ही में जल त्रासदी में मंडी और कुल्लू बहुत प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि मंडी भी हमारे लिए बड़ी चुनौती रहा है। सबसे पहले मंडी में पंचवक्त्र मंदिर के नजदीक स्कीम को चालू करवाया। किसी भी ढंग से मंडी को पानी देने का काम किया गया।

# हिमाचल की त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के मुद्दे पर सरकारी संकल्प पर मंगलवार को भी विधान सभा में चर्चा जारी रही

**शिमला,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल की त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के मुद्दे पर सरकारी संकल्प पर मंगलवार को भी विधान सभा में लगातार चर्चा जारी रही। चर्चा में सत्ता पक्ष व विपक्ष के साथ साथ निर्दलीय सदस्य होशियार सिंह ने भी भाग लिया। चर्चा में भाग लेते हुए होशियार सिंह ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के कारणों को तलाशने बारे संजीदा प्रयासों की दरकार है। उन्होंने करहा कि सरकार को भविष्य में आने वाले संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारियों बारे सोचन होगा। उन्होंने कहा कि शिमला में रिक्टर पैमाने पर 5.5 तथा कांगड़ा में 7 की तीव्रता से अधिक का भूकंप आने की स्थिति में भयावह मंजर होगा। उन्होंने कहा कि सरकार को केंद्र के समक्ष आपदा राहत नहीं, बल्कि प्रदेश की 50 हजार करोड़ की कर्ज माफी के मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए।

होशियार सिंह ने कहा कि शिमला में दशकों पुराने देवदारों की वजह से तबाही



हुई। शिव बावड़ी हादसा पेड़ गिरने की वजह से हुआ। सरकार को खोखले पेड़ों को काटने बारे सोचना चाहिए। साथ ही सरकारी कार्यालयों को शिमला से बाहर स्थानांतरित करने बारे विचार करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को अमलीजामा पहनाने से पहले भूगर्भविदों की रिपोर्ट आवश्यक होनी चाहिए। उन्होंने सरकार से जानना चाह कि बीबीएमबी के जलाशयों पर सरकार का क्या नियंत्रण है। पौंग डैम से पानी छोड़े जाने की वजह से इंदौरा, फतेहपुर व कई अन्य जगहों पर भारी नुकसान हुआ। उन्होंने ब्यास के पौंग के तटीकरण का मुद्दा भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पास एक भी रेस्क्यू बोट नहीं है। उन्होंने कहा कि निर्मित भवनों के बीमा को सरकार को अनिवार्य करना चाहिए।

**आपदा ने प्रदेश को एक दशक पीछे धकेला: राठौर**

कांग्रेस विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि आपदा ने प्रदेश को एक दशक पीछे धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि पहाड़ बेहोश हैं। नामालूम पहाड़ कब गिर जाएं। शिमला- परवाणू फोरलेन खुदाई के बाद सेटल नहीं हुआ है। नदियों के किनारे भवन बन रहें हैं। आनी में 8ग मंजिला भवन बनाने की अनुमति किसने दी। उन्होंने भवन निर्माण के नियमों को सख्ती से लागू करने की बात भी सदन में कही।

**आपदा के वक्त सरकार में दिखी तालमेल की कमी: रणधीर**

चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के रणधीर शर्मा ने कहा कि आपदा के दौरान सरकार में तालमेल की कमी दिखाई दी। उन्होंने कहा कि एक जगह पहले दिन सीएम, दूसरे दिन उप मुख्यमंत्री तो तीसरे दिन लोक निर्माण मंत्री पहुंचते थे। नतीजतन अधिकारी प्रोटोकोल ड्यूटी में ही व्यव्त रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आपदा संकट को लेकर कितनी गंभीर थी इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जहां एक ओर आपदा के 10 दिन बाद पहली कैबिनेट बैठक हुई, वहीं सर्वदलीय बैठक बुलाने की आवश्यकता ही महसूस नहीं की गई। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान मंत्रियों के जिलों के दौरे पर पहुंचने के बाद हारे हुए नेताओं को मंचासीन किया गया, मगर विधायकों को नहीं।

## महिला आरक्षण विधेयक पेश होने से महिलाओं को और ताकत मिलेगी: सुक्खू

शिमला। महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण विधेयक संसद में पेश होने पर हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को ऐतिहासिक दिन बताया और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से महिलाओं को और ताकत मिलेगी श्री सुक्खू ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-2 (यूपीए-2) सरकार में गठबंधन की अध्यक्ष सोनिया गांधी जी ने इसे राज्यसभा में पारित करा दिया था, लेकिन लोकसभा में पेश नहीं हो पाया। आज नई संसद में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने महिला आरक्षण बिल पेश किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिलाओं का सम्मान करती है और उन्हें उम्मीद है कि 2024 के लोकसभा चुनाव और आने वाले विधानसभा चुनावों में ही यह आरक्षण लागू हो जाएगा। हिमाचल विधानसभा में से भी कुछ लोग जाएंगे और उनकी जगह महिलाएं, हमारी बेटियां और बहनें दिखेंगी श्री सुक्खू ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी और कहा कि इससे महिला शक्ति को और ताकत मिलेगी। इस दौरान उन्होंने विधानसभा की एकमात्र महिला विधायक रीना कश्यप को भी पार्टी में शामिल होने का न्योता दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी विधानसभा में सिर्फ एक महिला विधायक है। उन्होंने कहा कि हम महिलाओं का सम्मान करते हैं और हंसते हुए कहा कि अगर रीना कश्यप इस तरह आएंगी तो हम उन्हें कल ही मंत्री बना देंगे।

## सुडोकू 6322 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 9 |
| 4 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 7 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 3 | 1 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 5 | 6 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 |

# प्रादेशिकी

## जवाहर सिंह गंगवार जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

**फर्रुखाबाद,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला बार एसोसिएशन के जोरदारी से हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर जवाहर सिंह गंगवार एडवोकेट व सचिव पद पर नरेश यादव एडवोकेट विजयी हुए हैं। समर्थकों ने विजयी प्रत्याशियों को फूल मालाएं पहनकर स्वागत किया और खुशी में मिठाई बाटी। श्री गंगवार ने शशि भूषण दीक्षित को तथा नरेश यादव ने अनुज मिश्रा को हराया है। प्रत्याशियों को निम्न प्रकार वोट मिले हैं। अध्यक्ष पद के लिए जवाहर सिंह गंगवार, शशि भूषण दीक्षित, जागेश्वर कुशवाहा। सचिव के लिए नरेश यादव, रवीश द्विवेदी, अनुज मिश्रा, कृष्ण मुरारी सिंह, रनधीर सिंह यादव, श्यामवीर सिंह सोमवंशी, मुदित मिश्रा निल। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए आशीष सक्सेना, अनिल कुमार, सुरेंद्र कुमार राणा।

# यूपीसीडा ने एआरसीआईएल से मांगा 778 करोड़ रुपए बकाए का भुगतान

**लखनऊ,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। योगी सरकार ने एसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी इंडिया लिमिटेड (एआरसीआईएल) से गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्र सूरजपुर स्थित औद्योगिक प्लॉट नंबर ए-1 पर बकाया भुगतान के साथ ही प्लॉट की

- **गाजियाबाद के सूरजपुर स्थित औद्योगिक प्लॉट की पुनर्खरीद में प्राथमिकता दिए जाने की भी की अपील**
- **संपत्ति पर उच्चतम बोलीदाता द्वारा लगाई गई कीमत को रद्द किए जाने की मांग**

खरीद के लिए उसे प्राथमिकता दिए जाने की मांग की है। प्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) मनोज कुमार सिंह ने पत्र लिखकर कहा है कि उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) का संपत्ति में गंभीर हित निहित है।

इसे ध्यान में रखते हुए, यूपीसीडा के बकायों का भुगतान किया जाना चाहिए और प्राधिकरण को प्लॉट खरीदने का विकल्प भी दिया जाना चाहिए। साथ ही, ये भी अपील की है कि संपत्ति पर उच्चतम बोलीदाता द्वारा लगाई गई कीमत या बोली रद की जानी चाहिए और यूपीसीडा को बोली में भाग लेने की अनुमति देने के लिए प्लॉट की बोली फिर से लगाई जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि यूपीसीडा का प्लॉट पर 31 मार्च 2023 तक कुल बकाया 777.84 करोड़ रुपए है, जिसमें ट्रांसफर चार्ज, ब्याज, लीज रेंट, टाइम एक्सटेंशन फीस आदि शामिल हैं। इसके अलावा, यूपीसीडा ने प्लॉट की पुनर्खरीद की भी इच्छा जाहिर की है। इस भूखंड का कुल आकार 82.56 हेक्टेयर (204 एकड़) है जिसका कवर एरिया 19.65त्न था। यह यूपीसीडा की ही प्रॉपर्टी थी, जिसे 06 जुलाई 1982 को मैसर्स डीसीएम टोयोटा लिमिटेड को आबंटित किया गया था।

आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह ने आशंका जताई है कि रिकवरी अधिकारी, डीआरटी-2, मुंबई मैसर्स शकुंतलम लैंडक्राफ्ट प्रा. लि. के पक्ष में 359 करोड़ रुपए की राशि में बिक्री को अंतिम रूप दे रहा है।

यह कीमत यूपीसीडा द्वारा की गई आरक्षित मूल्य से 10 प्रतिशत अधिक की पेशकश से बहुत कम है जो कि 390.50 करोड़ रुपए है। 23 नवंबर 2020 को यूपीसीडा की बोर्ड बैठक में यूपीसीडा को 350 करोड़ रुपए के आरक्षित मूल्य से 10 प्रतिशत अधिक राशि के साथ डीआरटी के नेतृत्व वाली नीलामी में भाग लेने के लिए अधिकृत करने का निर्णय लिया गया था।

### 1982 में डीसीएम टोयोटा लिमिटेड को आवंटित हुआ था भूखंड

दरअसल, यह भूखंड उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम (यूपीएसआईडीसी) (अब उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण-यूपीसीडा) द्वारा 6 जुलाई 1982 को मैसर्स डीसीएम टोयोटा लिमिटेड को आवंटित किया गया था। 5 अप्रैल 1989 को आईसीआईसीआई बैंक के पक्ष में भूखंड को गिरवी रखने की अनुमति दी गई थी। कंपनी के संविधान में मैसर्स डीसीएम टोयोटा लिमिटेड से बदलकर मैसर्स देवू मोटर्स इंडिया लिमिटेड कर दिया गया था। नाम परिवर्तन के लिए 6.97 करोड़ रुपए की हस्तांतरण लेवी के साथ अनुमति प्रदान की गई थी। मेसर्स देवू मोटर्स ने अभी तक यूपीएसआईडीसी को वसूले गए ट्रांसफर लेवी का भुगतान नहीं किया है। डीआरटी, मुंबई ने इस जमीन को मैसर्स पेन इंडिया मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड को बेच दिया। यूपीएसआईडीसी ने 28 जून 2010 के पत्र के माध्यम से 8.36 करोड़ रुपए की हस्तांतरण लेवी और 22.24 करोड़ रुपए की पूर्व देय राशि के भुगतान के साथ हस्तांतरण के लिए सहमति प्रदान की। मेसर्स पेन इंडिया ने ट्रांसफर लेवी का 25त्न यानी 2.12 करोड़ रुपए जमा किए और यूपीसीडा के बकाए का आगे कोई भुगतान नहीं किया। 31 मार्च 2023 तक प्लॉट पर कुल बकाया 777.84 करोड़ रुपए है, जिसका भुगतान मेसर्स पेन इंडिया मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड को करना था। यूपीसीडा ने डीआरटी कोर्ट और एआरसीआईएल को उपरोक्त स्थिति और लंबित बकाया राशि के बारे में लिखित रूप से अवगत कराया है।

## पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मवाना,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को सम्राट मिहिर भोज जंयती शोभायात्रा में पुलिस ने देर रात पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखिया गुर्जर सहित 37 को नामजद करते हुए 100 से भी अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया। रविवार देर रात आयोजकों और प्रशासन में घटों वार्ता के बाद भी शोभायात्रा आयोजन को लेकर सहमति नही बनी जिसके बार सोमवार को जबरन यात्रा निकालने पहुंचे युवकों की पुलिस, प्रशासन के अधिकारियों से नोक झोंक हो गई था। उसके बाद पुलिस ने आक्रोशित युवाओं को हिरासत में लेकर मेरठ भेज दिया है। बता दे कि गुर्जर समाज सम्राट मिहिर भोज की जंयती पर बड़ा महादेव मंदिर से तहसील तिराहे स्थित सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा तक यात्रा निकालने का कार्यक्रम था। जानकारी के बाद राजपूत समाज की ओर से ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराया गया था। जिसके बाद आलाधिकारियों और शोभयात्रा आयोजकों के मध्य रविवार देर रात तक वार्ता चली लेकिन वार्ता किसी नतीजें पर नही पहुंची। सोमवार को गुर्जर समाज के हजारों लोगो मेरठ मवाना मार्ग स्थित बड़ा महादेव शिव मंदिर पर एकत्रत हुए और यात्रा के आयोजन की तैयारी करने लगे। वहीं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने यात्रा को रोकने का प्रयास कियातो आयोजकों और अधिकारियों के बीच जमकर नोक झोंक हो गई थी।

## साइबर सुरक्षा के हाइब्रिड मोड से लैस होंगे परिवहन निगम कर्मचारी

- **बस टिकटिंग प्रणाली को बचाने के लिए की प्रशिक्षण सत्र की पहल**

**लखनऊ,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में साधारण जनमानस के लिए भयमुक्त व अपराधमुक्त समाज की स्थापना के प्रयास में लगी योगी सरकार ने अब साइबर सिक्योरिटी सुदृढ़ीकरण की दिशा में व्यापक प्रयासों की शुरुआत कर दी है। उत्तर प्रदेश की सरकारी संस्थाओं में कॉम्प्रीहेंसिव साइबर सिक्योरिटी ऑडिट के जरिए साइबर सिक्योरिटी के स्तर का निर्धारण और उसे उचित दिशा देने के लिए तमाम सरकारी व निजी संस्थाएं कार्यरत हैं।

ऐसे में, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की ओर से भी इस दिशा में एक सकारात्मक पहल की शुरुआत हो रही है। बस टिकटिंग प्रणाली को हैकर्स और साइबर फ्रॉड से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए 2 दिन की हाइब्रिड मोड आधारित साइबर सिक्योरिटी ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। 21 से 22 सितम्बर के बीच उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के मुख्यालय में इस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसे यूपीडेस्को की कार्यदायी संस्था मेसर्स इनोवेडर इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पूर्ण किया जाएगा। कार्यशाला कई मायनों में महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष अप्रैल में एक विदेशी साइबर हैकर द्वारा यूपीएसआरटीसी की साइट को निशाना बनाकर कई लोगों की जानकारियां हैक कर ली गई थीं। ऐसे में, ये सारी दिक्कतें आगे से न हों और कैसे वक्त रहते कर्मचारी व अधिकारीगण इस समस्या का निस्तारण कर सकते हैं, इन सभी बातों को कार्यशाला के माध्यम से दर्शाया जाएगा। इसमें वह तकनीकें भी प्रमुख हैं जिनके जरिए कर्मचारियों को यह सिखाया जाएगा कि साइबर हैक प्रिवेंशन और डाटा रिट्रीव करने के लिए किन प्रक्रियाओं का इस्तेमाल किया जा सकता है।

यूं तो इस कार्यशाला का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के सभागार में 21 व 22 सितंबर के मध्य दो दिन के लिए होने जा रहा है, मगर इस कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ सकेंगे। साइबर सिक्योरिटी के इतर इस कार्यशाला में टिकटिंग प्रणाली के अंतर्गत सभी आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर एप्लीकेशन व ऑनलाइन पोर्टल्स के संचालन की भी जानकारी दी जाएगी।

## सार संक्षेप

### गणपति बप्पा के लगे जयकारे

**मवाना।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंगलवार को मवाना तहसील क्षेत्र के कस्बा फलावदा अंतर्गत आने वाले गांव महल का में स्थित शिव मंदिर परिसर में एक सप्ताह चलने वाले कार्यक्रम के अनुसार श्रीगणेश भगवान की मूर्ति को विराजमान किया गया। इस मौके पर सैकड़ो भक्तों ने भगवान श्रीगणेश का मंगल आगमन को लेकर गणपति बाबा की प्रतिमा को लेकर नगर में पदयात्रा निकाली और जयकारों के साथ मंदिर परिसर में गणपति विराजमान किए। इस गणेश चतुर्थी पर मंगलवार को शिव मंदिर महलका कमेटी समिति द्वारा शिव मंदिर मे डीजे ढ़ोल के साथ श्रद्धालुओं ने नित्य कर परिक्रमा की। पंडित रामकुमार शर्मा एवं पंडित नैन सिंह ने संयुक्त रूप से पूरे विधि विधान के साथ मंत्र उच्चारण कर लड्डू एवं मोदक का भोग लगाकर भगवान श्रीगणेशजी को स्थापित किया। इस मौके पर हिमांशु शर्मा, दिव्यांशु ठाकुर, वेदु प्रजापति कैलाश कांबोज, विक्की, डॉ. बॉबी, रवि शीशपाल, देवेंद्र प्रजापति अन्य सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### आरोपी ने किया सरेंडर

**मेरठ।** मोहित हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को युवादल के छात्र व परिजनों ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर हंगामा किया था। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए थे। जहां पीड़ित परिवार ने थाना प्रभारी पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया था। एसएसपी ने थाना पुलिस को जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी के आदेश दिए थे। वहीं मंगलवार को एक आरोपी ने वकील की ड्रेस में पहुंचकर कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

### छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास

**मेरठ।** कक्षा 8 की छात्रा से उसकी चाची के भाई ने छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास कर दिया। पीड़िता ने मामले की जानकारी परिवार वालों को दी। परिवार वाले किशोरी को थाने लेकर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायती पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़िता अपने परिवार वालों के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंची और कार्रवाई की गुहार लगाई। एसएसपी ने मामले में जांच कर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

### गोली लगने से युवती की मौत

**फर्रुखाबाद।** युवती दीक्षा की गोली लगने से मौत हो गई जिससे परिवार में को कोहराम मच गया। दीक्षा कोतवाली कायमगंज के ग्राम पम्मी नगला निवासी सतेद्र जाटव की 19 वर्षीय पुत्री थी। दीक्षा का लहूलुहान शव करीब 2 बजे कमरे के बेड के नीचे देखा गया। नजदीक से कनपटी में गोली लगने के कारण दीक्षा का भेजा बाहर निकल निकल गया। फर्श पर काफी खून फैला था। दीक्षा की मां सुनीता आशा बहू है सुनीता का बीते दिनों सैफई में इलाज हुआ इस दौरान दीक्षा मां के साथ रही और मां को लेकर घर वापस आई थी। दोपहर के समय टीचर को गेट के दरवाजे पर बैठा देखा गया। सूचना मिलते ही को सीओ सोहराब आलम इंस्पेक्टर जयपाल सिंह ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने घटना के साध्य जुटाए। घटनास्थल पर 315 बोर का तमंचा पड़ा था जिसको पुलिस ने कब्जे में ले लिया समझा जाता है कि दीक्षा ने कनपटी पर तमंचा लगाकर गोली मारी है। नजदीक से गोली लगने के कारण दीक्षा का सिर फट गया।



## आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाए जा रहे कार्डों की समीक्षा

**मेरठ,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाए जा रहे कार्डों में प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारी से ऐसे परिवार जिसमें छह या छह से अधिक सदस्य है की सूचना मांगी गयी। उन्होंने ऐसे परिवारो के आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु की जा रही कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए संबंधित अधिकारी कैम्प का आयोजन करें। कैम्प में पंचायत सहायक, आशा, कोटेदार के सहयोग से लाभार्थियो को चिन्हित कर उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जाए साथ ही संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि इस संबंध में कंट्रोल रूम भी स्थापित कर आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रगति दर्ज की जाए।

## लाल सड़न रोग से बचाव की दी जानकारी

**मवाना,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। मंगलवार को गन्ना समिति मवाना के सभागार में नगर पालिका अध्यक्षा अखिल कौशिक की अध्यक्षता में एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अधिक वर्षा के कारण खेंतो में जल भराव गन्ना फसल में लाल सड़न रोग का प्रकोप दिखाई देने पर बचाव के उपायों की जानकारी दी। गोष्ठी से पूर्व मवाना चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक प्रमोद बालियान, डा.मैनेजर सिंह, पूर्व वैज्ञानिक अधिकारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा चीनी मिल के विभिन्न ग्रामों जैसे बिराना राफन, ततीना, अटौरा, सिखेड़ा, दयालपुर, मालीपुर, गेसूपुर, पिलोना, कुण्डा, आदि का भ्रमण कर किसानों को लाल सड़न रोग से प्रभावित खेंत के बारे में जानकारी भी दी। एक दिवसीय किसान गोष्ठी में प्रमोद बालियान ने बताया कि लाल सड़न रोग (रेड रॉट) से प्रभावित खेंतो में गन्ने की पत्तियॉ पीली होकर सूखने लगती है वधीरे-धीरे पूरा गन्ना सूख जाता है ऐसे गन्नों को फाड़कर सूघंने पर तीव्र सिरके जैसी गंध आती है जो इस रोग की मुख्य पहचान है। जलभराव वाले क्षेत्र में यह रोग अधिक तीव्र गति से फैलता है।



- **एक दिवसीय गोष्ठी का किया गया आयोजन**
- **अधिक बरतास के कारण गन्ने में दिखाई दे रहा लाल सडन रोग**

चीनी मिल के अधिकारियों व फील्ड स्टाफ द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्र में लाल सड़न रोग (रेड रॉट) खेंतो की पहचान हेतु बृहद स्तर पर सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है व किसानों को इस रोग को फैलने से रोकने के लिये जानकारी दी जा रही है यदि कृषक के खेंतो में पीली पत्तियॉ या सूखें गन्ने दिखाई दे तो शीघ्र ही अपने क्षेत्र के अधिकारी फील्ड स्टॉफको सूचित करें या चीनी मिल में आकर सम्पर्क करें।

डा.मैनेजर सिंह ने लाल सडन से बचाव की जानकारी दे हुए लाल सड़न रोग से ग्रसित गन्नो के मूढो को जड़ से उखाडकर खेत से बाहर निकालकर जला उखाड़ा गया।



## मुख्यमंत्री आवास योजना में दिव्यांगजनों को घर वितरित

**मेरठ,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड रजपुरा के महाराणा प्रताप सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत विकासखंड रजपुरा के चार दिव्यांगजनों को आवास प्रदान किए गए। इन भवनों को मुख्यालय से ही पैसा ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया गया है। इसी के मद्देनजर विकास खंड स्तर पर उन्हें प्रमाण पत्र देकर उन्हें मकान बनाने का काम शुरू करने के लिए कहा गया है। इस अवसर पर बीडीओ रजपुरा अजय कुमार, एडी ओ पंचायत त्रिभुवन कौशिक, एडीओपीपी मदनपाल सिंह, एडीओ समाज कल्याण, एडीओ एग्रीकल्चर तथा विकासखंड रजपुरा के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

## संजय गांधी अस्पताल के निलंबन बहाली को लेकर राजनीति तेज

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। अमेठी में 41 साल पुराने संजय गांधी अस्पताल की बुनियाद पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी ने भरी थी। 350 बेड वाले अस्पताल में रोजाना आठ सौ के आसपास की ओपीडी है। लेकिन एक महिला की मौत के मामले में सोमवार को संजय गांधी अस्पताल का रजिस्ट्रेशन निलंबित हो चुका है। जिससे अस्पताल की सभी स्वास्थ्य सेवाएं मंगलवार से बंद हो गई है। संजय गांधी अस्पताल सीधे गांधी परिवार से जुड़ा है। इसकी अध्यक्ष सोनिया गांधी हैं। जिससे अस्पताल कैंपस में जगह-जगह सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात की गई है। साथ में कांग्रेस कार्यालय के बाहर भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। कांग्रेस नेताओं का जमावड़ा शुरू हो गया है। चिकित्सालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अवधेश शर्मा ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के आदेश पर अस्पताल का रजिस्ट्रेशन निलंबित किया गया है। अग्रिम आदेश तक अस्पताल की सभी स्वास्थ्य सेवाएं तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गई है। अस्पताल का रजिस्ट्रेशन निलंबित होने के बाद सोनिया गांधी के प्रतिनिधि केएल शर्मा और प्रशासक मनोज मट्टू दिल्ली से अमेठी पहुंच गए हैं। केएल शर्मा ने कहा कि अस्पताल समाज की संपत्ति है। इसमें जाति बिरादरी और दल देखकर इलाज नहीं होता है। यह सभी के लिए है। अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, बाराबंकी आदि के मरीजों को कम पैसों में बेहतर तरीके से इलाज मुहैया कराया जाता है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। हमने भी मृतक आत्मा की शांति के लिए शोक सभा आयोजित की थी। मृतक परिवार के साथ कांग्रेस खड़ी हैं। बाकी सजा दोषी को मिलनी चाहिए। संस्था का क्या दोष है। इसी अस्पताल में कोरोना काल के दौरान भाजपा के जिम्मेदार लोगों की भी जान बचाई गई है। चूंकि अस्पताल सभी के लिए होता है। जबकि संजय गांधी अस्पताल के प्रशासक मनोज मट्टू ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग तीन महीने के अंदर जबाव देने के लिए नोटिस भेजा था।

- **महिला की मौत के मामले में निलंबित हो चुका है अस्पताल का रजिस्ट्रेशन**

## एसी गोदाम में लाखों की चोरी

**मेरठ,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। लोहियानगर थाना क्षेत्र में सोमवार रात चोरों ने एसी के गोदाम से लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। चोर गेट की नीचे की जाली काटकर अंदर घुसे और चोरी की। इस दौरान चोर गोदाम के बाहर और अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर चोरों की पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया है। थाना लिसाड़ी गेट के श्यामनगर के रहने वाले अताउल्ला मलिक का लोहियानगर थाना क्षेत्र के गुर्जर चौक पर एसी, फ्रिज और वाशिंग मशीन का गोदाम है। चोरों ने उनके गोदाम को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। चोरी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी खंगाले तो सामने आया कि चोर पिकअप में सवार होकर पहुंचे थे।

## सीसीएसयू के हॉस्टल में बीटेक के छात्र ने की आत्महत्या

**मेरठ,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। चौधरी चरण यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में इंजीनियरिंग के छात्र ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। बीटेक थर्ड ईयर का छात्र प्रशांत पांडे पंडित दीन दयाल उपाध्याय हॉस्टल के कमरा नंबर 99 में रह रहा था।

छात्र के सुसाइड करने की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। साथी छात्रों ने सीसीएसयू प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उन्होंने यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट को भी बंद कर दिया। छात्रों ने युवक के शव को ले जाने से इनकार कर दिया। छात्रों ने कहा, यह सुसाइड नहीं हत्या है। छात्रों ने बताया कि एग्जाम में सभी छात्रों को काफी कम नंबर दिए गए हैं। इससे परेशान होकर प्रशांत ने सुसाइड किया है। छात्रों के हंगामे की सूचना पर वीसी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बैक पेपर में मिले नंबरों की जांच करने का आश्वासन दिया। इससे बाद हंगामा कर रहे छात्र शांत हुए। छात्र प्रशांत वाराणसी के बारकी गांव का रहने वाला था। रविवार को ही प्रशांत घर से मेरठ आया था। वह हॉस्टल के कमरा नंबर 99 में अपने दो रुम पार्टनर रिषभ और आदित्य चौधरी के साथ रहता था।

मंगलवार सुबह तीनों छात्रों को क्लास जाना था। लेकिन प्रशांत ने मना कर दिया कि वो नहीं जाएगा। दोनों रूम पार्टनर सुबह 9 बजे कॉलेज चले गए। क्लास ओवर होने के बाद रिषभ, आदित्य कमरे पर पहुंचे तो उन्होंने देखा दरवाजा अंदर से बंद था। वहीं मौके पर छात्रों के दो गुटों में जमकर हंगामा हो गया।

- **कम नंबर आने पर उठाया कदम, घटना के बाद छात्रों ने किया हंगामा**
- **डिप्टी रजिस्ट्रार व चीफ वार्डन का किया घेराव**

**आयोजन** *नार्थ ईस्ट फेस्ट में नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन*

## सुभारती विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**मेरठ,19 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में माई होम इंडिया संगठन के साथ नार्थ ईस्ट फेस्ट में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में देशभर के अधिकतर विश्वविद्यालयों मे पढ़ रहे पूर्वोत्तर के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।सुभारती विश्वविद्यालय के विभिन्न विभाग में पढ़ रहे पूर्वोत्तर के छात्र छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता से लौटने पर कुलपति कार्यालय में सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।**

सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी. के. थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने हर्ष प्रकट करते हुए बधाई दी। उन्होंने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए देश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष डॉ.भावना ग्रोवर ने बताया कि प्रतियोगिता में नृत्य प्रस्तुति का संयोजन व निर्देशन ललित कला संकाय के परफार्मिंग आर्ट्स विभाग द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने नमामि भारतस्य अष्टलक्ष्मी पर कत्थक नृत्य में प्रस्तुति दी। छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा इक्कीस हजार रुपए व मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में संतोषी, तरा मरीन, गौतुम, निमे, कुंगम, खुशी, श्रेया, सिमरन, नम्या, रिया, लिली, अदिती, निमी, करियीर, रोमिन, जोरम, गुनिया, कतप, सिद्धार्थ, लुकराम, संजय तमंग, सुशांत, अंकित, वशुंधरा, ओन्गदी आदी छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि इस नृत्य प्रतियोगिता का विषय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संबोधित पूर्वोत्तर के आठ राज्यों से संबधित अष्टलक्ष्मी रहा। उन्होने बीते दिवस पूर्वोत्तर के आठ राज्यों को अष्टलक्ष्मी की उपमा दी। इसलिए इस नार्थ ईस्ट फेस्ट नृत्य प्रतियोगिता का विषय अष्टलक्ष्मी रखा गया। प्रतियोगिता में डॉ. श्वेता चौधरी, श्वेता सिंह, लकी त्यागी एवं निशी चौहान का सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रतिकुलपति डॉ.अभय शंकरगौड़ा, डॉ. पिन्टू मिश्रा, डॉ. वैभव गोयल भारतीय, डॉ. गीता परवंदा, डॉ. जासमीन आनंदाबाई, डॉ. संदीप कुमार, डॉ.आर.के.घई, डॉ. पंकज कुमार मिश्रा ने विजेता विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी।



- **उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद छात्रों को मिला प्रथम स्थान**
- **विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

## कोतवाली में जहर खाने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मवाना,**19 सितम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली हवालात में विषैला पदार्थ खाने वाले युवक के खिलाफ मंगलवार को थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया। हालांकि आरोपी की हालत गंभीर होने के चलते अस्पताल में उपचार चल रहा है। पीड़ित फलावदा थाना क्षेत्र के कुंडा पिनाई निवासी मनोज कुमार ने बताया कि गौरव पुत्र धरम सिंह निवासी ग्राम भिड़वारा थाना मवाना से उसकी 2-3 साल पहले दोस्ती हुई थी। गौरव ने उसका लोन कराने के लिए उसका आधार कार्ड व बैंक की पास आदि ले रखी थी, लेकिन उसका लोन नहीं हुआ। आरोप है कि आरोपी ने उसके नाम पर धोखाधड़ी करते हुए लोन पर बाइक व अन्य 15-16 लाख की कीमत का सामान ले लिया।

जब उसे लोन की जानकारी हुई तो वह आरोपी के पास पहुंचा और आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। 112 पर कॉल करने पर पुलिस दोनों को थाने ले आई। जिसके बाद आरोपी युवक ने थाना कोतवाली हवालात में विषैला पदार्थ खा लिया था। हालत गंभीर होने के चलते आरोपी को उपचार के लिए मेरठ में चिकित्सक के यहां भर्ती कराया जहां आरोपी का उपचार चल रहा है।

- **पीड़ित ने गौरव के खिलाफ कराया धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज**

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 20 सितम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## डियर जस्सी ने टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का प्रतिष्ठित प्लेटफार्म पुरस्कार

**मुंबई।** फिल्म निर्माता तरसेम सिंह धंधवार निर्देशित भारतीय फिल्म डियर जस्सी ने 48वें टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (टीआइएफएफ) में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का प्रतिष्ठित प्लेटफॉर्म अवार्ड जीता है। डियर जस्सी टी.सीरीज़ फिल्म्स और वकाओ फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले बनी है। इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, संजय ग्रोवर और तरसेम सिंह धंधवार ने किया है। वरिष्ठ कनाडाई पत्रकार फैबियन डॉसन की पत्रकारिता पर आधारित, डियर जस्सी अमित राय द्वारा लिखी गई है। इस फिल्म में अभिनेता पाविया सिद्धू और युगम सूद मुख्य भूमिकाओं में हैं। टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में प्रशंसा जीतने के बाद, डियर जस्सी इस साल अक्टूबर में बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में दिखायी जाएगी।

## प्राप्ति शुक्ला ने 'वागले की दुनिया-नई पीढ़ी, नए किस्से शो छोड़ा, बतायी ये वजह



**मुंबई,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस प्राप्ति शुक्ला, जो वर्तमान में टीवी सिटकॉम 'वागले की दुनिया नई पीढ़ी नए किस्से' में गुनगुन की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं, ने शो छोड़ दिया है। एक्ट्रेस ने कहा कि शो में गुनगुन का किरदार निभाकर मुझे खुशी हुई। मैं जेडी मजेठिया सर के साथ काम करके अद्भुत महसूस कर रही हूं। मैं बचपन से ही उनकी बहुत बड़ी फैन रही हूं। वह एक बेहतरीन अभिनेता और निर्देशक हैं, सबसे ऊपर एक बहुत ही महान इंसान हैं। मुझे उम्मीद है कि मैं उनके साथ फिर से जुड़ूंगी और उनके शो में लीड रोल निभाऊंगी। उन्होंने कहा कि मैंने नए अवसर तलाशने के लिए शो छोड़ दिया है। लंबे समय तक इंतजार करने के बावजूद मुझे इस शो में अपने किरदार के आगे बढ़ने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही थी। मुझे अन्य के ऑफर्स भी आ रहे हैं, लेकिन इसके प्रति मेरी प्रतिबद्धता मुझे आगे बढ़ने से रोक रही थीए इसलिए अब जब मैं किसी प्रतिबद्धता में नहीं हूंए तो मैं वह भूमिका चुन सकती हूं, जिसे मैं निभाना चाहती हूं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, प्राप्ति जॉन अब्राहम और सादिया खतीब स्टारर अपकमिंग फिल्म द डिप्लोमैट से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह एक सशक्त मुख्य भूमिका की तलाश में हैं। एक एक्टर के रूप में मैं मुख्य भूमिका निभाना चाहती हूं। मैं अपने दर्शकों का मनोरंजन करते हुए अपने किरदार से ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। मैं एक अभिनेता के रूप में खुद को किसी विशेष माध्यम तक सीमित नहीं रखना चाहती।

### कोविड संक्रमण को लेकर शोधकर्ताओं का अध्ययन

## संक्रमण से होने वाली मौतों के जोखिम को 60 प्रतिशत तक कम करेगी सेल थेरेपी

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। कोविड-19 रोगियों के इलाज में सेल थेरेपी अपनाने से मृत्यु के जोखिम को 60 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। एक शोध में इसकी पुष्टि हुई है।

व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-विश्लेषण में कोविड-19 को लक्षित करने वाली उन्नत सेल थेरेपी के 195 परीक्षणों को शामिल किया गया। परीक्षण जनवरी 2020 और दिसम्बर 2021 के बीच 30 देशों में आयोजित किए गए। साथ ही जुलाई 2022 तक प्रकाशित परिणामों के साथ 26 परीक्षण भी किए गए। जर्मनी और संयुक्त राज्य अमेरिका में सहयोगियों के साथ साझेदारी में ब्राजील में साओ पाउलो विश्वविद्यालय (यूएसपी) के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन के निष्कर्ष जर्नल फ्रंटियर्स इन इम्यूनोलॉजी



में रिपोर्ट दिए गए थे। सेल थेरेपी हाल के वर्षों में काफी उन्नत हुई है और इसका उपयोग कैंसर और ऑटो-इम्यून, हृदय और संक्रामक रोगों के इलाज के लिए किया गया है। महामारी के दौरान, इसका उपयोग कई परीक्षणों में कोविड-19 के इलाज के लिए किया गया था।

**सेल थेरेपी के 195 परीक्षणों को शामिल**

यूएसपी मेडिकल स्कूल में प्रोफेसर ओटावियो कैब्रल-मार्क्स ने कहा कि हमारा अध्ययन दुनियाभर में बिखरे हुए इन अनुभवों पर सभी जानकारी की समीक्षा करने और मेटा-विश्लेषण के माध्यम से सत्यापित करने वाला पहला शोध है। इसमें यह बताया गया है कि सेल थेरेपी कैसे काम करती है, जब कोविड-19 और संबंधित जटिलताओं के इलाज के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

सेल थेरेपी में रोगी (ऑटोलॉगस) या दाता (एलोजेनिक) की स्टेम कोशिकाओं का उपयोग किया जाता है। बदलाव करने से पहले कोशिकाओं को प्रयोगशाला में संशोधित किया जाता है।

शोध के अनुसार इस अवधि में कोविड-19 के उपचार परीक्षणों में सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली कोशिका संयोजी ऊतक (कनेक्टिव टिशु) से बहुशक्तिशाली मेसेनकाइमल स्टेम (स्ट्रोमल) कोशिकाएं थीं। शोध लेखकों के अनुसार सेल थेरेपी पर ध्यान देने के बावजूद, टीकाकरण सुरक्षा पर जोर दिया जाना चाहिए।

## आशिका भाटिया ने बॉलीवुड प्लान का किया खुलासा, बताया कैसे किरदार का कर रही इंतजार



**मुंबई,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। सलमान खान की 2015 की बॉक्स ऑफिस हिट फिल्म प्रेम रतन धन पायो से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस आशिका भाटिया ने हाल ही में बॉलीवुड में और अधिक काम करने की अपनी योजना के बारे में खुलासा किया। उसी के बारे में बात करते हुएए आशिका बताती हैं कि उनके लिए किरदार कितना मायने रखता है।

एक्ट्रेस ने कहा कि मैं अपने टैलेंट पर फोकस करती हूं। मैं ऐसी फिल्में करूंगी, जहां मुझे मजबूत किरदार निभाने को मिलेंगे। मैं अपनी पर्सनैलिटी के आधार पर कोई किरदार निभाना पसंद करूंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या प्रेम रतन धन पायो जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म का हिस्सा बनने के बाद उन्हें दबाव महसूस होता है, एक्ट्रेस आत्मविश्वास से जवाब देती हैं मुझे नहीं लगता कि प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्म में काम करने से मुझ पर बेहतर काम करने का दबाव बढ़ा है। लेकिन, इसने निश्चित रूप से मुझे ऐसे और प्रोजेक्ट करने के लिए प्रेरित किया है और मुझे लगता है कि यह अच्छा है। आशिका ने वेब सीरीज में काम करने के अपने खुलेपन के बारे में भी खुलासा कियाए जो आजकल आम बात लगती है कि मुझे क्राइम थ्रिलर सीरीज और हॉरर सीरीज भी देखना पसंद है। मैं एक मजबूत किरदार निभाना चाहूंगी जहां मैं अपनी एक्टिंग स्किल दिखा सकूं।

## एड्स : समय पर जांच व इलाज से बच जाएगी जान, सिर्फ 500 रुपए में जांच

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के एक समूह ने एचआईवी एड्स के साथ जी रहे लोगों में क्रिप्टोकोक्कल मेनिन्जाइटिस प्रबंधन को लेकर एक अत्यंत महत्वपूर्ण अध्ययन किया है। इस अध्ययन के मुताबिक एड्स रोगियों की समय पर जांच व इलाज से उनकी मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। यह जांच बीएचयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में 500 रुपए में की जाती है।

शोध ने क्रिप्टोकोक्कल संक्रमण के प्रति अति गंभीर एचआईवी संक्रमित मरीज़ों की मृत्यु दर में कमी लाने का एक प्रभावी तरीका सुझाया है। अध्ययन में पाया गया कि उत्तर भारत में एचआईवी के साथ जी रहे कमजोर प्रतिरक्षण वाले लोगों में क्रिप्टोकोक्कल एंटीजेंस की उपस्थिति अधिक है। उत्तर भारत में एचआईवी के साथ जी रहे लोगों में देश के अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा क्रिप्टोकोक्कल एंटीजन का प्रसार दर बहुत ऊंचा (15 प्रतिशत) है। क्रिप्टोकोकक्कल मेनिनदाइटिस केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र (सीएनएस) से जुड़ा संक्रमण है, जो कवक (फंगल संक्रमण) से होता है, एचआईवी के साथ जी रहे लोगों में मृत्यु का प्रमुख कारण है।




शोधकर्ताओं के मुताबिक इसका इलाज लंबा चलता है और इलाज के बाद भी मृत्यु दर अधिक होती है। हलांकि, बीएचयू के अध्ययन में पाया गया है कि गंभीर रूप से कमजोर प्रतिरक्षण वाले एचआईवी के साथ जी रहे लोगों की क्रिप्टोकोक्कल एंटीजन जांच, लक्षण दिखने से पहले ही व उचित थेरेपी शुरू कर मृत्यु दर कम किया जा सकता है। यह शोध बीएचयू चिकित्सा विज्ञान संस्थान स्थित मेडिसीन विभाग की प्रो. जया चक्रवर्ती एवं प्रो. श्याम सुन्दर तथा माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रो. रागिनी तिलक एवं डॉ. मुनेश कुमार गुप्ता तथा उनके रेज़ीडेन्ट्स द्वारा किए गए हैं।

प्रो. जया चक्रवर्ती ने बताया कि ऐसे व्यक्तियों की स्क्रीनिंग क्षेत्र के एआरटी सेंटर द्वारा की जानी चाहिए। वर्तमान में यह जांच बीएचयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में 500 रुपए प्रति परीक्षण के दर से की जाती है। हम उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण समिति से परीक्षण किट्स नि:शुल्क प्रदान करने का अनुरोध करना चाहेंगेए जिससे एआरटी सेंटर पर ऐसे सभी लोगों की स्क्रीनिंग की जा सके।

प्रो. चक्रवर्ती ने कहा कि यह शोध ऐसे महत्वपूर्ण समय पर आया हैए जब हम स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ताओं को फंगल संक्रमण के बारे में विचार करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए फंगल संक्रमण जागरूकता सप्ताह मना रहे हैं।

प्रो. जया चक्रवर्ती ने शोध को एचआईवी साइंस पर ब्रिस्बेन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एड्स सोसाइटी के 12वें सम्मेलन में भी प्रस्तुत किया था। यह सम्मेलन एड्स के प्रति जागरूकता तथा बचाव के लिए कार्य कर रहे संगठनों का सबसे प्रमुख आयोजन था। अध्ययन के नतीजे लिप्पिनकोट्ट विलियम्स व विल्किन्स के प्रतिष्ठित एड्स जनरल में हाल ही में प्रकाशित हुए हैं।

## यूनिसेफ के सहयोग से यूपी में आंगनबाड़ियों का होगा बदलाव

**लखनऊ,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार ने यूनिसेफ के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ बनाने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी कायाकल्प (एके) योजना शुरू की है। इस योजना का लक्ष्य राज्य के 1.86 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के लिए अधिक अनुकूल बनाना है। जन्म से लेकर 6 वर्ष की आयु तक के बच्चों की देखभाल करने वाली, आंगनबाड़ियां हाशिए पर रहने वाले वर्गों के लिए प्रारंभिक पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और बाल देखभाल के मुख्य प्रदाताओं में से एक हैं।

हालांकि वे पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी ढंग से सक्षम कर रहे हैं, फिर भी वे ग्रेड 1 में औपचारिक स्कूली शिक्षा में प्रवेश करने से पहले बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने में अक्सर पीछे रह जाते हैं।

एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस) निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने कहा कि परिवर्तन 18 संकेतकों के आसपास किया जाएगा। जिसमें बच्चों के अनुकूल शौचालय, मूत्रालय, समूह हाथ धोने की इकाइयां, रेलिंग के साथ रैंप, स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल का प्रावधान, बिजली, मौजूदा संरचनाओं



की मरम्मत, नवीनीकरण और अन्य बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं। अभियान के दौरान मौजूदा संरचनाओं की मरम्मत और नवीनीकरण भी किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास और आईसीडीएस मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प बच्चों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिक्षा विभाग और यूनिसेफ द्वारा वास्तविक समय डैशबोर्ड के साथ 18 प्रमुख कायाकल्प संकेतकों पर एक ऑनलाइन मूल्यांकन-सह-योजना उपकरण पहले ही स्थापित किया जा चुका है। यूनिसेफ के कुमार बिक्रम ने कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण हर बच्चे का अधिकार है।

## गणेशोत्सव की शानदार शुरुआत

### ढोल-ताशों, डांस और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ जश्न शुरू



**मुंबई,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। करीब तीन साल बाद गणेशोत्सव उत्सव-2023 रंगीन भव्यता के साथ शुरू हुआ। मुंबई और शेष महाराष्ट्र में भगवान गणेश की हजारों मूर्तियां घरोंए आवास परिसरों और सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित की जा रही हैं। गणेश चतुर्थी का जश्न ढोल-ताशों, डांस और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर लाखों भक्त पूजा करने और अपनी पसंदीदा 'मोदक' के साथ जुटे। इस साल भगवान गणेश को सजावट के सामयिक विषयों पर प्रस्तुत किया गया है। जिसमें विद्या से लेकर विज्ञान और इतिहास तक शामिल हैं। सजावट में चंद्रमा पर हाल ही में चंद्रयान-3 के अवतरण को उजागर किया गया है जो दक्षिण मुंबई में खेतवाडिचा राजा सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल में भीड़ खींच रहा है। हमेशा से लोकप्रिय रहे लालबागचा राजा को एक सिंहासन पर शान से बैठा हुआ देखा जाता है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ का प्रतीक है, जो दिवंगत कला निर्देशक नितिन सी देसाई की आखिरी रचना है। इस साल 36 फीट लंबी से लेकर 2 फीट छोटी मूर्तियां विभिन्न प्रकार के रंगों, डिजाइनों और सजावट में घरेलू उत्सवों में लोकप्रिय हैं। आयोजकों ने कहा कि देश का सबसे महंगा गणेशोत्सव मार्की जीएसबी सेवा मंडल में है, जहां भगवान गणेश की मूर्ति 60 किग्रा सोने और 336 किग्रा चांदी के आभूषणों से सुसज्जित है। चंद्रयान-3 लैंडिंग और भगवान राम मंदिर की पूर्ति के लिए दो विशेष धन्यवाद हवन, और 350 करोड़ रुपए का एक विशेष समग्र बीमा कवर भी है।

## ग्रेटर भारत फेडरेशन बनाने के लिए मगध फाउंडेशन भारत सरकार को देगी प्रस्ताव

**नई दिल्ली** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। मगध फाउंडेशन की कोर कमेटी की बैठक का आयोजन प्रेस क्लब नई दिल्ली में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मगध फाउंडेशन के संस्थापक के एन त्रिपाठी द्वारा की गई। मगध फाउंडेशन के अध्यक्ष के एन त्रिपाठी, ने कहा कि 'मगध फाउंडेशन 250 ई. पूर्व मगध साम्राज्य से अलग हुए देशों जो कि भारत के भ्रातृ देश है उनके साथ मिलकर एक ग्रेटर भारत फेडरेशन (वृहद् भारत संघ) बनाने का प्रस्ताव भारत सरकार को सौपेंगी। इस लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए, प्रत्येक देश की स्वतंत्रता को छीने बिना,




हमें इन सभी देशों को एक साथ लाकर एक साझा सांस्कृतिक संगठन और एक साझा विदेश नीति बनाने की आवश्यकता है। यह संगठन ग्रेटर भारत यूनियन के नजदीक नई दिल्ली में स्थित हो। साथ ही भविष्य में ग्रेटर भारत फेडरेशन के लिए एक एकीकृत सैन्य बल बनाने की भी योजना बनाई जाए'। इस बैठक में केंद्रीय समिति के सदस्य श्री राकेश शंकर शेट्टी और एम. जितेंद्र की भी उपस्थिति रही। साथ ही मगध फाउंडेशन के महासचिव डॉ. अजय ओझा, केंद्रीय समिति के सदस्य सी एस दुबे, के डी सिंह, राकेश शंकर शेट्टी, देबाशीष दत्ता, डॉ. शूलपाणि सिंह, तमिलनाडू स्टेट हेड-वेंकटेश रामराज, राजस्थान स्टेट हेड- डॉ. वरूण पुरोहित, कार्यकारिणी समिती के सदस्य परमदेव सिंह और मुमताज अंसारी भी मौजूद रहे।

## आईआईटी जीएन ने जीता अंतरराष्ट्रीय ग्रीन यूनिवर्सिटी पुरस्कार 2023

**गांधीनगर,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर (आईआईटी जीएन) ने ग्रीन मेंटर्स-यूएसए द्वारा अंतरराष्ट्रीय ग्रीन यूनिवर्सिटी पुरस्कार 2023 जीता है।

संस्थान की ओर से मंगलवार को यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अपनी उपलब्धिओं में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए आईआईटी जीएन ने ग्रीन मेंटर्स, यूएस द्वारा टिकाऊ प्रथाओं और अपने समग्र दृष्टिकोण के लिए अंतरराष्ट्रीय ग्रीन यूनिवर्सिटी अवार्ड 2023 जीता है। ग्रीन मेंटर्स संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के साथ विशेष सलाहकार स्थिति वाला एक गैर सरकारी संगठन है।

**बायोगैस और कंपोस्टिंग सिस्टम, सौर पैनल स्थापना, सभी वॉशबेसिन और नल में पानी बचाने वाले एरेटर का उपयोग आदि शामिल**

आईआईटी जीएन को यह पुरस्कार इस सप्ताह न्यूयॉर्क शहर में हो रहे 78वें संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के मौके पर कॉर्नेल यूनिवर्सिटी, यूएस में 15 सितम्बर को आयोजित सातवें एनवायसी ग्रीन स्कूल सम्मेलन में आईआईटी जीएन के रजिस्ट्रार पी.के. चोपड़ा ने प्राप्त किया। सम्मेलन में दुनिया भर के विचारशील नेताओं, शिक्षकों, शिक्षार्थियों, नीति निर्माताओं, नवप्रवर्तकों, राजनयिकों, प्रशासकों, समाधान प्रदाताओं, बुककीपरों, स्वास्थ्य देखभाल विशेषज्ञों, और जलवायु नेताओं को एक साथ लाया गया ताकि अधिक समावेशी, दयालुता, और वैश्विक शिक्षा को मानवीय बनाने और जलवायु परिवर्तन के प्रति जलवायु सचेत दृष्टिकोण को बढ़ावा देने से संबंधित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की जा सके।

इंटरनेशनल ग्रीन यूनिवर्सिटी अवार्ड दुनिया भर के उन विश्वविद्यालयों को मान्यता देता है जिन्होंने समुदाय और छात्र जुड़ाव के लिए अपने मूल मूल्यों, संचालन और शैक्षणिक कार्यक्रमों में स्थिरता को एकीकृत किया है और ऊर्जा-कुशल बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा समाधान, अपशिष्ट कटौती और रीसाइक्लिंग, टिकाऊ परिवहन पहल कार्यक्रमों जैसे टिकाऊ प्रथाओं को लागू किया है।

यह पुरस्कार पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने और छात्रों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूक मूल्यों को स्थापित करने में आईआईटी जीएन के उल्लेखनीय प्रयासों और उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देता है। संस्थान पर्यावरणीय जागरूकता और संरक्षण पहलों की एक श्रृंखला के साथ एक टिकाऊ शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देता है, जिसमें प्लॉगिंग ड्राइव, विभिन्न हितधारकों के लिए प्रशिक्षण सत्र, निष्क्रिय छायांकन और अभिविन्यास डिजाइन, प्राकृतिक प्रकाश का व्यापक उपयोग, पर्यावरण के अनुकूल सीवेज उपचार संयंत्र, वर्षा जल संचयन प्रणाली, बायोगैस और कंपोस्टिंग सिस्टम, सौर पैनल स्थापना, सभी वॉशबेसिन और नल में पानी बचाने वाले एरेटर का उपयोग, कुशल अपशिष्ट प्रबंधन और आधिकारिक संचार के लिए कागजात के उपयोग को कम करने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली का कार्यान्वयन आदि शामिल हैं।

वैश्विक स्तर पर इस मान्यता का श्रेय संस्थान समुदाय के समर्पित प्रयासों को देते हुए, आईआईटी जीएन के निदेशक प्रोफेसर रजत मूना ने कहा कि यह पुरस्कार हमारे परिसर विकास कार्यालय और संपूर्ण आईआईटी जीएन समुदाय के अथक जुनून, प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत का एक प्रमाण है, जो पर्यावरण के साथ सद्भाव में रहने और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली को बढ़ावा देने में गर्व और खुशी महसूस करता है। इस पुरस्कार ने पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।

## बच्चों की रुकी हुई लंबाई को बढ़ाए योगासन

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। योगासन केवल शारीरिक विकास के लिए ही नहीं होते हैं, बल्कि उनका मानसिक और आध्यात्मिक असर भी होता है। यह शारीरिक कष्टों से राहत दिलाता है तो वहीं मानसिक दबाव को कम करता है। बच्चों की हाइट न बढ़ना आजकल आम समस्या हो गई है। अगर अच्छे खानपान और कई तरह की एक्सरसाइज करने के बावजूद किसी बच्चे की लम्बाई नहीं बढ़ रही है तो ऐसे में पेरेंट्स का चिंता करना लाजमी है। शुरूआत में बच्चों की लम्बाई पर माता-पिता ध्यान नहीं देते हैं लेकिन जब 15 साल के बाद भी उम्र के हिसाब से बच्चे की लम्बाई नहीं बढ़ती है तो उन्हें चिंता होने लगती है। अगर हर तरह के उपाय करने के बावजूद आपके बच्चे की हाइट नहीं बढ़ रही है तो आप इन तीन योगासन की मदद ले सकते हैं। बच्चों



की हाइट बढ़ाने के लिए करें ये योगासन

**ताड़ासन :** ताड़ासन को लंबाई बढ़ाने के लिए रामबाण इलाज कहा जाता है। ये आसन पीठ दर्द, लंबाई बढ़ाने और घुटनों से संबंधित हर तरह की समस्या से निजात दिलाता है। इसे करने के लिए सबसे पहले आप अपने दोनों पैरों पर खड़े हो जाएं। इसके बाद अपने हाथों को जोड़ते हुए ऊपर की तरफ ले जाएं। अपने दोनों हाथ और सिर को ऊपर की तरफ खींचने की कोशिश करें। इस दौरान गहरी सांस लें। अब धीरे-धीरे अपनी मुद्रा में वापस आ जाएं। यह आसन अपने बच्चे को दिन 2 से 3 बार कराएं।

**वृक्षासन :** इस आसन को करने पर आपके शरीर में लंबाई वाले हार्मोन की ग्रोथ होती है। बच्चों की लंबाई बढ़ाने के लिए तो ये आसन बेहद फायदेमंद है। इसे करने के लिए आपको सबसे पहले आपको सूर्य की दिशा में सावधान की पोजीशन में खड़े होना है। इसके बाद अपने हाथों को आसमान की तरफ ले जाते हुए लेफ्ट पैर को राइट पैर की जांघ पर रख लें। अब इसी मुद्रा में थोड़ी देर तक बने रहें। इसके बाद धीरे-धीरे अपनी मुद्रा में वापस आएं। लंबाई बढ़ाने के लिए इसे दिन में 8 से 10 बार करें।

**भुजंगासन :** भुजंगासन स्पाइनल कॉर्ड को मजबूत बनाने में मदद करता है और शरीर की लंबाई में सुधार कर सकता है। यह बॉडी के स्ट्रक्चर को बेहतर करता है।

अंतत: निष्कर्ष से निकलता है कि अगर ये कहा जाए कि योग के पास हमारी सभी समस्याओं का हल है तो गलत नहीं होगा। दिनभर की छोटी मोटी समस्याओं से लेकर कई बड़ी बीमारियों से राहत दिलाने में योग हमारी मदद करता है। योग का निर्माता अभ्यास आपके बच्चों की झुकी हुई लंबाई को बढ़ाने में काफी कारगर सिद्ध होता है इसलिए रोज कर रही हो स्वस्थ रहे मस्त रहे खुश रहे।

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.37 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.23 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.66 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.57 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.51 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.32 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 1.26 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.80 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.69 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.49 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### चीनी-गुड़

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 3500-4000 |
| परमल | 1800-2300 |
| चावल सेला | 3000-3100 |
| आरआर (आठ ) | 1900-1950 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 8150-8250 |
| उड़द दाल | 11000-11100 |
| मूंग दाल | 10000-10100 |
| अरहर दाल | 10500-10600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम मंगलवार को भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच कच्चा तेल 95 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

**लंदन,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। कच्चे तेल की कीमत लगभग एक साल में पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल की ओर बढ़ रही है, जिससे केंद्रीय बैंकरों के लिए नई मुसीबत पैदा हो गई है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड मंगलवार को 95 डॉलर प्रति बैरल से

**■ कच्चे तेल की कीमत लगभग एक साल में पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल की ओर बढ़ रही**

अधिक हो गया है, जो नवंबर 2022 के बाद से सबसे अधिक है। सऊदी अरब और रूस ने हाल ही में उत्पादन में कटौती की है। इसके बाद आपूर्ति घाटे की चिंताओं से तेल की कीमतें बढ़ रही हैं।

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेंट क्रूड की कीमत 2022 में 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे थी। पिछले फरवरी में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद इसकी कीमत लगभग 130 डॉलर प्रति बैरल तक



पहुंच गई थी जिससे मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई।

तेल की ऊंची कीमत से मुद्रास्फीति काफी बढ़ जाती है, ठीक ऐसे समय में जब केंद्रीय बैंकर बढ़ती ब्याज दरों के अपने चक्र को समाप्त करने की ओर बढ़ रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व बुधवार को उधारी लागत पर रोक लगा सकता है, हालांकि बैंक ऑफ इंग्लैंड गुरुवार को फिर से बढ़ोतरी के लिए मतदान कर सकता है। एसईबी के मुख्य कमोडिटी विश्लेषक बर्जने शिल्ड्रॉप का अनुमान है कि यदि कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक बढ़ती रहेंगी तो तेल की मांग कमजोर होगी। शिलड्रॉप ने कहा, 'कुल मिलाकर स्थिति ये है कि सऊदी अरब और रूस का तेल बाजार पर ठोस नियंत्रण है। वैश्विक बाज़ार या तो संतुलित है या घाटे में है और कच्चे तेल और उत्पाद स्टॉक दोनों अभी भी कम हैं।'

### तेल की बढ़ती कीमतों से रुपया पर मंडरा रहा खतरा

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के चलते डॉलर की मांग बढ़ने से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 83.2675 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। आगे चलकर रूपए का मूल्य बहुत कुछ वैश्विक बाजारों में तेल की कीमतों पर निर्भर करेगा जो अब 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास मंडरा रही है। आरबीआई रुपए को सहारा देने के लिए बाजार में डॉलर जारी कर रहा है, लेकिन यह भारतीय मुद्रा की गिरावट को रोकने में काफी नहीं है। देश अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है जिसके लिए डॉलर में तत्काल भुगतान करना पड़ता है। एक निजी क्षेत्र के बैंक के विदेशी मुद्रा विशेषज्ञ ने कहा, 'आरबीआई अपने विदेशी मुद्रा के प्रचूर भंडार के साथ रुपये की रक्षा के लिए मौजूद रहेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि अस्थिरता पर काबू पाया जाए, लेकिन यह एक प्वाइंट से आगे नहीं जा सकता।' एक विश्लेषक ने कहा कि भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेश ने भी रुपये की अस्थिरता को नियंत्रित करने में मदद की है, लेकिन यह 'हॉट मनी' है जो अचानक बाहर निकल सकता है और इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। तेल की कीमतें लगातार तीन सप्ताह से बढ़ रही हैं और सऊदी अरब और रूस द्वारा इस साल के अंत तक आपूर्ति में कटौती का फैसला करने के बाद नवंबर के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। आने वाले दिनों में आपूर्ति कम होने की उम्मीद के कारण भी कुछ घबराहट भरी खरीदारी हुई है जिससे कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है।

## माइक्रोसॉफ्ट के पैनोस पानाय हार्डवेयर व्यवसाय चलाने के लिए अमेज़न में हो रहे शामिल

**सैन फ्रांसिस्को,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व विंडोज और सरफेस प्रमुख पनोस पानाय अपने हार्डवेयर व्यवसाय की देखरेख के लिए अमेज़ॅन में शामिल हो रहे हैं। मंगलवार को आई रिपोर्ट में कहा गया है कि पानाय अमेज़ॅन के निवर्तमान अमेज़ॅन उपकरणों और सेवाओं के प्रमुख डेव लिम्प का स्थान ले रहे हैं, जो लगभग 14 वर्षों से कंपनी के साथ हैं। पिछले महीने, लिम्प ने पुष्टि की थी कि वह पद छोड़ रहे हैं। उनके नेतृत्व में, अमेज़ॅन ग्राहकों को पसंद आने वाले उपकरणों और अंतर्निहित सेवाओं के निर्माण में दुनिया के अग्रणी नवप्रवर्तकों में से एक बन गया। उनका प्रस्थान उन रिपोर्टों के बीच हुआ कि स्मार्ट घरेलू उपकरणों पर अमेज़ॅन के महंगे दांव का अच्छा परिणाम नहीं मिला है। अमेज़ॅन के सीईओ एंडी जेसी के अनुसार, 'किंडल रीडर्स से लेकर फायर टीवी से लेकर एलेक्सा और इको तक, पिछले डेढ़ दशक में हम ऐसे अनुभवों का आविष्कार करने और उन्हें बेहतर बनाने में सक्षम हुए हैं जो हमारे ग्राहकों के जीवन को हर दिन बेहतर बनाने में मदद करते हैं।' पनाय द्वारा अपने एलेक्सा और इको स्पीकर के लिए अमेज़न डिवीजन को चलाने की संभावना है। वह 2004 में ग्रुप प्रोग्राम मैनेजर के रूप में माइक्रोसॉफ्ट में शामिल हुए और 2018 में कंपनी के मुख्य उत्पाद अधिकारी बने, जहां उन्होंने विंडोज 11 के विकास का नेतृत्व किया।

2021 में, पनाय को माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और सीईओ, सत्य नडेला के तहत शीर्ष नेतृत्व टीम के हिस्से के रूप में कार्यकारी उपाध्यक्ष के रूप में पदोन्नत किया गया था। माइक्रोसॉफ्ट के आधुनिक जीवन, खोज और उपकरणों के कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष यूसुफ मेहदी, विंडोज और सरफेस व्यवसायों के प्रमुख के रूप में उनकी जगह लेंगे।

## सभी एक्स यूजर्स को जल्द ही करना होगा भुगतान: मस्क

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। जल्द ही एक्स यूजर्स को इस सेवा के लिए मासिक भुगतान करना होगा। यह बात एक्स के मालिक एलन मस्क ने कही है। इज़रायली प्रधानमंत्री

**■ जल्द ही एक्स यूजर्स को इस सेवा के लिए मासिक भुगतान करना होगा। यह बात एक्स के मालिक एलन मस्क ने कही है।**

बेंजामिन नेतन्याहू के साथ की गई बातचीत में, एक्स के मालिक ने यह विचार रखा कि प्लेटफ़ॉर्म पर बॉट्स की समस्या से निपटने के लिए सोशल नेटवर्क अब एक मुफ़्त साइट नहीं रह सकता है। मस्क ने सोमवार देर रात कहा, 'यही एकमात्र तरीका है, जिससे मैं बॉट्स का मुकाबला कर सकता हूं।' अरबपति ने कहा, 'क्योंकि एक बॉट की लागत एक पैसे का एक अंश होती है, इसे एक पैसे का दसवां हिस्सा कहें, लेकिन भले ही इसके लिए कुछ डॉलर या कुछ और भुगतान करना पड़े, बॉट की प्रभावी लागत बहुत अधिक है।' गौरतलब है कि एक्स पर सभी से शुल्क वसूलने का विचार नया नहीं है, पिछले साल भी मस्क ने ऐसा कहा था। कंपनी वर्तमान में अपने एक्स प्रीमियम उपयोगकर्ताओं से प्रति माह 8 डॉलर का शुल्क लेती है। किंग देने की क्षमता देता है। बातचीत के दौरान मस्क ने कहा कि एक्स के अब 550 मिलियन मासिक उपयोगकर्ता हैं, जो हर दिन 100-200 मिलियन पोस्ट जेनरेट करते हैं।

## मुंबई अं.हवाई अड्डे पर यात्रियों की आवाजाही में अगस्त में 32 फीसदी का उछाल

**मुंबई,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से इस वर्ष अगस्त में 43.2 लाख यात्रियों ने आवाजाही की। यह संख्या पिछले वर्ष अगस्त की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है। अगस्त 2022 में यहां से 32 लाख यात्रियों ने यात्राएं की थीं। यह जानकारी सोमवार को मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की एक विज्ञप्ति में दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार अदानी समूह के प्रबंध में चल रहे मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने- जाने वाले यात्रियों की संख्या इस वर्ष अगस्त में अगस्त 2019 के तुलना में 108 प्रतिशत ऊंची है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से यात्रा करने वाले यात्रियों की आवाजाही अगस्त में 11 लाख रही, जो एक साल पहले के 8.4



लाख की तुलना में 33 प्रतिशत वृद्धि दर्शाती है।

इस हवाई अड्डे से इस बार अगस्त में 20711 घरेलू और 6960 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का आवागमन हुआ। यहां से सबसे अधिक अंतरराट्रीय उड़ाने दुबई मार्ग पर संचालित की गई।

अगस्त में म्यूनिख मार्ग पर यात्रियों की संख्या में सर्वाधिक 150 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि 138 फीसदी की वृद्धि के साथ हनोई दूसरे और 110 प्रतिशत की वृद्धि के साथ इस्तांबुल तीसरे स्थान पर रहा। नैरोबी और हो ची मिन्ह सिटी के लिए यात्रियों की संख्या में क्रमशः 99 फीसदी और 96 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

### सार संक्षेप

#### फोटोग्राफी का अनूठा अनुभव देगा ऑनर90

लखनऊ। मोबाइल प्रदाता कंपनी एच टेक ने सोमवार को यहां तमाम खूबियों से भरपूर स्मार्टफोन ऑनर90 5जी पेश किया। ए टेक के वरिष्ठ वाइस प्रेसीडेंट सी पी खंडेलवाल ने बताया कि 37 हजार 999 से शुरू होने वाली ऑनर90 स्मार्टफोन रेंज में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ( एआई) वीलॉग मास्टर के साथ 200 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा और 3840 हर्ट्ज़ की पीडब्लूएम डिमिंग टेक्नोलॉजी के साथ अग्रणी क्वाड-कर्व्ड फ्लोटिंग डिस्प्ले है। ऑनर90 5जी में अत्याधुनिक हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर एक ही डिवाइस में दिये गये हैं। उन्होने बताया कि ग्राहकों को 180 शहरों में फैले इसके 400 सर्विस सेंटर्स के विशाल नेटवर्क से बेहतरीन सर्विस मिलेगी जिसमें उत्तर प्रदेश में 43 सर्विस सेंटर सक्रिय हैं।

स्मार्ट फोन को अमेजन के अलावा उत्तर प्रदेश में फैले 250 से अधिक आफ लाइन् स्टोर से प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर एचटेक के सीईओ माधव शेठ ने कहा, एचटेक में हम भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अत्याधुनिक तकनीक के साथ एक मजबूत ब्रांड वापस लाने की उपलब्धि के लिए उत्साहित हैं। 'ऑनर' लगातार डिस्प्ले टेक्नोलॉजी, बैटरी टेक सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस में इनोवेशन लाने की ओर काम कर रहा है, जो सशक्त अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं पर आधारित हैं।

#### जैक डोर्सी को ब्लॉक का हेड एंड 'चेयरपर्सन' किया गया नियुक्त

सैन फ्रांसिस्को। जैक डोर्सी को अब उनकी टेक कंपनी ब्लॉक (पहले स्क्वायर) का प्रमुख और चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है, जिसकी उन्होंने 2009 में सह-स्थापना की थी। डोर्सी 'चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, प्रेसिडेंट एंड चेयरपर्सन, से 'ब्लॉक हेड एंड चेयरपर्सन' बन गए हैं। ब्लॉक ने यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) को एक फाइलिंग में कहा, 'डोर्सी की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों में कोई बदलाव नहीं होगा और वह कंपनी के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के रूप में काम करना जारी रखेंगे।' स्क्वायर के वर्तमान सीईओ कंपनी छोड़ रहे हैं इसलिए डोर्सी कंपनी में अतिरिक्त जिम्मेदारियां संभालेंगे। फाइलिंग के अनुसार, परिवर्तन डोरसी के अनुरोध पर हुआ है। दिसंबर 2021 में, डोर्सी की फाइनेंशियल सर्विस कंपनी स्क्वायर ने अपना नाम बदलकर ब्लॉक करने की घोषणा की थी। रिपोर्ट में कहा गया, 'हम यह भी मानते हैं कि जैक डोर्सी ने एक एंपायर बनाया है और 5 बिलियन की व्यक्तिगत संपत्ति अर्जित की है। वह जनसांख्यिकी का लाभ उठा रहे है।'

## सम्मिट इंडिया का अंतरराष्ट्रीय अभियान

**नई दिल्ली** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की अध्यक्षता में जी20 का सदस्य बने अफ्रीकी संघ के देशों में भारत को लेकर किस तरह का उत्साह और सोच बनी है इसका एक नज़ारा इस साल के अंत में सम्मिट इंडिया के अंतरराष्ट्रीय अभियान के तहत अफ्रीकी महाद्वीप के केन्या में मैराथन दौड़ का आयोजन में देखने को मिलेगा। इसके साथ ही केन्या सरकार के सहयोग से भारत वंशी अफ्रीकन जनों कें लिये अयोध्या की तरह एक भव्य राम मंदिर बनाने की पहल की जा रही है।

**■ अंतरराष्ट्रीय अभियान के तहत अफ्रीकी महाद्वीप के केन्या में मैराथन दौड़ का आयोजन में देखने को मिलेगा**

सम्मिट इंडिया के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने केन्या चैप्टर का अध्यक्ष डॉ स्वरूप रंजन मिश्रा को नियुक्त किया है जो वहां के संसद सदस्य है और सत्तारूढ़ पार्टी के राष्ट्रीय संगठक भी है।

सम्मिट इंडिया का ब्रांड भारत और वसुधैव कुटुंकम्ब के महाअभियान के दिशा में वियतनाम में अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक एवं सांस्कृतिक संवाद की शुरुआत भी इस वर्ष दिसम्बर में एक महासम्मेलन की ज़रिये शुरू किया जाएगा। इसके लिए वियतनाम चैप्टर का अध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा नियुक्त किया गया है।

सम्मिट इंडिया के महासचिव महेश वर्मा ने आज यहाँ यह जानकारी देते हुए बताया कि ब्रांड भारत आज जिस कदर अफ्रीका में सर चढ़कर बोल रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के बीच केन्या में राम मंदिर का निर्माण करने से जाहिर होता है। इससे भारत के विश्व बंधुतत्व को भी बल मिलेगा। इसके लिए एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही श्री जाजू के नेतृत्व में केन्या जाएगा। जिसमें उत्तर प्रदेश चैप्टर के प्रमुख पूरण डावर सहित 10 लोग को शामिल किया गया है। श्री श्री रविशंकर और श्री राम जन्म भूमि न्यास समिति के सदस्य भी इसमें होंगे। इसी प्रकार से वहां विश्व के नंबर वन धावको के साथ मैराथन के जरिये मंदिर निर्माण से पूरे अफ्रीका महाद्वीप के देशों को जोड़ा जाएगा। इसके लिए डॉ मिश्रा की बड़ी भूमिका होगी। श्री वर्मा ने बताया कि डॉ मिश्रा का जन आरोग्य संस्थान पूरे अफ्रीकावासियों को सेवा देता है ऐसे में उनके हाथ इसका बागडोर देना उचित प्रतीत हुआ और सम्मिट इंडिया के केंद्रीय संगठन ने इस पर अपनी सहमति की मुहर लगाई है। वियतनाम में वहां के चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष रहे भारतीय मूल के श्री जय प्रकाश का अनुभव भारत के साथ वियतनाम की व्यापारिक और सांस्कृतिक साझेदारी को सांझा करने की एक बड़ी पहल दिसम्बर में होगी।

## जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली 19 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 23 रिंगिट बढ़कर 3701 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.19 सेंट की गिरावट के साथ 60.75 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## जिंदल हंटिंग एनर्जी ने नासिक में अत्याधुनिक सुविधा का अनावरण किया

**नासिक,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। जिंदल हंटिंग एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड, जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड और हंटिंग एनर्जी सर्विसेज के बीच एक संयुक्त उद्यम ने सोमवार को नासिक में जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड की ट्यूब सुविधा में स्थित अपनी सुविधा के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। नई लॉन्च की गई सुविधा उद्घाटन और वर्तमान में ओसीटीजी बाजार में पाइप, ट्यूब और प्रीमियम कनेक्शन का उत्पादन और आपूर्ति करने में सक्षम एकमात्र सुविधा है। अब तक इन सभी उत्पादों को दूसरे देशों से आयात करना पड़ता था, जिससे भारत में विदेशी मुद्रा की स्थिति पर दबाव पड़ता था। जिंदल एसएडब्ल्यू के अध्यक्ष पी.आर. जिंदल ने कहा, यह सुविधा न केवल भारतीय तेल और गैस उद्योग का समर्थन करती है, बल्कि इसमें बड़ी निर्यात क्षमता भी होगी, जिससे देश के लिए मूल्यवान विदेशी मुद्रा अर्जित होगी।

उन्होंने कहा कि इस सुविधा की कल्पना 'उत्कृष्टता केंद्र' के रूप में की गई है, जो इस क्षेत्र में एक अद्वितीय प्रतिष्ठान है, जो तेल और गैस उद्योग के ओसीटीजी (ऑयल कंट्री ट्यूबलर गुड्स) क्षेत्र के भीतर उत्पादों और सेवाओं की एक



व्यापक शृंखला पेश करता है।

हंटिंग पीएलसी के सीईओ जिम जॉनसन ने कहा, 'यह एक शानदार मील का पत्थर है। अगस्त 2019 में जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी से लेकर पिछले चार वर्षों में विकसित दृष्टिकोण की प्राप्ति तक, काफी प्रगति हुई है।' यह सुविधा 70,000 मीट्रिक टन OCTG की वार्षिक थ्रेडिंग क्षमता प्राप्त करने के लिए निर्धारित है। जिंदल ने कहा कि यह नासिक और देश भर के अन्य स्थानों में जिंदल एसएडब्ल्यू सुविधा से कच्चे माल और इनपुट प्राप्त करने वाली एक निर्बाध आपूर्ति श्रृंखला द्वारा पूरी तरह से समर्थित होगी।

# जियो ने दिल्ली, मुंबई सहित आठ बड़े शहरों में शुरू की 'एयर फाइबर सेवा'

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। अरबपति उद्यमी मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह की दूरसंचार एवं डिजिटल सेवा कंपनी रिलायंस जियो ने मंगलवार को गणेश चतुर्थी के मौके पर दिल्ली, मुंबई सहित आठ बड़े शहरों में जियो एयर फाइबर सेवाओं का शुभारंभ करने की की।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और पुणे में जियो एयर फाइबर की सेवाएं सक्रिय कर दी हैं। रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन, आकाश अंबानी ने कहा, हमारी फाइबर-टू-द-होम सर्विस, जियो फाइबर एक करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रही है, हर महीने सैकड़ों हजारों लोग इससे जुड़ रहे हैं।

लेकिन अभी भी लाखों घरों और छोटे व्यवसायों को जोड़ा जाना बाकी है। कंपनी के अनुसार जियो एयर फाइबर एक कई प्रकार की सुविधाओं का एक सम्पूर्ण एकीकृत समाधान है , जिसके तहत ग्रहकों को अपने स्थान पर एक ही नेटवर्क से होम एंटरटेनमेंट, स्मार्ट होम सर्विस और हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

कंपनी ने एयर फाइबर और एयर फाइबर मैक्स नाम के दो प्लान प्रस्तुत किए हैं जो 599 रुपए से 3999 रु मासिक के हैं। अलग - अलग प्लान पैकेज में वीडियो डाउन लोड की गति में फर्क होगा। जियो का ऑप्टिकल फाइबर इंफ्रास्ट्रक्चर पूरे देश में 15 लाख किमी से अधिक में फैला हुआ है। कंपनी अपनी जियो फाइबर सर्विस से अब तक एक करोड़ से अधिक परिसरों को जोड़ चुकी हैं। पर अभी भी करोड़ों परिसर और घर ऐसे हैं, जहां वायर यानी फाइबर कनेक्टिविटी




देना काफी मुश्किलों भरा है। जियो एयर फाइबर इस लास्ट माइल कनेक्टिविटी की मुश्किल को आसान बनाएगा। जियो एयर फाइबर के जरिए कंपनी 20 करोड़ घरों और परिसरों तक पहुंचने की उम्मीद कर रही है। आकाश अंबानी ने कहा कि जियो एयर फाइबर शिक्षा, स्वास्थ्य, निगरानी और स्मार्ट होम में अपने सॉल्युशन्स के माध्यम से लाखों घरों को विश्व स्तरीय डिजिटल मनोरंजन, स्मार्ट होम सेवाओं और ब्रॉडबैंड की सेवाएं देगा।

### जियो फाइनेंशियल एक विघटनकारी शक्ति के रूप में उभरेगी

नई दिल्ली। एलारा कैपिटल ने एक शोध में कहा कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज वित्तीय क्षेत्र में एक विघटनकारी शक्ति के रूप में उभरेगी, लेकिन बड़े पैमाने पर निर्माण में समय लगेगा। गौरतलब है कि जियो फाइनेंशियल फिनटेक और नए जमाने के व्यवसाय के निर्माण, संचालन में एक वित्तीय पावरहाउस है। जियो फाइनेंशियल एनबीएफसी-सीआईसी में तब्दील हो जाएगा और, यह एक होल्डिंग कंपनी होगी, जो अपनी उपभोक्ता-सामना वाली सहायक कंपनियों के माध्यम से वित्तीय सेवा व्यवसाय संचालित करती है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'हम इसे फिनटेक और नए युग की तरह काम करते हुए देखते हैं। यह अधिग्रहण, जुड़ाव और मुद्रीकरण के सिद्धांत पर काम करेगा। विशाल डेटा और व्यापक वितरण इस क्षमता को बढ़ाते हैं।' गो-टू-मार्केट बिजनेस मॉडल की सफलता फ्लाईव्हील प्रभाव पर निर्भर है। और, जियो फाइनेंशियल समूह की ताकत 18,000 से अधिक खुदरा स्टोर, 50 मिलियन से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ता, और इसके दूरसंचार व्यवसाय के 400 मिलियन से अधिक ग्राहक का लाभ उठा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, एक मजबूत पूंजी आधार, मजबूत प्रमोटर (क्रेडिट रेटिंग में फीडिंग), फुर्तीला तकनीकी वास्तुकला और एक अनुभवी टीम के साथ एक दूरदर्शी नेता (गठन चल रहा है) जियो फाइनेंशियल को एक अच्छा लॉन्चपैड प्रदान करता है। जबकि जियो फाइनेंशियल में एक शक्तिशाली विघटनकारी होने की क्षमता है, हमारे विचार में, 'मनी इन' बनाम 'मनी आउट' व्यवसाय की कार्यप्रणाली अलग है। उधार देने (लीवरेज) व्यवसाय का अपना सीखने का चरण होता है, और फर्म भी इससे अलग नहीं होगी। इस प्रकार जियो पल को दोहराना कठिन होगा। जबकि जियो फाइनेंशियल एक डिजिटल फर्स्ट संस्थान होगा, जोखिम प्रबंधन आधार तैयार करना और एक संग्रह ढांचा स्थापित करना प्राथमिकता होगी। रिपोर्ट में कहा गया है, 'व्यवस्थित रूप से, पैठ के स्तर को ध्यान में रखते हुए, हम जियो फाइनेंशियल को एक विघटनकारी शक्ति के रूप में देखते हैं, लेकिन बाजार परियोजना को सीमित करने के लिए नहीं।' रिपोर्ट में कहा गया है, 'हमारा मानना है कि जियो फाइनेंशियल की मूल्य निर्माण यात्रा शुद्ध व्यावसायिक परिणाम की तुलना में इसकी नई साझेदारियों से अधिक निर्धारित होगी, और मूल्यांकन फ्रंट-एंड होगा।

# खेल जगत

## अगर मैं संजू की जगह होता तो मुझे बहुत निराशा होती : इरफान पठान

**नई दिल्ली,** 19 सितंबर (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज की टीम से संजू सैमसन को बाहर किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अगर वह सैमसन की जगह होते तो उन्हें बहुत निराशा होती। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के लिए भारत की टीम की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, पठान ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा- अगर मैं अभी संजू सैमसन की जगह होता, तो मुझे बहुत निराशा होती..। हैरानी की बात यह है कि सैमसन पर तिलक वर्मा और रुतुराज गायकवाड़ को तरजीह दी गई। वर्मा, जिन्होंने हाल ही में अपना वनडे डेब्यू किया, बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप 2023 सुपर 4 गेम में सिर्फ पांच रन पर आउट हो गए।



# अश्विन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज के लिए भारतीय टीम में

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 19 सितंबर (देशबन्धु)। अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन को भारत ने मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर में तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज के लिए टीम में चुना है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू के दो वनडे मैचों के लिए 15 तथा तीसरे और आखिरी वनडे 17 सदस्यीय टीम चुनी है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की शुरू के दो मैचों के लिए तीनों फॉर्मेट में नियमित कप्तान रोहित शर्मा, धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली , उपकप्तान हार्दिक पांड्या और तुरुप के बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को आराम दिया है। चोट के बाद फिट होकर एशिया कप में कामयाब वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ऑस्ट्रेलिया के शुरू के दो वन ढे मैचों में भारत के कप्तान तथा ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा उपकप्तान होंगे।

भारत ने रोहित और विराट की जगह ऋतुराज गायकवाड़ और तिलक वर्मा को तथा फिलहाल चोट के कारण बाहर बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल की जगह शुरू के दो वन डे में दो ऑफ स्पिन ऑलराउंडरों -रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर को टीम में जगह दी है। अक्षर पटेल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए भारतीय टीम में शामिल जरूर किया गया है लेकिन वह फिट होने पर खेलेंगे। भारत ने तीसरे वनडे के लिए वन डे विश्व कप के लिए चुनी गई टीम के साथ अश्विन और सुंदर को भी टीम में जोड़ा है।मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम पहला वनडे मोहाली (22 सितंबर), दूसरा 24 सितंबर को इंदौर और तीसरा और



आखिरी वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच 27 सितंबर को राजकोट में खेलेगी।

अश्विन ने भारत के लिए अंतिम वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच करीब डेढ़ बरस पहले खेला था। अश्विन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में वाशिंगटन सुंदर के साथ शामिल करने का मकसद है यदि अक्षर पटेल वन एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में लगी चोट के डे विश्व कप के लिए समय से फिट न हो पाए तो उसके पास ये दो विकल्प के रूप में उपलब्ध रहे। अश्विन पिछले कुछ हफ्तों से स्पिन सलाहकार सैराज बाहुतुले के साथ ट्रेनिंग करने के साथ एनसीए बेंगलुरु में फिजिकल कंडीशनिंग में जुटे थे। भारत के मुख्य चयनकर्ता अजित आगरकर ने कहा हमें उम्मीद है कि अक्षर पटेल फिट हो जाएंगे। वाशिंगटन सुंदर एशिया कप फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले थे। अश्विन खासे अनुभवी है और यदि वन डे विश्व कप में जरूरत पड़ी तो हमारे पास अश्विन और सुंदर के रूप में बढियाा विकल्प रहे।

वहीं अश्विन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल करने की बाबत भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, अश्विन जैसे अनुभवी गेंदबाज के लिए मैच खेलने का वक्त और मैदान पर वक्त बिताना कोई बड़ा मसला नहीं है। हमने इसलिए सोचा यदि अश्विन के रूप में हमारे पास विकल्प है तो हमें उन्हें टीम में शामिल करना चाहिए। उनका अनुभव हमारे लिए बेशकीमती साबित होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वन डे सीरीज में उन्हें मौका देने हमें यह समझने का मौका मिलेगा कि वह कहां खड़े हैं और शारीरिक रूप से वह कितने तैयार हैं। ऐसा नहीं है कि अश्विन बीते बरस से क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं हां वह भारत के लिए वन डे क्रिकेट जरूर बीते काफी समय से नहीं खेले हैं लेकिन हाल ही में वह वेस्ट इंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट खेले थे और यदि मैं गलत नहीं हूं तो वह टीएनपीएल में खेले। कोई तुलना नहीं है वह कुछ क्रिकेट जरूर खेले है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच हें यह जानने का मौका देंगे कि अश्विन इस समय कहां खड़े हैं।

### भारत की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू के दो वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए क्रिकेट टीम

केएल राहुल(कप्तान), शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा (उपकपतान), शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन, वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे अंतर्राष्ट्रीय वन डे के लिए भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल(कप्तान), इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा , शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, हार्दिक पांड्या , विराट कोहली,कुलदीप यादव, अक्षर पटेल (बशर्ते फिट हों) रविचंद्रन अश्विन, वाशिंगटन सुंदर।

## एशियाई खेल के लिए भारतीय महिला हैंडबॉल टीम घोषित



**लखनऊ,** 19 सितंबर (वार्ता) चीन के हांगझोऊ में 23 सितंबर से शुरु होने वाले एशियाई खेलों के लिये भारतीय महिला हैंडबाल टीम की घोषणा मंगलवार को कर दी गयी। महिला हैंडबॉल टीम की कप्तान रेलवे की ज्योति शुक्ला होंगी जबकि उपकप्तान हिमाचल प्रदेश की दीक्षा कुमारी बनाई गयी है। टीम में उत्तर प्रदेश की शिवा सिंह और तेजस्विनी सिंह का भी चयन किया गया है। एशियन गेम्स के 19वें संस्करण में हैंडबॉल के मुकाबले 24 सितंबर से पांच अक्टूबर तक होंगे। इसके लिए टीम दिल्ली से 20 सितंबर को हांगझोऊ के लिए रवाना होगी।

भारतीय महिला हैंडबॉल टीम को प्रारंभिक राउंड के ग्रुप बी में जगह मिली है। इस ग्रुप में भारत के साथ चीन, जापान, नेपाल और हांगकांग चाइना को जगह मिली है। भारतीय टीम 25 सितंबर को जापान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। इसके बाद भारतीय टीम की 27 सितंबर को हांगकांग चाइना, 29 सितंबर को चीन और 30 सितंबर को नेपाल की टीम से टक्कर होगी।

अयोध्या के डा.भीमराव अंबेडकर इंडोर स्टेडियम में आयोजित टीम के शिविर की समाप्ति कें बाद रवानगी से पूर्व भारतीय टीम का विदाई समारोह लखनऊ में एक निजी होटल में किया गया। समारोह में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ की अध्यक्ष व बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर अलका दास ने खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय के अनुसार शिविर में खेल की तकनीक, इंडयोरेंस, स्टेमिना व गति में सुधार के लिए कड़ा अभ्यास कराया गया है।

**एशियन गेम्स के लिए चयनित भारतीय महिला हैंडबॉल टीम**

नीना शील (पश्चिम बंगाल), दीक्षा कुमारी, निधि शर्मा, शालिनी ठाकुर, भावना, मिताली शर्मा, प्रियंका ठाकुर (हिमाचल प्रदेश), शिवा सिंह, तेजस्विनी सिंह (उत्तर प्रदेश), मेनिका, , सुषमा, ज्योति शुक्ला, प्रियंका (भारतीय रेलवे) सोनिका, आशा (हरियाणा), पूजा कंवर (राजस्थान)

**कोच :** एम.कार्तिकेयन, सचिन चौधरी, प्रवीण कुमार सिंह, मनीषा, अतनु मजूमदार

## चहल को ऑस्ट्रेलिया वनडे से बाहर किए जाने पर हैरान हरभजन

**नई दिल्ली,** 19 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी घरेलू वनडे सीरीज से लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को बाहर किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। इससे पहले, युजवेंद्र चहल को भारत की 15 सदस्यीय विश्व कप टीम से भी बाहर कर दिया गया था और तब से वह केंट के लिए काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं।

अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए हरभजन ने कहा, युजवेंद्र चहल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम में होना चाहिए था। उन्हें मौका नहीं दिया गया है। यह मेरी समझ से परे है। या तो उन्होंने किसी के साथ लड़ाई की है या उन्होंने किसी को कुछ कहा है, मुझे नहीं पता। अगर सिर्फ स्किल की बात करें तो उनका नाम इस टीम में होना चाहिए था क्योंकि टीम इंडिया के कई खिलाड़ी आराम कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज 3-2 से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया का सामना भारत से होगा।

एक तरफ जहां भारतीय टीम एशिया कप में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ खेल रही थी। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना दक्षिण अफ्रीका से था। ऑस्ट्रेलिया एक मजबूत टीम है। हरभजन ने कहा, आपको ऑस्ट्रेलिया को हराने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा क्योंकि उनके पास नंबर 7-8 तक अच्छी बल्लेबाजी है।

विश्व कप में भारत और ऑस्ट्रेलिया का सामना 8 अक्टूबर को होगा। उससे पहले, भारत 22 सितंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा जिसके लिए भारतीय टीम की घोषणा हो चुकी है।

## हमें हांगजू एशियाई खेलों में है हॉकी में पदक जीतने की आस : हरमनप्रीत सिंह

**नई दिल्ली,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 19 वें एशियाई खेलो में शिरकत करने के लिए बेंगलुरू से मंगलवार देर रात हांगजू( चीन) रवाना होने से पहले टीम के इन खेलों पदक जीतने की आस जताई। भारत पूल ए में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, मौजूदा चैंपियन जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ है। वहीं दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, मेजबन चीन, ओमान, थाईलैंड और इंडोनेशिया की टीमें पूल बी में हैं। पूल ए और पूल बी से शीर्ष दो-दो टीमें सेमीफाइनल में स्थान बनाएंगी। भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 24 सितंबर को पूल ए में उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैच से करेगी। भारत अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से 30 सितंबर को भिड़ेगा भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हमारी टीम ने हांगजू एशियाई खेलों के लिए जमकर तैयारी की



है। हमने बीते महीने चेन्नै में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 पुरुष हॉकी में अजेय रह कर खिताब जीता था। हमारा लक्ष्य एशियाई खेलों में भी इसी तरह का बढिया खेल जारी रखने पर है। बेशक हमारे पूल में कई मजबूत प्रतिद्वंद्वी हैं लेकिन हमें अपनी तैयारियों पर पूरा भरोसा है। हमें हांगजू एशियाई खेलों में हॉकी में पदक जीतने की आस है। वहीं भारत के उपकप्तान चतुर मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने कहा, हम हांगजू एशियाई खेलों के लिए जेहनी और शारीरिक रूप से एकदम बढियाा स्थिति में है। हमारा पूल खासा चुनौतीपूर्ण है। हमने हाल ही के महीनों में जैसा बढियाा प्रदर्शन किया है, हमारा लक्ष्य लगातार वैसा ही बढियाा प्रदर्शन जारी रखना है। हमारा लक्ष्य हांगजू (चीन) एशियाई खेलों से पदक के साथ लौटना है।

**हांगजू एशियाई खेलों के लिए 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम है**

**गोलरक्षक :** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक। **रक्षापंक्ति:** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान),अमित रोहिदास, जर्मनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, संजय। **मध्यपंक्ति :** हार्दिक सिंह(उपकप्तान), विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा, मनप्रीत सिंह, सुमित व शमशेर। **अग्रिम पंक्ति** :मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, गुरजंट सिंह, सुखजीत सिंह

## सार संक्षेप

### चेन्नईयिन एफसी ने लज़ार सिर्कोविच के साथ किया अनुबंध

**चेन्नई।** चेन्नईयिन फुटबॉल क्लब (एफसी) ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 सीजन से पहले सर्बियाई डिफेंडर लज़ार सिर्कोविच के साथ अनुबंध कर अपनी रक्षा पंक्ति को मजबूत किया। इंडियन सुपर लीग सीजन से पहले क्लब में अनुबंध कर शामिल किये जाने वाले सर्बियाई डिफेंडर पांचवें विदेशी खिलाड़ी है। चेन्नईयिन के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने क्लब की मीडिया टीम को बताया, हमें लजार सिर्कोविच को क्लब में लाकर बहुत खुशी हो रही है। हमने उसको अपने साथ लाने के लिए काफी मशक्कत की। कई क्लबों ने उसमें बहुत रुचि दिखाई थी क्योंकि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी है। सिर्कोविच ने 2022-23 सीज़न में हंगेरियन फर्स्ट डिवीजन में 17 मुकाबले खेले। उन्होंने एफके रेड, एफके पार्टिज़न बेलग्रेड और किस्वर्डा एफसी के लिए 146 मुकाबले खेले हैं। सिर्कोविच ने कहा, मैं भारतीय चुनौती के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं मैदान पर उतरने और अपनी नयी टीम के साथियों और प्रशंसकों के लिए मुकाबले का इंतजार नहीं कर सकता। जल्द ही मिलते हैं, चेन्नई।

### प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया ने लॉन्च किया विजाग ओपन

**विशाखापत्तनम।** प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब, विशाखापत्तनम के साथ मिलकर मंगलवार को एक नया कार्यक्रम विजाग ओपन लॉन्च किया, जो 20-23 सितंबर से ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन की कुल पुरस्कार राशि 1 करोड़ रुपये है। पीजीटीआई विजाग ओपन के उद्घाटन के साथ नए क्षेत्र की खोज कर रहा है क्योंकि यह दौरा आंध्र प्रदेश राज्य और प्रतिष्ठित ईस्ट पॉइंट गोल्फ क्लब में अपनी शुरुआत कर रहा है। इस टूर्नामेंट को सपोर्ट कर रहे हैं- मेजबान वेन्यू ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब, पावर्ड बाय पार्टनर्स वीपीआर बिल्डर्स और देवी सीफूड्स। साथ ही एसोसिएट पार्टनर्स स्टील सिटी सिक्योरिटीज लिमिटेड, एसआरके इंफ्रा, नेक्कंती, विश्व समुद्र, अल्ट्रा डायमेंशन ग्रुप, लॉरस लैब्स, जीएमएम पीफॉडलर, सोमा डेवलपर्स का भी समर्थन प्राप्त है। इस आयोजन में भाग लेने वाले प्रमुख भारतीय पेशेवरों में ओलंपियन उदयन माने, पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट लीडर ओम प्रकाश चौहान, अमन राज, सुनहित बिश्नोई और हर्षजीत सिंह सेठी जैसे कुछ नाम शामिल हैं। इस आयोजन में विदेशी प्रतिभागियों में श्रीलंका के एन थंगराजा और मिथुन परेरा, बांग्लादेश के बादल हुसैन और मोहम्मद अकबर हुसैन, नेपाल के सुकरा बहादुर राय, अंडोरा के केविन एस्टेव रिगैल और कनाडा के सुखराज सिंह गिल शामिल हैं।

## 8 खिलाड़ियों, अधिकारियों पर ईसीबी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तहत आरोप लगाया गया

दुबई, 19 सितम्बर (एजेंसियां)। टी टेन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित 2021 टी10 टूर्नामेंट के आठ प्रतिभागियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर निराशा व्यक्त की। टी टेन ने एक बयान में कहा,हम इस प्रकृति के सभी आरोपों को गंभीरता से लेते हैं और किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार के लिए हमारी शून्य-सहिष्णुता की नीति है। हम टी10 टूर्नामेंट के अपने कैलेंडर पर आईसीसी के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे और क्रिकेट की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए हमारे नियंत्रण में सब कुछ करेंगे।

इससे पहले, अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी10 लीग के दौरान ईसीबी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए कई खिलाड़ियों और अधिकारियों पर आरोप लगाया था। आठ खिलाड़ियों, अधिकारियों और टीम मालिकों पर भ्रष्टाचार रोधी संहिता के विभिन्न मामलों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। आरोप 2021 अबू धाबी टी10 लीग के संबंध में हैं। उक्त टूर्नामेंट 19 नवंबर, 2021- 4 दिसंबर, 2021 के बीच हुआ। टूर्नामेंट में छह टीमें खेलीं।

ईसीबी की ओर से यह कहा गया, वे लीग में मैचों को भ्रष्ट करने के प्रयासों से संबंधित हैं। इन प्रयासों को बाधित किया गया था। ईसीबी ने टूर्नामेंट के दौरान ईसीबी के कोड के प्रायोजनों के लिए आईसीसी को नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी (डीएसीओ) के रूप में नियुक्त किया। इस प्रकार, आईसीसी ये आरोप जारी कर रहा है। बयान में कहा गया है कि छह आरोपियों - कृष्ण कुमार चौधरी, पराग सांघवी, अज़हर जैदी, रिज़वान जावेद, सलिया समन और सनी ढिल्लों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है और सभी के पास आरोपों का जवाब देने के लिए 19 सितंबर 2023 से 14 दिन का समय है।

## भारत के फीफा एथलीट हांगझाऊ एशियाई खेलों के लिए रवाना

**नई दिल्ली,** 19 सितंबर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित बहु-खेल टूर्नामेंटों में से एक में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार, भारत के फीफा ऑनलाइन 4 स्टार चरणजोत सिंह और करमन सिंह ईए स्पोर्ट्स एफसी ऑनलाइन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए हांगझाऊ के लिए रवाना हो गए हैं। 2018 में एक प्रदर्शन कार्यक्रम के रूप में प्रदर्शित होने के बाद, ईस्पोर्ट्स एशियाई खेलों 2022 में एक आधिकारिक पदक खेल के रूप में अपनी पूर्ण शुरुआत करेगा। दोनों एथलीटों ने एशियाई खेल 2022 के लिए हाल ही में आयोजित सीडिंग इवेंट के दौरान अपनी छाप छोड़ी, जिसमें चरणजोत सिंह ने दक्षिण एशियाई क्षेत्र में शीर्ष वरीयता हासिल की, जबकि करमन सिंह ने पांचवीं वरीयता हासिल



की। दोनों एथलीट, जो वैश्विक फीफा समुदाय में प्रसिद्ध नाम हैं, ने एस्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईएसएफआई) द्वारा आयोजित नेशनल ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप (एनईएससी) के फाइनल में पहुंचकर एशियाई खेल 2022 में अपना स्थान अर्जित किया। टूर्नामेंट के करीब आने पर अपनी भावना व्यक्त करते हुए, चरणजोत सिंह ने कहा- जैसे-जैसे टूर्नामेंट नजदीक आ रहा है, यह अवास्तविक लगता है कि एशियाई खेलों 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना आखिरकार वास्तविकता बन रहा है। करमन और मैं दोनों अपना प्रदर्शन करने के लिए लगातार प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस मंच पर महाद्वीप के बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ कौशल दिखाने, अपने देश को गौरवान्वित करने और एक ऐतिहासिक पदक घर लाने के लिए दृढ़ हैं। एशियाई खेल 2022 भारतीय ईस्पोर्ट्स के लिए खुद को वैश्विक मंच पर एक पावरहाउस के रूप में घोषित करने का एक बड़ा अवसर है। मैं टूर्नामेंट में पदक खेल के रूप में ईस्पोर्ट्स की पहली उपस्थिति में देश का झंडा उठाने वाले पहले एथलीटों में से एक होने पर सम्मानित महसूस करता हूं।

## अगर जोकोविच ने ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड नहीं बनाया होता तो वो निराश होते : राफेल नडाल

**मैड्रिड (स्पेन),** 19 सितंबर (एजेंसियां)। दिग्गज टेनिस स्टार और 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने कहा है कि उनके प्रतिद्वंद्वी नोवाक जोकोविच ने सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का रिकॉर्ड नहीं बनाया होता तो वे खुद से काफी निराश होते। पिछले हफ्ते, जोकोविच ने यूएस ओपन में अपना 24वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता, जिसने एक दिग्गज खिलाड़ी के रूप में उनकी पहचान को और मजबूत कर दिया है।

वह यह खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति हैं और उन्होंने पुरुष या महिला टेनिस में सर्वाधिक जीत के मामले में मार्गरेट कोर्ट की बराबरी कर ली है। नडाल ने स्पेनिश डिजिटल प्लेटफॉर्म मूवीस्टार प्लस को बताया, मैं किसी भी कारण से निराश नहीं हूं। मेरा मानना है कि अपनी क्षमता के अनुसार मैंने यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया है कि चीजें मेरे हिसाब से चलते रहे। नोवाक



निराश हो सकते हैं क्योंकि उन्होंने हर चीज को अधिक तीव्रता से जीता है और यही कारण है कि वह सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं कई वर्षों से सर्किट पर सबसे निष्क्रिय खिलाड़ियों में से एक रहा हूं, मैंने साढ़े चार साल तक ग्रैंड स्लैम मिस किया है। खेल का मतलब ही यही है। जोकोविच इसलिए भी अधिक सफल हैं क्योंकि उनके पास फिटनेस है जिसने उन्हें मुझसे अधिक खेलने की अनुमति दी है।

नडाल, इस साल की शुरुआत में कूल्हे की सर्जरी के बाद 2024 में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह 2024 में ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन या किसी अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट को जीतने की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। 37 वर्षीय स्पैनियार्ड जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैकेंज़ी मैकडोनाल्ड के दूसरे दौर में हार के दौरान कूल्हे की मांसपेशियों में चोट लगने के बाद से प्रतिस्पर्धी टेनिस से अनुपस्थित हैं।

वह इस साल के फ्रेंच ओपन से चूक गए, एक टूर्नामेंट जिसमें वह 14 खिताबों के साथ 18 वर्षों से एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। इसके अतिरिक्त, वह विंबलडन और हाल ही में समाप्त हुए यूएस ओपन से भी चूक गए। नडाल ने आगे कहा कि वह 27 जुलाई से 4 अगस्त तक रौलां गैरो में आयोजित 2024 पेरिस ओलंपिक में अपना करियर समाप्त कर सकते हैं।

नडाल, 20 वर्षों में पहली बार दुनिया के शीर्ष 100 खिलाड़ी की लिस्ट से बाहर हो गए हैं। वर्तमान में, वह वर्ल्ड नंबर 237 की रैंक पर हैं।

## एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट के लिए दावा कर सकती हैं दीक्षा

**होल्ज़हौसर्न,** स्विट्जरलैंड, 19 सितंबर (एजेंसियां)। 22 वर्षीय दीक्षा डागर लेडीज यूरोपियन टूर की ऑर्डर ऑफ मेरिट रेस टू कोस्टा डेल सोल में शीर्ष स्थान हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही हैं। 22 वर्षीय भारतीय, जिसने एलईटी टूर पर अपने करियर का दूसरा खिताब जीता, अब तीसरे स्थान पर है, लेकिन दूसरे स्थान पर मौजूद स्पेन की एना पेलेज़ ट्रिविनो से केवल कुछ अंक पीछे है। फ्रांस की सेलीन बाउटियर दौड़ में सबसे आगे हैं और दीक्षा को उनसे आगे निकलने के लिए, घरेलू इवेंट, हीरो महिला इंडियन ओपन सहित शेष पांच स्पर्धाओं में कुछ और अच्छे परिणामों की आवश्यकता होगी। दीक्षा ने कहा, मैं बहुत आश्वस्त हूं और अच्छा खेल रही हूं। मैं इस सप्ताह एलईटी टूर का ध्यान सोलहेम कप पर केंद्रित होने के कारण ब्रेक ले रही है। इस सीजन की 22 शुरुआतों में दीक्षा ने एक बार जीत हासिल की है और छह बार टॉप-10 में रही है। फिर भी सीजन का उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन एआईजी महिला ओपन में टी-21 भी रहा है, जहां उनका परिणाम महिला मेजर में किसी भारतीय महिला द्वारा हासिल किया गया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। दीक्षा के लिए दुर्भाग्य की बात यह रही कि वह एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने से चूक गईं। कुछ महीने पहले हुए ट्रायल में वह टॉप-2 में जगह नहीं बना पाईं, जिसके बाद से उनका प्रदर्शन शानदार रहा है।